पलवल

RNI No. HARHIN/2021/81389

www.deshrojana.com

वर्षः 3, अंकः 137,
सोमवार,
06 मई 2024
पृष्ठः 12
मूल्यः 4 रुपये

देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक

बेबाक सच...

स्पोर्ट्स

P 11

फॉर्म में लौटे सिराज, आरसीबी की जीत में निभा रहे भूमिका

सोना (24 कैरेट)
₹ 73,420.00
प्रति 10 ग्राम

चांदी
₹ 830
प्रति 10 ग्राम

मौसम
सूर्योदय...5:37 (बजे)
सूर्यास्त...7:00 (बजे)
अधिकतम...41⁰(+2)
न्यूनतम... 28⁰(+2)

P 03

किरण चौधरी ने किया राव दान सिंह के कार्यालय का उद्घाटन

न्यूज Window

राफा में मारा गया इस्लामिक जिहाद कमांडर

एजेंसी, यरूशलम। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद राफा ब्रिगेड के एक वरिष्ठ कमांडर ऐमान जाराब को मार गिराया। आईडीएफ ने बताया कि दक्षिणी गाजा शहर में हवाई हमले किए गए, जिसमें ऐमान जाराब मारा गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आईडीएफ के हवाले से बताया कि जाराब ने 7 अक्टूबर को किबुत्ज सूफा और गाजा पट्टी की सीमा से लगी सूफा सैन्य पोस्ट पर हमले के दौरान इस्लामिक जिहाद की विशिष्ट सेनाओं को निर्देशित किया था। आईडीएफ के अनुसार, जाराब ने कई हमलों की कमान और निर्देशन किया था। पिछले कुछ दिनों में उसने इजरायली सेना के खिलाफ दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई के लिए इस्लामिक जिहाद की तैयारियों का नेतृत्व किया था। इजरायली सेना ने बताया कि हमले के दौरान जाराब के साथ दो अन्य इस्लामिक जिहाद कार्यकर्ता भी मारे गए।

कांग्रेस ने पुरी से जय नारायण पटनायक को बनाया उम्मीदवार

एजेंसी, भुवनेश्वर। कांग्रेस ने शनिवार रात को ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से जय नारायण पटनायक को अपना उम्मीदवार नामित किया है। कांग्रेस ने एक बयान में कहा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुचारिता मोहंती के स्थान पर जय नारायण पटनायक को उम्मीदवार बनाया है। दरअसल ओडिशा के पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। सुचरिता ने चुनाव लड़ने के लिए फंड नहीं मिलने की बात कही थी। उन्होंने कहा था यह स्पष्ट है कि केवल फंड की कमी ही हमें पुरी में विजयी अभियान से रोक रही है। मुझे दुख है कि पार्टी फंडिंग के बिना पुरी में अभियान चलाना संभव नहीं होगा। इसलिए, मैं पुरी लोकसभा सीट से अपना कांग्रेस का टिकट लौटा रही हूं।

दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम प्रमुख देवेंद्र यादव ने संभाला पदभार

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभालने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। यादव ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया। यादव ने कहा, मुझे इस पद के लिए नामित करने को लेकर मैं कांग्रेस को धन्यवाद देता हूं। मैं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय माकन का आभारी हूं। कांग्रेस नेता ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया।

अयोध्या में पीएम मोदी ने रामलला के दर्शन किए, उतारी आरती

अयोध्या के 'रामपथ' पर खुली जीप में किया रोड शो, उमड़ पड़ी भारी भीड़

- सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक रोड शो के लिए बनाए गए 75 ब्लॉक

एजेंसी, अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में उन्होंने रामलला का दर्शन किया। मोदी ने राम मंदिर में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया और पूरी तरह लेटकर आशीर्वाद मांगा। मोदी मंदिर में करीब 15 मिनट रहे और इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने पूजन और आरती भी की। रामलला के दर्शन के बाद प्रधानमंत्री ने अयोध्या में एक रोड शो भी किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पीएम मोदी के साथ इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लल्लू सिंह भी मौजूद थे।

मोदी ने अयोध्या से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद लल्लू सिंह के समर्थन में फूलों और बैनर से सजे एक खुले वाहन (रथ) पर सवार होकर रोड शो शुरू किया। मोदी राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के पास सुग्रीव किला से रथ पर सवार हुए। प्रधानमंत्री के अभिनंदन व स्वागत के लिए राम पथ के दोनों तरफ जनता काफी पहले से उनका इंतजार कर रही थी. इस दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। भाजपा के एक नेता ने बताया कि सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक करीब दो किलोमीटर की दूरी के बीच मोदी के रोड शो के लिए 75 ब्लॉक बनाये गये हैं जहां हर वर्ग के लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद हैं।

रथ के आगे महिलाएं चल रही हैं। लोग जयश्री राम के नारे लगा रहे हैं। मोबाइल की लाइट जलाकर पीएम का अभिवादन कर रहे हैं। जिस रामपथ से पीएम का रोड शो निकल रहा है, उसे फूलों से सजाया गया है। बड़ी संख्या में साधु-संत भी रोड शो में पहुंचे हैं। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी का यह पहला दौरा है। चुनाव के बीच अयोध्या में रोड शो करने वाले मोदी पहले पीएम हैं। रोड शो से पीएम पूरे देश को साधेंगे।

चायवाले ने शाही परिवार की तोड़ी कुप्रथा: मोदी

एजेंसी, इटावा/ सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इटावा और सीतापुर में रैली को संबोधित किया। इटावा में पीएम ने कहा- शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बने, यह कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी। पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। मगर, इस बार मंदिर के दर्शन बंद हैं। पीएम ने मंच से मुलायम सिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली। मुलायम सिंह के सगे भाई (शिवपाल यादव) भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई। सीतापुर में पीएम ने कहा- मोदी जब तक जिंदा है, एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण को खत्म नहीं होने देगा। मैं छोटी काशी की इस धरती से सवाल उठा रहा हूं कि क्या सत्ता में आए तो राम मंदिर को भी अस्पताल बना दोगे? क्या काशी विश्वनाथ पर भी बुलडोजर चलाओगे? मोदी बड़े सपने लेकर चलता है। अब तक हो हुआ है, वह ट्रेलर है।

मतदान तक अमेठी-रायबरेली में ही रहेंगी प्रियंका गांधी वाड्रा

- दोनों ही सीटों पर चुनाव प्रचार अभियान का प्रियंका करेंगी नेतृत्व

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी में लोकसभा चुनाव प्रचार का नेतृत्व करेंगी तथा दोनों सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से उत्तर प्रदेश के इन संसदीय क्षेत्रों में डेरा डालेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कई दिनों से जारी असमंजस को खत्म करते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पिछले दो दशकों से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वहीं, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे।

प्रियंका गांधी ने पहले ही प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है और सोमवार से चुनाव खत्म होने तक वह रायबरेली तथा अमेठी में डेरा डाले रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रियंका अपने भाई राहुल गांधी और शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आक्रामक तरीके से प्रचार करेंगी। राहुल गांधी के पूरे भारत में प्रचार करने के साथ, प्रियंका गांधी ने पारिवार के दोनों गढ़ में प्रचार अभियान की कमान संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने रायबरेली से बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करने और अमेठी में फिर से पार्टी को विजय दिलाने का संकल्प लिया है। अमेठी में भाजपा की नेता स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराया था। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, वह (प्रियंका गांधी) अमेठी और रायबरेली में प्रचार अभियान की अगुवाई करेंगी। वह दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होने तक वहीं रहेंगी।

'बेअदबी' के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी, फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में एक गुरुद्वारे में कथित तौर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने के आरोप में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ये घटना शनिवार की है।

पुलिस ने बताया कि तल्ली गुलाम गांव के निवासी बख्शीश सिंह उर्फ. गोला (19 वर्ष) ने बंडाला गांव में स्थित गुरुद्वारे में प्रवेश करने के बाद सिखों की पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की। इसके बाद मौके पर ही उसे पकड़ लिया गया और भीड़ ने बख्शीश सिंह को पीट-पीटकर मार डाला। घटना का एक वीडियो भी सामने आए है। जिसमें बख्शीश को कुछ लोगों के समूह ने पहले घेरा, फिर उसके साथ मारपीट की। बाद में पुलिस उसे एक निजी अस्पताल ले गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

दिल्ली हाईकोर्ट बोला, स्कूल में एसी का खर्च उठाएं अभिभावक

- कहा, मैनेजमेंट पर आर्थिक बोझ नहीं डाल सकते, लैब-स्मार्ट क्लास की तरह एसी सुविधा

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में एयर कंडीशनिंग (एसी) का खर्च वहां पढ़ने वाले बच्चों के पेरेंट्स को उठाना होगा। एसी बच्चों की सुविधा के लिए लगाया जाता है।

इसलिए, इसका आर्थिक बोझ अकेले स्कूल मैनेजमेंट पर नहीं डाला जा सकता है। कोर्ट ने 2 मई को एक पेरेंट्स की याचिका पर फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि एसी का चार्ज लैबोरेटरी और स्मार्ट क्लास के लिए दी जाने वाली फीस की तरह है।

स्कूल चुनते समय फीस का ध्यान रखें पैरेंट्स

कोर्ट ने कहा कि सेशन 2023-34 के लिए स्कूल ने जो फीस रसीद जारी की है, उसमें एयर कंडीशनर के लिए अलग से पैसों का जिक्र है। इसलिए पेरेंट्स को स्कूल चुनते समय वहां दी जाने वाली सुविधाओं और कीमत का ध्यान रखना चाहिए।

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर 2.80 करोड़ की विदेशी मुद्रा बरामद

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

सीआईएसएफ ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर लगभग 2.80 करोड़ की फॉरेन करेंसी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक, आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर सीआईएसफ निगरानी और खुफिया कर्मचारियों ने चेक-इन क्षेत्र में एक यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा और बाद में यात्री की पहचान जंग जोंग चोई (कोरियाई नागरिक) के रूप में हुई, जो थाई एयरवेज एयरलाइंस से दिल्ली से बैंकॉक की यात्रा करने वाला था।

पूछताछ करने पर वह इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा ले जाने के वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए यात्री को लगभग 2.80 करोड़ रुपये मूल्य के 3,39,000 अमेरिकी डॉलर के साथ कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

इस्कॉन इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का निधन

- दुनिया भर में दर्जनों मंदिरों और सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण का उठाया था बीड़ा

एजेंसी, देहरादून



इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी का आज देहरादून में हृदय संबंधी बीमारियों के कारण सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर निधन हो गया। 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी एक मेधावी छात्र थे, जिन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थीं।

उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान श्री कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने भारत, कनाडा, केन्या, पाकिस्तान, सोवियत संघ और दुनिया के अन्य हिस्सों में आउटरीच और समुदाय-निर्माण के प्रयासों की देखरेख की।

उन्होंने दुनिया भर में दर्जनों मंदिरों और सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण का बीड़ा उठाया, जिसमें नई दिल्ली में प्रसिद्ध ग्लोरी ऑफ इंडिया वैदिक सांस्कृतिक केंद्र शामिल है, जिसका उद्घाटन भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और पुणे में इस्कॉन एनवीसीसी, जिसका उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया था।

बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने, 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

एजेंसी, अनंतनाग। कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

रेप के आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

- डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के जरिए जेडीयू के सांसद प्रज्वल रेवन्ना गए थे जर्मनी

एजेंसी, बेंगलुरु

यौन अपराधों के आरोपी कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के बारे में जानकारी जुटाने के लिए केंद्रीय सूचना ब्यूरो की ओर से ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है।

प्रज्वल रेवन्ना के बारे में बताया जा रहा है कि वे जर्मनी में हैं। वे वहां वह डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के जरिए गए थे। लोकसभा चुनाव के बीच पिछले हफ्ते रेवन्ना के खिलाफ रेप के आरोप सार्वजनिक हो गए थे। रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किए जाने की पुष्टि करते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि मामले की जांच करने वाले अब उसका पता लगाएंगे। उन्होंने कहा, इसके बाद एसआईटी अपनी प्रक्रिया करेगी और उसे यहां लाएगी। एक बार सब कुछ हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस सरकार दुष्कर्म पीड़िताओं को देगी वित्तीय सहायता

बेलगावी। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की थी कि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुरजेवाला ने कहा, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सैकड़ों की संख्या में दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता की घोषणा की है, क्योंकि यह एक विशिष्ट मामला है जो पिछले 75 वर्षों में कभी नहीं हुआ है।

तिरछी नजर

धर्मेंद्र व्यास

सूरत में भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाला मौलवी गिरफ्तार

- मारने के लिए एक करोड़ रुपये की ली सुपारी, सूची में नूपुर शर्मा और टी राजा के नाम शामिल

एजेंसी, सूरत

भाजपा और हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को सूरत से एक मौलवी मोहम्मद सोहेल उर्फ अबु-बकर तीमोल को गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के निशाने पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदू सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा और सुदर्शन टीवी के चीफ एडिटर सुरेश चव्हाणके थे।

सूरत पुलिस के मुताबिक, 27 साल का मौलवी मोहम्मद सोहेल मदरसे का टीचर भी है। वो पिछले दो साल से पाकिस्तान के डोंगर और नेपाल के शहनाज के साथ वॉट्सऐप के जरिए संपर्क में था। वॉट्सऐप चैट में वे भारत में नबी की गुस्ताखी में दखल दिए जाने और ऐसे लोगों को सीधा करने की बात कर रहे हैं। उपदेश राणा की हत्या के लिए एक करोड़ रुपये सुपारी की भी चैट में चर्चा हुई है।

मौसम

बढ़ती गर्मी का लोकसभा चुनाव पर भी असर पड़ने की आशंका

ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ा भारत में लू का खतरा

प्रभाव

- हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में चल सकती है पांच से सात दिन हीटवेव

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

मई का महीना आते ही उत्तर भारत के कई हिस्सों में गर्मी का बढ़ता प्रभाव भी देखने को मिलने लगा है। साथ ही अभी भी देश भर के कई हिस्सों में पांच चरण के मतदान बाकी हैं और बढ़ती गर्मी का असर लोकसभा चुनावों पर भी देखने को मिल सकता है।

इसी बीच भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल डॉ. एम मोहापात्रा ने एक हिंदी चैनल को दिए इंटरव्यू में आगाह किया कि

ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हीटवेव/लू की तीव्रता देश में बढ़ती जा रही है। इस साल मई के दौरान देश के 15 राज्यों में लू के दिन औसत से ज्यादा रहने का पूवार्नुमान है। ये वो राज्य हैं जहां लोकसभा के पांच चरण के मतदान बाकी हैं और इन्हें 7 मई से 1 जून, 2024 के बीच पूरा किया जाएगा।

डायरेक्टर जनरल डॉ। एम मोहापात्रा ने कहा, भारत मौसम विज्ञान विभाग सीजनल लेवल पर प्रिडिक्शन जारी करते हैं और क्लाइमेट फॉरकास्टिंग सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए हमने मई में तापमान कैसा रहेगा, इसका अनुमान लगाया है। समुद्र में, लैंड में और वातावरण का ऑब्सरवेशन लिया जाता है और इन्हें इकट्ठा करके हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटेशन के जरिए पता चलता है कि अगले महीने का तापमान कैसा रहेगा।

उन्होंने कहा, वेस्टर्न साइड, गुजरात, राजस्थान, वेस्ट मध्यप्रदेश आदि क्षेत्रों में मई के महीने में आठ से 11 दिनों तक हीटवेव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश का बच्चा हुआ हिस्सा, झारखंड, बिहार, दिल्ली, पंजाब में जहां अक्सर तीन-चार दिन के लिए हीटवेव होता है, वहां आपको मई में पांच से सात दिन तक हीटवेव देखने को मिल सकती है।

चुनावों पर हीटवेव के असर पर बात करते हुए डॉ। मोहापात्रा ने कहा, चुनावों की तैयारी के लिए हमने क्लाइमेट की जानकारी दी थी और हमने यह भी बताया था कि किस दिन कहां हीटवेव हो सकती है।

चुनाव कार्यक्रम में लगे लोगों पर हो सकता है असर

चुनावी गतिविधियों में सक्रिय लोगों पर हीटवेव का ज्यादा असर हो सकता है। उत्तर पूर्वी भारत में भी तेज हवाएं चलने के साथ हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आम लोगों को सलाह दी है कि हीटवेव से बचने के लिए वो अपने घरों से कम से कम बाहर निकलें। उन्होंने कहा, अगर बहुत जरूरी हो तो छतरी लेकर निकले, ढीले कपड़े पहने, पानी ज्यादा से ज्यादा पिएं।

दिल्ली में छठे दिन सबसे ज्यादा 51 उम्मीदवारों के नामांकन

- वहीं, आप के चार व कांग्रेस के दो उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं

देश रोजाना ब्यूरो, दिल्ली

नामांकन के छठे दिन सबसे ज्यादा 51 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सातों लोकसभा सीटों से भाजपा के सभी प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। वहीं, आप के चार व कांग्रेस के दो उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। अब सिर्फ उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार का नामांकन शेष है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश है और सोमवार को नामांकन की अंतिम तिथि है।

मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार कई उम्मीदवारों ने एक सेट से ज्यादा नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसके अलावा कवरिंग उम्मीदवारों ने भी नामांकन किया है। 51 प्रत्याशियों ने 71 पर्चे दाखिल किए। अब तक कुल 141 उम्मीदवारों ने 186 नामांकन पत्र भरे हैं। बसपा उम्मीदवारों ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली, चांदनी चौक, दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली से नामांकन किया है। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने शनिवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने मंदिर में श्रीराम का आशीर्वाद लेकर रोड शो किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत समेत विधायक व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ढोल-नगाड़ों के साथ निकले नामांकन जुलूस में कार्यकताओं ने तिरंगा व पार्टी के झंडे के साथ केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस मौके पर महाबल ने कहा कि इस बार मुझे कोई चुनौती नहीं दिखाई दे रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों के मन में रोष है। वे गरीबों की मदद करते हैं। उनकी गारंटी हर घर में दिखाई देती है। फ्री बिजली, मुफ्त पानी की सुविधा लोगों को मिल रही है। दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर किया। मोहल्ला क्लीनिक बनवाए। अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसे महंगे टेस्ट मुफ्त में होते हैं। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा योजना चलाई। महिलाओं को फ्री बस यात्रा की सुविधा दी। वहीं, पीएम की गारंटी जुमले के अलावा कुछ नहीं है। यह चुनाव 2009 के चुनाव की तरह दिखाई दे रहा है। लोगों में इस बार गठबंधन को जिताने का जज्बा है। भाजपा ने छह सांसदों के टिकट काटकर खुद ही हार मान ली है, क्योंकि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। वहीं, संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के बेटे केजरीवाल को जेल में डालने से लोगों में काफी गुस्सा है। दिल्ली की जनता जेल में डालने वाले को वोट से जवाब देगी। भाजपा का 400 पार का नारा फर्जी है। चुनावी हलफनामे के अनुसार महाबल के पास 19.93 करोड़ की संपत्ति है। इसमें 4.16 करोड़ की चल और 15.77 करोड़ की अचल संपत्ति है। वहीं पत्नी उर्मिला के पास 23.10 करोड़ की संपत्ति है।

चुनाव जिंदा रहने की लड़ाई है : लालू यादव

- उन्होंने लिखा कि देश की 140 करोड़ जनता गंभीरता से काफी चीजें सोच रही है

एजेंसी, पटना

लोकसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप की सियासत जारी है। शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने सोशल मीडिया पर 10 प्वाइंट लिखकर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की। लालू प्रसाद ने लिखा कि यह चुनाव मरने की नहीं ज़िंदा रहने की लड़ाई का चुनाव है। उन्होंने लिखा कि देश की 140 करोड़ जनता गंभीरता से काफी चीजें सोच रही है।

वहीं लालू के बयान के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार के करीबी और बिहार सरकार ने करीबी मंत्री विजय चौधरी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संविधान कहां खतरे में है? कौन ऐसी बात हो रही है जो संविधान के अनुरूप नहीं है। अभी तो चुनाव हो रहा है। राजद, पीएम और सीएम सभी अपने पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। वोट मांगना संविधान खतरे में डालना होता है क्या? विपक्ष के लोग जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे।

चुनाव से पहले सीएम साय ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- 11 की 11 सीटें जीतने का किया दावा
- यह चुनाव अभियान अनेक मायनों में अनोखा रहा है

एजेंसी, रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय ने बीजेपी जिला कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेसवार्ता लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। दावा करते हुए कहा कि भाजपा 11 सीटें जीतकर विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी इतिहास रचेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए भी यह चुनाव अभियान अनेक मायनों में अनोखा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनता से सीधे जुडने का यह पहला अवसर था। इस दौरान 20 मार्च से 4 5 तक छत्तीसगढ़ में 66 बड़ी जनसभाएं की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश और ओडिशा में 6 आमसभाएं और रोड शो भी की। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी बस्तर मे 2 सहित सभी ग्यारह लोकसभा सीटों मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन कर कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी।

सीएम ने कहा कि कहा कि प्रदेश में पीएम मोदी, भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी राष्ट्रीय नेताओं की भी लगातार सभाएं हुईं। पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा कर देने के लिए हमारे पास जहां एक बड़ा विजन है।

जहां हम अपनी योजनाओं, रोडमैप और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच थे, वहीं देश भर में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने नकारात्मकता और दुष्प्रचार, बदजुबानी की सारी सीमाएं लांघ दी।

विशेषकर अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में, जहां की तासीर के बारे में सारा देश जानता है, जो सभ्यता और संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रशंसित चर्चित है। वहां पर कांग्रेस ने जिस तरह का झूठ, दुष्प्रचार और शालीनता की सीमा पार की, उसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ में बंद रहेंगी शराब दुकानें

एजेंसी, रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। चुनावी प्रचार के साथ ही सभी शराब की दुकानें भी बंद रहेगी। इसके लिए आबकारी विभाग ने आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। तीसरे चरण के मतदान के 48 घंटे पहले शराब दुकानें बंद रहेंगी। यह आदेश रायपुर सहित दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा लोकसभा क्षेत्रों लागू के लिए रहेगा। प्रदेश में सातों सीटों पर ड्राई डे घोषित किया गया है। वहीं आठ मई को प्रदेश में शराब की दुकानें खुल जाएंगी। प्रदेश के 11 में से चार लोकसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान हो चुका है। अब तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने प्रशासन की अनूठी पहल

- जनजाति के लोगों ने नृत्य कर दिखाया अपना उत्साह

एजेंसी, बलरामपुर

बलरामपुर रामनुजगंज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदान को महज दो दिन शेष हैं। वहीं एक तरफ जिला प्रशासन जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों का अद्भूत उत्साह देखने को मिल रहा है, ये लोग अपने पारंपरिक नृत्य एवं रिति रिवाजों के अनुरूप घर-घर जाकर लोगों को चावल (अक्षत) एवं साल के पत्ते पर मतदान की तिथि एवं समय अंकित कर मतदान के लिए न्यौता दे रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निदेर्शानुसार जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वाले चिन्हांकित बसाहटों में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत पारंपरिक नृत्य एवं रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरलता से जीवन-यापन करने वाले इन विशेष पिछड़ी समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर आगामी लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाया जा रहा है।

भाजपा के रहते कभी आरक्षण खत्म नहीं होगा : सीएम साय

एजेंसी, बेमेतरा। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा व नवागढ़ में 7 मई को मतदान होना है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर से वर्तमान सांसद विजय बघेल चुनावी मैदान में है। इनके प्रचार को लेकर सीएम विष्णु देव साय जिले के दौरे पर रहें। उन्होंने जिले के नवागढ़ में जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस कई तरह के अफवाह फैला रहीं है, जिसमें कहा जा रहा है कि भाजपा की 400 सीट आने पर संविधान को खतरा है, आरक्षण खत्म हो जाएगा। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं है। भाजपा के रहते न तो संविधान को खतरा है और न ही एसटी, एससी व ओबीसी आरक्षण खत्म किया जाएगा। प्रदेश के सभी 11 सीट भाजपा जीत रहीं है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश के लोगों के साथ छल किया है।

हिमाचल में राजनीतिक दलों ने युवाओं और महिलाओं पर किया फोकस

- प्रदेश में दोनों श्रेणी वोटरों की संख्या 39 लाख के आसपास है

एजेंसी, शिमला

हिमाचल में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में राजनीतिक दल महिला और युवा वोटरों को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए जोर लगा रहे हैं। प्रदेश में दोनों श्रेणी वोटरों की संख्या 39 लाख के आसपास है। कांग्रेस ने जहां युवाओं को रिझाने के लिए को रोजगार, महिलाओं को हर महीने 1500-1500 रुपये देने को चुनावी मुद्दा बनाया है, वहीं भाजपा युवाओं को रोजगार न देने और महिलाओं को महिला सम्मान निधि योजना के नाम पर ठगी का आरोप लगा रही है।

राज्य निर्वाचन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो हिमाचल प्रदेश में 56 लाख 38 हजार 422 मतदाता हैं। इनमें 27 लाख 59 हजार 187 महिला वोटर शामिल हैं। युवा वोटरों की संख्या 11 लाख के आसपास है।

इनमें 1 लाख 38 हजार 918 युवा पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। इसमें भी संबंधित क्षेत्र के युवा मतदान करेंगे। युवा और महिला वोटरों की संख्या को देखते हुए राजनीतिक दल इन्हें रिझाने की कोशिश में लगे हैं।

इसके लिए छात्र संगठनों की मदद ली जा रही है। कांग्रेस के लिए एनएसयूआई के कार्यकर्ता पंचायतों में जाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं। वहीं, भाजपा भी एबीवीपी को फील्ड में भेजकर युवाओं को जोड़ने में लगी है।

वहीं दोनों दलों की महिला विंग भी अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए चुनाव के चलते प्रचार में डटा है। भाजपा ने चारों संसदीय क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं जबकि कांग्रेस पार्टी ने अभी तक शिमला और मंडी संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों की घोषणा की है। इन दोनों संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार सिर चढ़कर बोल रहा है।

गुरिंदर सिंह महाराज से मिले सीएम सुक्खू और आनंद शर्मा

- गुरुओं का आशीर्वाद सदैव प्रदेश और आम जनता के लिए लगन के साथ काम करने की ऊर्जा देता है

एजेंसी, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और आनंद शर्मा जो कि कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं उन्होंने राधा स्वामी सत्संग परिसर परौर में डेरा प्रमुख महाराज गुरिंदर सिंह से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि "आज कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी आनंद शर्मा, मंडी से विक्रमादित्य सिंह तथा शिमला से विनोद सुल्तानपुरी के साथ राधा स्वामी सत्संग व्यास के डेरा प्रमुख बाबा से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग में भाग लिया। गुरुओं का आशीर्वाद सदैव प्रदेश और आम जनता के लिए लगन के साथ काम करने की ऊर्जा देता है।"

बता दें कि 71 वषीय आनंद की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ काफी नजदीकियां हैं। सुक्खू को प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ाने में आनंद शर्मा की अहम भूमिका मानी जाती है। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बड़ा दांव खेलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है।

कौन हैं आनंद शर्मा

5 जनवरी, 1953 में शिमला में जन्मे आनंद शर्मा ने आरपीसीएएडीबी कॉलेज (अब आरकेएमवी) और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पढ़ाई की। एनएसयूआई के संस्थापक सदस्य रहे आनंद शर्मा 2006 से 2009 तक विदेश राज्य मंत्री, 2009 से 2014 तक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग व कपड़ा मंत्री, 8 जून 2014 से 2022 तक विपक्ष में उपनेता रहे।

तीसरे चरण के मतदान को लेकर तैयारी पूरी

एजेंसी, बिलासपुर। बिलासपुर में तीसरे चरण के मतदान को लेकर जिला निर्वाचन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत कुल 8 विधानसभा शामिल हैं, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 21 लाख 94 हजार 570 है। इसमे पुरुष मतदाता-10 लाख 55 हजार 962, महिला मतदाता-10 लाख 46 हजार 626 और तृतीय लिंग मतदाता-99 हैं।वहीं बिलासपुर लोकसभा में कुल 2225 मतदान केंद्र है, इसमें 198 संवेदनशील मतदान केंद्र है, जहां सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए पानी, धूप से बचने की व्यवस्था और शौचालय कि व्यवस्था की गई है। मीडिया से बातचीत करते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान नकदी समेत सोने चांदी, कपड़ा और लगभग 8 हजार लीटर शराब जप्त की गई, जिसकी कुल राशि 7 करोड़ रुपये बताई गई है।

ग्वालियर-चंबल लोकसभा चुनाव में तीन युवा इंजीनियरों की चर्चा

- लाखों का पैकेज छोड़ राजनीति में उतरे

एजेंसी, ग्वालियर

भिंड लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के पास बीई और लॉ की डिग्री है। ग्वालियर से निर्दलीय चुनाव लड़ रहीं इंजीनियर अर्चना राजपूत दिल्ली में जॉब करने के बाद राजनीति में उतरी हैं। वहीं, मुरैना से निर्दलीय प्रत्याशी सूरज कुशवाह भी इंजीनियरिंग कर एक प्राइवेट कंपनी में लाखों की सैलरी पर जॉब में थे। आइए जानते हैं इन तीन युवा इंजीनियर के बारे में, जिन्होंने लाखों रुपये का पैकेज छोड़कर राजनीति में कदम बढ़ाया है।

भिंड लोकसभा में इस बार सात प्रत्याशी मैदान में हैं। बीजेपी की संध्या राय और कांग्रेस के फूल सिंह बरैया के बीच मुख्य मुकाबले को बसपा के देवाशीष जरारिया ने त्रिकोणीय बना दिया है। जरारिया इस लोकसभा से पिछली बार कांग्रेस प्रत्याशी रह चुके हैं। उन्हें संध्या राय के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। टिकट कटने और संगठन में भी तवज्जो न मिलने से आहत जरारिया ने इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया। अब वे बसपा प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। भिंड सुरक्षित सीट है, जरारिया के उतरने से सीधा नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। भिंड शहर में हर्ष बिहार त्रिमूर्तिनगर मेला ग्राउंड के पीछे रहने वाले देवाशीष जरारिया के पिता मुरार गर्ल्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं। बता दें कि देवाशीष उनके इकलौते बेटे हैं। छोटी बहन की शादी हो चुकी है। इंजीनियरिंग और लॉ के बाद नौकरी की बजाय राजनीति में आने की वजह पूछने पर जरारिया ने बताया कि मैं अनुसूचित जाति वर्ग से आता हूं। पिता प्रोफेसर हैं, इस कारण मेरी पढ़ाई भी शुरू से अच्छी हुई। वह इंजीनियरिंग के बाद लॉ की पढ़ाई करने दिल्ली यूनिवर्सिटी चले गए। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे। इस वर्ग के लोगों के हक की आवाज अक्सर उठाते थे। साल 2017 में यूपी विधानसभा का चुनाव था।

तब बसपा पहली बार सोशल मीडिया पर सक्रिय दिखी। बसपा का ट्विटर (अब) पहली बार ट्रेंड करते हुए दिखा। जरारिया ने बताया है कि लोकसभा चुनाव हारने के बाद पूरे पांच साल क्षेत्र में सक्रिय रहा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कह चुके थे कि तुम्हें लोकसभा ही लड़ना है। यही कारण था कि मैं विधानसभा में कहीं से टिकट नहीं मांगा, फिर अचानक मेरा टिकट काट दिया गया।

ग्वालियर लोकसभा सीट से 19 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला बीजेपी के भारत सिंह कुशवाह और कांग्रेस के प्रवीण पाठक के बीच है। पहली बार बीजेपी ने किसी ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े चेहरे को प्रत्याशी बनाया है। जबकि कांग्रेस ने इसके उलट शहर से प्रत्याशी दिया है। इन दोनों के अलावा यहां से अर्चना सिंह राजपूत भी चुनाव लड़ रही हैं। वे सभी प्रत्याशियों में सबसे कम उम्र की हैं। अर्चना के उतरने से सबसे अधिक नुकसान बीजेपी को हो रहा है। राजपूत समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के लोगों का समर्थन अर्चना को मिल रहा है। शिवपुरी जिले में करैरा के नरही गांव की रहने वाली अर्चना सिंह के माता-पिता का निधन हो चुका है। छह बहनों में अर्चना चौथे नंबर की हैं। सबसे छोटा भाई भी इंजीनियरिंग के बाद एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब कर रहा है। अर्चना भी एक नामी कंपनी में इंजीनियर थीं। लाखों का सालाना पैकेज था।नौकरी छोड़कर राजनीति में आने की वजह बताई और कहा, मेरे पिता परमाल सिंह राठौर किसान थे। पूरे करैरा में लोग आज भी उनका सम्मान करते हैं। मेरे पापा ने मुझे एक बेटे की तरह पाला था। मुझसे बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है, लेकिन मुझे बचपन से ही समाज सेवा करना अच्छा लगता है। मैं दिल्ली में नौकरी के साथ-साथ बीमार लोगों की मदद भी करती थी।

अर्चना ने बताया है कि मैं सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट से भी जुड़ी थी। मेरे सामाजिक सरोकार और सक्रियता को देखकर ही शायद मोदी जी की टीम ने मार्च 2024 में मेरे से संपर्क किया। कई राउंड के इंटरव्यू हुए। फिर मुझे आश्वस्त किया गया कि आपको ग्वालियर लोकसभा सीट से लड़ाया जाएगा।

मतदान करो और कटिंग पर डिस्काउंट पाओ

- सैलून संचालक ने बटोरी सुर्खियां, जागरुकता का दिया संदेश

एजेंसी, शाजापुर

शाजापुर में एक सैलून संचालक ने अनोखी पहल शुरू की है। यह संचालक हैं जीवन वर्मा जो नई सड़क पर अपना सैलून संचालित करते हैं। चर्चा में जीवन वर्मा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में अब तक हुए दो चरणों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा, जो उन्हें कतई अच्छा नहीं लगा। इसी के चलते उनके मन में विचार आया कि क्यों ना वे भी जिला प्रशासन का सहयोग कर मतदाताओं को जागरूक करने की पहल करें।

उन्होंने इसकी शुरूआत की और उन्होंने अपनी दुकान पर एक पम्प्लेट चस्पा कर दिया, जिसमें लिखा गया है कि 13 मई सोमवार को मतदान करके निशान दिखाओ और कटिंग पर 50 प्रतिशत डिस्काउंट पाओ।

हर ग्राहक को करते हैं जागरूक

हेयर सैलून संचालक वर्मा ने बताया कि एक अच्छी सरकार बने और हमारा देश तरक्की करे। इसके लिए हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिसके चलते वे अपने यहां आने वाले हर ग्राहक से कहते हैं कि गर्मी से न डरें, आप मतदान केंद्र जाइए। वहां आपको पानी, छांव सहित अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। आप अपने मताधिकार का उपयोग करें।

छात्र राजनीति में छाए... अब आजमा रहे भाग्य

कई दिग्गजों ने पहले खूब घिसे जूते फिर बने नेता

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

छात्र संघ को राजनीति की नर्सरी माना जाता है। देश में कई ऐसे नेता हैं, जो छात्र राजनीति में निकलकर देश के दिग्गज नेताओं में शुमार हुए। हरियाणा की राजनीति के शिखर पर पहुंचे कई नेताओं ने भी पहले छात्र राजनीति में हाथ आजमाया है। छात्रों के बीच संघर्ष किया है। नारे लगाए है। जूते घिसे है। फिर जाकर वे नेता बनें।

इस बार लोकसभा चुनाव में भी कई ऐसे उम्मीदवार हैं, जो अपने जमाने में छात्र नेता रहे हैं या उनका जीवन छात्र राजनीति के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छात्र राजनीति के दौरान संघर्ष के बल पर आज वे अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। चुनाव विश्लेषक प्रमोद शर्मा कहते हैं हरियाणा में परिवारवाद की राजनीति ज्यादा रही है।

हरियाणा के बड़े दिग्गज अपने बेटों को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। इन लोगों ने कभी छात्र राजनीति से निकले लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। 1996 के बाद से हरियाणा में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। बीच में एक बार सामान्य चुनाव कराए गए। छात्र संघ के चुनाव होने चाहिए। इससे राजनीति की नई पौध मिलती है। जो युवा राजनीति में करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें भी मौका मिलेगा।

दिव्यांशु बुद्धिराजा

करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु पंजाब यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई-हिम्सू के पैनल पर प्रधान पद का चुनाव चुके हैं। उन्होंने यह चुनाव 58 वोट से जीता और पीयू के प्रेसिडेंट बने। इस दौरान पीयू से संबंधित कई मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया। उसके बाद उन्होंने हरियाणा यूथ कांग्रेस का चुनाव जीता। इस चुनाव में उन्हें सर्वाधिक 4.90 लाख वोट मिले। इसी कारण उनको लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया है।

रावदान सिंह

भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार राव दान सिंह भी छात्र राजनीति से जुड़े रहे हैं। जब वह राजस्थान की यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई कर रहे थे, तब वह छात्र राजनीति में सक्रिय रहे थे और प्रधान भी चुने गए थे। छात्र राजनीति के बाद वह महेंद्रगढ़ के विधायक बने। पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

कृष्णपाल गुर्जर

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर भी छात्र राजनीति की सीढ़ी चढ़कर शिखर पर पहुंचे हैं। वह नेहरू कॉलेज में छात्र संगठन के अध्यक्ष रहे। उसके बाद उन्होंने नगर निगम, विधानसभा और सांसद का चुनाव लड़ा। चुनाव जीतने के बाद वह केंद्रीय मंत्री भी बनें।

अशोक तंवर

सिरसा सीट से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर भी एनएसयूआई से जुड़े रहे हैं। 1999 में उन्हें एनएसयूआई का सचिव और चार साल बाद अध्यक्ष बनाया गया है। यहीं से उनकी राजनीति चमकी और मात्र 29 साल की उम्र में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए।

जयप्रकाश

हिसार लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर उतरे जयप्रकाश भी छात्र राजनीति में काफी दिलचस्पी लेते रहे हैं। हालांकि उन्होंने चुनाव तो नहीं लड़ा मगर छात्र राजनीति का चुनाव लड़ने वाले उनके करीबी होते थे और वह उन्हें चुनाव जिताकर लाते थे।

सुशील गुप्ता

कुरुक्षेत्र से इंडिया गठबंधन के आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता भी छात्र राजनीति से ही राजनीति की बारीकियां सीखकर आगे बढ़े हैं। एनएसयूआई से वह डूसू का प्रेसिडेंट का चुनाव लड़ चुके हैं। डूसू के एग्जीक्यूटिव काउंसलर भी रहे हैं।

किरण चौधरी ने किया राव दान सिंह के कार्यालय का उद्घाटन

तोशाम से हमारा पुराना नाता है तोशाम से विधायक किरण चौधरी हमारी बहुत ही कद्दावर नेता हैं

देश रोजाना ब्यूरो, तोशाम

बेटी श्रुति की टिकट कटने के बाद से ही किरण और दाव दान सिंह को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बातें चल रही थी, लेकिन रविवार को तोशाम में कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह के कार्यालय उद्घाटन पर किरण चौधरी ने खुद अपने ही हाथों से रिबन काटकर उद्घाटन किया और एक ही गाड़ी में राव दान सिंह और किरण भी बैठे। ये सोशल मीडिया पर भी खूब प्रचारित हुआ। दरअसल रविवार को भिवानी महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह टिकट मिलने के बाद पहली बार विधायक व पूर्व मंत्री किरण चौधरी के साथ तोशाम पहुंचे। तोशाम पहुंचकर किरण चौधरी व राव दान सिंह ने सिवानी रोड पर कार्यालय का उद्घाटन किया। कांग्रेस प्रत्याशी दान सिंह ने कहा कि तोशाम पहुंचने पर जो मेरा मान सम्मान किया है उसके लिए सदा आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि तोशाम से हमारा पुराना नाता है तोशाम से विधायक किरण चौधरी हमारी बहुत ही कद्दावर नेता हैं, हमें इनके साथ काम करने का सौभाग्य भी प्राप्त है। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को तंग किया है। किसानों, खिलाड़ियों, सरपंचों पर अत्याचार हुआ है। जनता इंतजार कर रही थी कब चुनाव का समय आए और बीजेपी ने अपमान किया है उसका बदला लें। पूर्व मंत्री व विधायक किरण चौधरी ने कहा की जो कांग्रेस ने फैसला किया है वो सिर माथे है।

दान सिंह हमारा उम्मीदवार है और इनकी हम दिल खोलकर मदद करेंगे। किरण चौधरी ने कहा की कार्यकताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, जब तक खून का एक-एक कतरा शरीर में है उसको न्यौछावर करने के लिए कभी भी गुरेज नहीं करूंगी। उन्होंने आह्वान किया कि अब जुट जाओ गांव-गांव में और कांग्रेस प्रत्याशी दानसिंह के लिए एक-एक वोट के लिए मेहनत करो।

कांग्रेसी कहते थे रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे : सतीश पूनिया

बोले : लेकिन भाजपा वाले तारीख नहीं बताएंगे

देश रोजाना ब्यूरो, नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले नारनौल के एक निजी मैरिज प्लेस में जनसभा की गई। हालांकि चौधरी धर्मबीर सिंह के नामांकन में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नहीं पहुंचे।

इससे पहले शुक्रवार को भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्र राव इंद्रजीत सिंह के आने की बात कही जा रही थी। नामांकन के दौरान उनके साथ जिले के स्थानीय नेता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए हरियाणा भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि पहले कांग्रेसी मजाक करते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन भाजपा वाले तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन 22 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा कर सबको चुप कर दिया। मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि किसानों को बाजरे का उचित मुआवजा दिया गया। सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने टेल तक पानी पहुंचाने का काम किया है। बबीता फौगाट ने कहा कि कोरोना के दौर में भाजपा कार्यकर्ता ही लोगों के बीच थे। अगर कांग्रेस वाले आए तो उनसे पूछ लेना कोरोना काल में कहां थे।

पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि भगवान रामलला को 500 साल तक टेंट में बैठाकर रखा। ये इटली वाले भांजे और भांजी इस बात का मजाक उड़ाते थे। वहीं प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में विधायक घनश्याम सराफ और पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान भाषण के बाद आम लोगों के बीच आकर बैठ गए। इस अवसर पर नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, अटेली विधायक सीताराम यादव सहित भिवानी-महेंद्रगढ़ से पहुंचे नेताओं ने संबोधित किया।

जानिए कितनी संपत्ति के हैं मालिक

हरियाणा की भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर सिंह की कुल चल संपत्ति 33,40,584.14 रुपये हैं। उनके पास कृषि, गैर कृषि और व्यवसायिक भूमि सहित कुल अचल संपत्ति 2,72,00,000 रुपये हैं। उनकी गुरुग्राम के यूनिवर्सल बिजनेस पार्क में भी संपत्ति है। उनके पास एक पिस्तौल व गन है, जिसकी कीमत 40 हजार रुपये दर्शाई गई है। वहीं 50 ग्राम सोने के आभूषण हैं। हालांकि उनकी पत्नी के पास 900 ग्राम सोने के आभूषण हैं। वहीं चल व अचल संपत्ति भी ज्यादा है। उनकी पत्नी की चल संपत्ति 72,23,840.68 रुपये और अचल संपत्ति 7,79,00,000 रुपये हैं।

गगसीना के 22 वर्षीय युवक की ऑस्ट्रेलिया में चाकू गोदकर हत्या

देश रोजाना ब्यूरो, करनाल। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के एक युवक की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने घरौंडा के बसताड़ा गांव के दो युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया में ही रह रहे बीजणा और बसताड़ा गांव के चार लड़कों की आपस में लड़ाई हो गई है। ऐसे में जब युवक उनमें बीच-बचाव करा रहा था तो उसी समय बसताड़ा गांव के दो युवकों ने चाकुओं से वार कर उसकी हत्या कर दी। युवक के मृत होने की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों ने सरकार से बेटे के शव को भारत लाने में मदद करने की गुहार लगाई है। मृतक युवक के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था।

साढ़े चार डिग्री तक बढ़ा तापमान

राहत के आसार नहीं, कुछ इलाकों में गर्म चलीं हवाएं

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

कई दिन गर्मी से राहत के बाद शनिवार को हरियाणा के शहरों का तापमान बढ़ गया। राज्य के 19 जिलों में तापमान 40 डिग्री पार कर गया। सिरसा में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.8 डिग्री ज्यादा रहा। इस सीजन में यह अब तक सबसे ज्यादा तापमान है। कुछ इलाकों में गर्म हवाएं भी चली हैं, मगर मौसम विभाग ने फिलहाल हीट वेव की पुष्टि नहीं की है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिन तापमान बढ़ सकता है। एक दो इलाकों में लू भी चल सकती है। आठ के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो पहाड़ों में बारिश देगा। हरियाणा में भी बादल छाएंगे। एक दो इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। इससे थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि उसके बाद फिर तापमान बढ़ेगा।

हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से मौसम खुशनुमा था। पहाड़ों में बारिश व हल्की बर्फबारी के बाद आई हवाओं ने तापमान में काफी नीचे गिरा दिया था। हिसार में रात का तापमान सामान्य से आठ डिग्री तक नीचे चला गया था। मौसम विशेषज्ञ ने बताया, हवाओं की दिशा में बदलाव आ गया है। अब राजस्थान की गर्म हवाएं राज्य में आना शुरू हो गई है, जो तापमान बढ़ा रही है। अभी फिलहाल तापमान और बढ़ेगा। उसके बाद एक दो दिन की राहत मिल सकती है। हरियाणा में दिन और रात का तापमान बढ़ गया है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। वहीं, न्यूनतम यानी रात का तापमान सामान्य से 4.3 ज्यादा रिकॉर्ड हुआ।

कृषि गतिविधियों के चलते साइट नंबर 7 की ऊपरी सतह हो रही क्षतिग्रस्त, संरक्षण की कमी

देश रोजाना ब्यूरो, नारनौंद। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम को राखीगढ़ी में चल रही खोदाई में टीला नंबर सात पर एक कब्रिस्तान से 4000 साल से अधिक पुराना एक कंकाल मिला था। एक खोज से पता चला है कि इस साइट पर की गई कृषि गतिविधियों के कारण कंकाल ऊपरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया था। हड़प्पाकालीन राखीगढ़ी के टीलों को स्थान को केंद्र सरकार द्वारा आइकॉनिक साइट के रूप में घोषित किया गया है, लेकिन राखीगढ़ी में इस ऐतिहासिक स्थल के संरक्षण की कमी ने टीलों में दबी धरोहरों और ऐतिहासिक महत्व के अन्य साक्ष्यों पर असर डाला है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. संजय मंजुल ने बताया कि राखीगढ़ी में चल रही खोदाई के दौरान टीला संख्या सात पर कब्रिस्तान से एक मध्यम आयु वर्ग के पुरुष का कंकाल मिला है, लेकिन कंकाल की खोपड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, हालांकि बाकी हिस्सा अच्छी स्थिति में है।

धुंधली होने लगीं पूर्व गृहमंत्री मनीराम गोदारा की निशानियां

राजनीतिक सीढ़ियां न चढ़ पाई अगली पीढ़ी

देश रोजाना ब्यूरो, फतेहाबाद

प्रदेश के विकास में बड़े नेताओं का भरपूर योगदान रहा है। मगर समय बीतने के साथ उनकी यादों से लेकर निशानियां तक धुंधली होने लगती हैं। ऐसे ही बड़े नेताओं में शुमार रहे फतेहाबाद जिले के दिग्गज राजनीतिज्ञ स्व. मनीराम गोदारा। संयुक्त पंजाब से लेकर हरियाणा बनने के बाद भी विधायक, सांसद, बिजली व सिंचाई मंत्री और गृह मंत्री तक बने मनीराम गोदारा की राजनीतिक विरासत संसद या विधानसभा की सीढ़ियों पर चढ़ने के लिए जूझ रही है। उनके दोनों पुत्रों का निधन हो चुका है। उनके परिवार से अब पौत्र सुधीर गोदारा ही राजनीति में ज्यादा सक्रिय हैं। वह कांग्रेस में कुमारी सैलजा के गुट में रहकर राजनीतिक पारी खेलने की इच्छा रखे हुए हैं। मगर साल 2016 में जिला परिषद के चुनाव में भी उन्हें शिकस्त झेलनी पड़ी।

यूं तो मनीराम गोदारा के गांव में सुख-सुविधाएं पूरी हैं, लेकिन उनके नाम की निशानी के तौर पर परिवार की कोठी ही है। गांव की किसी सरकारी इमारत या सुविधा पर उनका नाम अंकित नहीं है। उनके खुद के गांव निमड़ी की तो पंचायत ही नहीं है। निमड़ी साथ लगते गांव हड़ौली की पंचायत का हिस्सा है। हालांकि, फतेहाबाद जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव भोडियाखेड़ा में बनाए गए राजकीय कन्या महाविद्यालय का नाम जरूर स्व.मनीराम गोदारा के नाम पर है। गांव निमड़ी निवासी भादर सिंह बताते हैं कि मनीराम गोदारा खरी बात कहने के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने सत्ता में रहते हुए निमड़ी में बिजली घर, दादूपुर में जलघर, रतिया को तहसील का दर्जा दिलवाया। कई गांवों के रास्ते बनवाए। स्पेशल नहर निकलवा कर 17 गांवों को पानी उपलब्ध करवाया। घग्गर नदी पर पुल मंजूर नहीं होने से नाराज होकर मनीराम गोदारा ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था।

मनीराम गोदारा ने उस समय भारत के ही हिस्से रहे लाहौर के डीएवी कॉलेज और शिमला के आरपीसीएसडी कॉलेज में छात्र नेता के रूप में अपनी राजनीतिक शुरूआत की थी। इसके बाद 1947 में देश आजाद होने के बाद सक्रिय राजनीति में आए और 1948 में कांग्रेस के सदस्य बन गए।

लेबर कोर्ट का फैसला पलटा

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि एक अपराध के लिए कर्मचारी को दो दंड न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। हाईकोर्ट ने यह फैसला लेबर कोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा रोडवेज कर्मचारी की याचिका मंजूर करते हुए जारी किया है। करनाल निवासी घनश्याम ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए बताया था कि वह हरियाणा रोडवेज करनाल डिपो में कंडक्टर था। आठ जुलाई 1980 को उस पर आरोप लगा कि उसने हरिद्वार जा रहे चार चात्रियों को 62 रुपये कीमत के टिकट जारी नहीं किए। इसके लिए उसे ड्यूटी के दौरान कदाचार का आरोपी बनाया गया। इस चूक के कारण राज्य को हुए राजस्व नुकसान के आधार पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जिसके बाद मामला लेबर कोर्ट को भेजा गया। लेबर कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि इस कदाचार के लिए बर्खास्तगी उचित नहीं है। ऐसे में उसकी बर्खास्तगी का आदेश रद्द करते हुए सेवा समाप्त करने की तिथि से लेकर बहाली तक के वेतन से इन्कार कर दिया। इस दौरान मिलने वाले इंक्रीमेंट से भी उसे वंचित कर दिया गया।

पूर्व सीएम भजनलाल ने गांव मोहम्मदपुर रोही को हरियाणा में दिलाई पहचान

गांव मोहम्मदपुर रोही में पूर्व सीएम भजनलाल की माता कुन्ना देवी के नाम पर बना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

देश रोजाना ब्यूरो, फतेहाबाद

जिस लाल ने गांव मोहम्मदपुर रोही को पूरे हरियाणा में पहचान दिलाई, उसके नाम की कोई निशानी गांव में नजर नहीं आई। हम बात कर रहे हैं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल की। चौधरी भजनलाल गांव मोहम्मदपुर रोही की गलियों में खेले, यहां पढ़ाई कीऔर खेतों में काम करने के बाद आदमपुर जाकर प्रदेश की राजनीति के शिखर तक पहुंचे।

केंद्र में मंत्री तक बने। गांव मोहम्मदपुर रोही के विकास की हर ईंट चौधरी भजनलाल की देन है। मगर विडंबना यह है कि गांव में स्मारक तो क्या उनके नाम का कोई गौरव पट्ट तक नहीं है। भजनलाल परिवार की निशानी के तौर पर उनकी माता स्व.कुन्ना देवी के नाम पर बना सिर्फ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है।

उसकी भी स्थिति ऐसी है कि चहारदीवारी टूटी हुई है और सामने गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गांव मोहम्मदपुर रोही में पूर्व सीएम भजनलाल की माता कुन्ना देवी के नाम पर बना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय। गांववासी फार्मासिस्ट उग्रसेन बताते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल और पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के बीच राजनीतिक तल्खी रहती थी। भजनलाल जब तक मुख्यमंत्री रहे गांव मोहम्मदपुर रोही से सीधी चंडीगढ़ तक बस चलती थी। उन्होंने गांव की सेम की समस्या खत्म करवाने के लिए विशेष योजना के तहत हर दो एकड़ पर ट्यूबवेल लगवाए। मगर बदले की राजनीति ऐसी हुई कि चौटाला सरकार आते ही बस भी बंद हो गई और ट्यूबवेल वाली योजना भी बंद कर दी गई।

पूर्व सीएम स्व.भजनलाल के गांव में इस समय सबसे बड़ी समस्या बारिश के पानी की निकासी की है। निकासी के लिए कोई बेहतर प्रबंध नहीं है। गांव में खेल स्टेडियम के लिए छह एकड़ जगह निर्धारित हो गई है, लेकिन वहां न चहारदीवारी बनाई गई है और न ही दूसरी कोई व्यवस्था है। व्यायामशाला 2020 में बननी शुरू हुई थी, जिसका काम चार साल से अधर में लटका हुआ है।

दीपेंद्र से ज्यादा पत्नी अमीर, देवेंद्र कादियान को गाड़ियों का शौक

75 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन, आठ कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन शामिल हैं

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़



हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए 75 नामांकन दाखिल किए गए। इनमें आठ कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन शामिल हैं। राज्य में अब तक 211 नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं।

भाजपा के भिवानी-महेंद्रगढ़ के उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर और सिरसा लोकसभा सीट के उम्मीदवार अशोक तंवर, कांग्रेस से रोहतक के उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा, जजपा के सोनीपत से प्रत्याशी भूपेंद्र मलिक, करनाल सीट के उम्मीदवार देवेंद्र कादियान और सिरसा से इनेलो उम्मीदवार संदीप लोट ने नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा और उनकी पत्नी हेमश्वेता मिर्धा हुड्डा के पास 69.24 करोड़ की संपत्ति है, जो 2019 में साढ़े 45.59 करोड़ थी। पांच साल में दोनों की संपत्ति 23.65 करोड़ रुपये बढ़ी है। दीपेंद्र के पास कुल संपत्ति 26.09 करोड़ रुपये है, जबकि उनकी पत्नी के पास कुल संपत्ति 42.34 करोड़ है। उधर, करनाल लोकसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान को गाड़ियों का शौक है। उनके नाम पर दो लग्जरी समेत पांच कारें हैं।

सिरसा सीट से भाजपा के उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के साथ हिसार लोकसभा सीट से प्रत्याशी चौधरी रणजीत सिंह, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिन्दर सिंह सिरसा, हलोपा विधायक गोपाल कांडा, फतेहाबाद के विधायक दुडाराम, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा मौजूद रहे। करनाल से देवेंद्र कादियान के कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर उनकी धर्मपत्नी कपिला ने नामांकन भरा। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी ने तीन-तीन नामांकन फॉर्म जमा किए हैं। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह ने तीन व उनकी पत्नी हेमश्वेता मिर्धा हुड्डा ने एक नामांकन पत्र दाखिल किया है।

करनाल लोकसभा क्षेत्र से आज भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल नामांकन दाखिल करेंगे। उसी दिन विधानसभा उपचुनाव में करनाल से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले भाजपा की ओर से दोनों प्रत्याशी एक साथ रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए अभी तक कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं कांग्रेस से हिसार लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयप्रकाश, जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला और गुरुगाम सीट से इनेलो उम्मीदवार हाजी सोहराब भी आज नामांकन दाखिल करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के नामांकन कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं को संदेश दिया गया था कि सुबह 9 बजे जमा होकर रोड शो करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय तक जाएंगे। लेकिन सुबह अचानक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रोग्राम बदल गया। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे तंवर के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर सवा 11 बजे नामांकन कराया। वहीं इनेलो के प्रत्याशी के नामांकन के समय में बदलाव करने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला से बातचीत की थी। उन्होंने समय बदलने से इन्कार कर दिया था। इस पर अभय सिंह चौटाला ने प्रेस वार्ता में कहा कि नामांकन का समय बदलने को लेकर डीसी व एसपी के खिलाफ चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे।

प्राचार्य पर छेड़छाड़ का आरोप

देश रोजाना ब्यूरो, फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद में शिक्षा के मंदिर में प्राचार्य द्वारा वहां पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मामला सदर थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल का है। महिला थाना पुलिस ने शिक्षिका की शिकायत पर आरोपी स्कूल प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच डीएसपी जयपाल सिंह ने शुरू कर दी है। वहीं एक शिक्षिका के सामने आने के बाद अन्य शिक्षिकाओं ने भी आरोप लगाए है। मामले के मुताबिक पुलिस को दी शिकायत में महिला शिक्षिका ने आरोप लगाया कि कि वह एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर है। आरोप है कि 12 दिसंबर 2023 को स्कूल प्राचार्य ने अपने कक्ष में विद्यालय के कार्य के लिए बुलाया। इस दौरान आरोपी प्राचार्य ने कहा कि आज तो कमाल की दिख रही हो और मेरी तरफ गंदी नजर से देखने लगा। इसके बाद एक दिन जब उसने टाइम टेबल को लेकर अनुरोध किया तो उन्होंने एक गंदी हंसी के साथ मुझसे कहा कि आप बस मुझे खुश कर दीजिए और मैं आपके सारे कलांश हटा दूंगा।

हरियाणा में प्रदेश पर बढ़ता जा रहा कर्ज भी एक मुद्दा

3.17 लाख करोड़ पहुंच गया ऋण

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में चल रहे लोकसभा चुनावों में तमाम मुद्दों के साथ प्रदेश पर बढ़ता जा रहा कर्ज भी एक मुद्दा है। विधानसभा में पहले ही सरकार और विपक्ष इस मामले को लेकर आमने-सामने हो चुके हैं, जबकि अब कांग्रेस और इनेलो के नेता रैलियों और जनसभाओं में कर्ज को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोल रहे हैं। सरकार का दावा है कि प्रदेश ने तय लिमिट में ही कर्ज लिया, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा 4 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज होने का दावा कर रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के नेता मनोहर लाल का कहना है कि पिछले साल के 2.84 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार 3.17 लाख करोड़ रुपये कर्ज पहुंच गया है। 2014 में हरियाणा में भाजपा की सरकार आई तो प्रदेश पर 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज था। साढ़े नौ साल में यह कर्ज बढ़ते-बढ़ते साढ़े चार गुना बढ़ चुका है। इसी मुद्दे को भुनाने के लिए विपक्षी दल कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि हरियाणा को भाजपा ने कर्ज लेने में भी नंबर वन बना दिया है। इसके विपरित भाजपा के नेता प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज, सड़कें और हाईवे बनाने समेत विकास का गुणगान कर रहे हैं। वित्तीय मामलों के विशेषज्ञ प्रोफेसर बिमल अंजुम का कहना है कि कर्ज केवल मांगने से नहीं मिलता है, इसके लिए पहले से ही गाइडलाइन तय हैं। राज्य की वित्तीय स्थिति को देखते ही ऋण मिलता है। हरियाणा की स्थिति वाकई गंभीर है कि कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है और प्रति व्यक्ति कर्ज का हिस्सा भी बढ़ रहा है। लेकिन जहां तक आंकड़ों और गाइडलाइन की बात है तो हरियाणा ने अभी तक कर्ज लेने की सीमा पार नहीं की है।

यदि आप धनवान हैं, तो विनम्र बनें, दयालु बनें। लोगों के समक्ष झुकना सीखें जिस तरह फल लगने पर पौधे झुक जाते हैं। झुकना हमेशा फलदायी होता है।
-साई बाबा

संपादकीय

अब भी नहीं संभले तो पीने के पानी को तरसेंगे हरियाणावासी

देश इन दिनों प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में है। प्रचंड गर्मी के चलते देश में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब सहित देश के कई हिस्सों में लोगों को पीने का पानी भी खरीदना पड़ रहा है। बेंगलुरु में पिछले काफी दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। बेंगलुरु की खबरें तो राष्ट्रीय स्तर पर अखबारों और न्यूज चैनलों की सुर्खियों में रहा है। हरियाणा के भी कुछ हिस्सों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम जैसे कई शहरों में लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के नागरिकों को अपनी जरूरत से 15 लाख करोड़ लीटर कम उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश के 22 में से 14 जिलों में भूजल स्तर 30 मीटर से भी नीचे खिसक चुका है। इसलिए लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में रहने वाले लोगों को 34.96 लाख करोड़ लीटर पानी की आवश्यकता है, जबकि उन्हें सिर्फ 20.93 लाख करोड़ लीटर पानी ही मिल पा रहा है। है। यदि प्रदेश में पानी की उपलब्धता बढ़ाई नहीं गई, तो आने वाले वर्षों में लोगों को एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले दो वर्षों में प्रदेशवासियों को 9.63 लाख करोड़ लीटर पानी की और जरूरत पड़ने वाली है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का एक आंकड़ा बताता है कि प्रदेश के 40392 वर्ग किमी में से 24773 वर्ग किमी यानी 61 प्रतिशत क्षेत्र में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। यदि इस दोहन को रोका नहीं गया, तो निकट भविष्य में हालात और गंभीर हो सकते हैं। प्रदेश के जीटी बेल्ट के साथ दक्षिणी हरियाणा के जिलों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इन इलाकों में पानी की उपलब्धता पिछले कई वर्षों से लगातार घट रही है। अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, हिसार, झज्जर, भिवानी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, सिरसा, सोनीपत, पानीपत और जींद में हालात लगभग बेकाबू हो चुके हैं। स्थिति तो यह है कि प्रदेश के कुल 141 खंडों में से 85 ब्लॉक डार्क जोन में आ चुके हैं। प्रदेश के 7287 गांवों में से केवल 1304 गांव ही ग्रीन जोन में बचे हैं, जबकि 6150 गांवों में भू-जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसके बाद भी अगर सरकार, सरकारी एजेंसिया और नागरिक नहीं चेते, तो पीने के पानी को भी दूसरे प्रदेशों से आयात करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति के लिए प्रदेशवासी ही जिम्मेदार हैं। कभी हरित प्रदेश के नाम से विख्यात हरियाणा में पानी का इतना ज्यादा दोहन किया गया कि भूजल स्तर घटता गया। लोगों ने एक बाल्टी पानी का खर्च था, तो पांच बाल्टी पानी खर्च किया। वर्षा जल को भी संचित करने की जरूरत नहीं समझी गई। यह वजह है कि प्रदेश के 14 जिले प्यासे रहने को मजबूर हैं।

प्रदेश के 22 में से 14 जिलों में भूजल स्तर 30 मीटर से भी नीचे खिसक चुका है।

बोधिवृक्ष

● अशोक मिश्र

नौकर का कर्तव्य अपने मालिक की सेवा करना

हमारे धर्म ग्रंथों में कर्तव्य और अधिकार की खूब अच्छी विवेचना की गई है। कर्तव्य और अधिकार एक दूसरे के पूरक बताए गए हैं। यानी जहां कर्तव्य है, वहीं अधिकार भी है। जब एक आदमी अपना कर्तव्य पूरा करता है, तो उसे कर्तव्य पूर्ति के एवज में अधिकार स्वयमेव हासिल हो जाता है। यह बात अलग है कि कुछ लोग अपना कर्तव्य तो पूरा करते हैं, लेकिन अधिकार का उपयोग करना भूल जाते हैं। इसमें कुछ भेद भी दिखाई देता है। जैसे कोई नौकर अपना कर्तव्य पूरा करता है, लेकिन उसके पास वेतन पाने के अलावा कोई दूसरा अधिकार शायद ही उसका मालिक देता हो। यही वजह है कि नौकर अपना कर्तव्य पूरा करने के बाद अधिकार की बात नहीं करता है। एक बार की बात है। अवध क्षेत्र के राजा करण और उसके पड़ोसी राजा ध्रुव में खूब गाढ़ी मित्रता थी। एक हुआ यह कि राजा ध्रुव बिना कोई सूचना दिए, राजा करण के यहां पहुंच गए। उनको आया देखकर राजा करण खूब प्रसन्न हुए। उन्होंने राजा ध्रुव की खूब आवभगत की। उनके लिए एक विशेष दरबार की व्यवस्था की। जब दरबार में सारे दरबारी उपस्थित हो गए, तो उन्हें अपने नौकर को हुक्का लाने का हुक्म दिया। उन दिनों अवध क्षेत्र में हुक्के का प्रचलन शुरू हो चुका था। नौकर ने हुक्का तैयार किया और उसे लेकर दरबार में पहुंचा। अब उसके सामने संकट यह पैदा हुआ कि वह हुक्का किसके सामने रखे। राजा ने उसे इशारा किया कि वह ध्रुव के सामने हुक्का रखे, लेकिन उसने अपने राजा के सामने हुक्का रख दिया। राजा करण नाराज हो गए। उन्होंने डांटा तो नौकर ने कहा कि मेरा कर्तव्य आपकी सेवा करना है। अब आपका कर्तव्य है कि आप अपने मेहमान का स्वागत करें। यह सुनकर राजा करण ने उस नौकर की खूब प्रशंसा की।

news@deshrojana.com

सामयिकी

निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

आंदोलनरत अन्नदाता, उदासीन सरकार और खामोश मीडिया?

इस समय पूरा देश, शासन, प्रशासन तथा मीडिया लोकसभा चुनावों के माहौल में डूबा हुआ है। सभी राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के निरर्थक आरोपों व प्रत्यारोपों को जबरदस्ती मुद्दा बनाकर जनता पर थोपा जा रहा है। आम लोगों की भावनाओं को झकझोर कर सत्ता में बने रहने के कुटिल प्रयास किये जा रहे हैं। इसी चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी में देश का अन्नदाता आंदोलनरत है। गत 17 अप्रैल से किसानों के प्रमुख संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अम्बाला-राजपुरा के मध्य पड़ने वाले शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक को जाम कर रखा है। वहां प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन की वजह से सैकड़ों रेलगाड़ियों के संचालन के प्रभावित होने की खबर है। इसके अतिरिक्त दर्जनों रेलगाड़ियों के रद्द होने का भी समाचार है जबकि 54 ट्रेनों के मार्ग बदले जाने की सूचना है। सैकड़ों माल गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है।

जाहिर है किसान आंदोलन के चलते ट्रेन परिचालन में आने वाली इस बाधा का सीधा असर आम जन जीवन पर पड़ रहा है। इस धरने के कारण केवल यात्रियों को ही भारी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा बल्कि रेलवे को भी काफी आर्थिक क्षति सहन करनी पड़ रही है। शंभू रेलवे स्टेशन पर रेल ट्रैक पर दिये जा रहे धरने के करीब ही रेल लाइन के सामानांतर जा रही जीटी रोड पर स्थित शम्भू बैरियर पर तो किसानों ने गत फरवरी माह से लगभग स्थायी मोर्चा लगा रखा है। और लुधियाना-राजपुरा-अम्बाला मार्ग तभी से बाधित है। शम्भू बैरियर पर फरवरी से बैठे किसानों की प्रमुख मांगें वही हैं जिन्हें लेकर दो वर्ष पूर्व किसानों ने दिल्ली के चारों ओर मोर्चे बंदी की थी और सरकार द्वारा विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने सहित किसानों की मांगों को माने जाने की घोषणा की गयी थी। इसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित किया था। इन्हीं मांगों में किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी लागू करने जैसी प्रमुख मांग भी शामिल थी।

गत 17 अप्रैल से शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर बैठने वाले किसान संगठन तो वही हैं जो शम्भू बैरियर व खनौरी की हरियाणा-पंजाब सीमाओं पर फरवरी से बैठे हैं परन्तु इनकी मांगें कुछ और ही हैं। यह रेल रोको आंदोलन किसान नेता नवदीप सिंह व अनीश खटकड़ और गुरकीरत सिंह को रिहा कराने के मकसद से किया जा रहा है। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि इन तीनों किसानों को हरियाणा पुलिस द्वारा झूठे मामलों में फंसाया गया है। इसमें से एक अनीश खटकड़ ने तो जेल में मरणव्रत भी शुरू कर दिया था जिसे बाद में किसान नेताओं ने ही जेल में जाकर खत्म कराया। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उक्त तीनों किसानों की रिहाई नहीं हो जाती, तब तक किसान रेल ट्रैक से नहीं हटेंगे, न ही रेलवे ट्रैक खोले जाएंगे। किसान जत्थेबंदियों ने हरियाणा सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही हरियाणा सरकार ने तीनों किसानों को रिहा नहीं किया तो आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। इस आंदोलन का सीधा असर रेलवे यात्रियों पर पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी में अपने गंतव्य पर पहुंचने की अनिश्चितता ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कई स्टेशन पर यात्री ट्रेन के इंतजार में बैठे हैं। ट्रेन की कोई जानकारी नहीं। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी जगह जगह रेल प्लेटफार्म पर परेशानियां झेलने को मजबूर हैं। वैसे भी दिल्ली अमृतसर रूट पर पड़ने वाला शम्भू रेल ट्रैक एक ऐसे अति महत्वपूर्ण रेल रूट पर स्थित है जिससे होकर वंदे भारत, शताब्दी, संपर्कक्रांति, स्वर्ण शताब्दी जैसी जम्मू, अमृतसर, फिरोजपुर, बठिंडा, गंगानगर, जालंधर, लुधियाना मार्ग की सैकड़ों रेलगाड़ियां गुजरती हैं। सवाल यह है कि सरकार किसान आंदोलन व रेल व सड़क जाम के चलते आम लोगों को होने वाली परेशानियों से निजात क्यों नहीं दिलाती?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

सच तो यह है कि झूठ को सच बताकर परोसने वाली व जन सरोकारों से मुँह मोड़कर फ़ुज़ूल की निरर्थक बातों में जनता को उलझा कर रखने वाली ऐसी असंवेदनशील सरकार देश में पहले कभी नहीं देखी गयी। बहुमत का ऐसा अहंकार कि पंजाब, कश्मीर और मणिपुर जैसे कई छोटे राज्यों के लोगों की समस्याएं इन्हें नजर नहीं आतीं ? साथ ही सरकार की जी हुजूरी में लगा मीडिया भी इतने संवेदनशील विषय पर पूरी तरह खामोश है।

एक्स हैंडल

Tejashwi Yadav@yadavtejashwi

तेजस्वी यादव
पूर्व उप मुख्यमंत्री, बिहार

प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है, **PM** है, हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। उनका हक है वे कहीं भी, कुछ भी, कैसे भी बोल सकते हैं लेकिन वे झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहाँ के लोग ढट से बेकार की नहीं काम की बात सुनना चाहते है। मोदी जी है पीर जादा, बोलते सच कम, झूठ ज्यादा!

cmoharyana@cmohry

माता भीमेश्वरी देवी की असीम कृपा से बेरी की देवतुल्य जनता ने विजय संकल्प रैली के माध्यम से @BJP4Haryana को अपना अभूतपूर्व समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री @narendra modi जी के नेतृत्व में जिस तरह से देश सुरक्षित हुआ है,देश की समृद्धि बढ़ी है और देश का मान बढ़ा है,उसको देखते हुए रोहतक लोकसभा एक बार फिर मोदीमय है। हमारे लोकप्रिय @drarvindk sharma जी को कमल थमा कर आप सब दिल्ली भेजिए,डबल इंजन की सरकार हरियाणा को और भी समृद्धि के नए शिखर पर ले जाएगी।

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री हरियाणा

Aam Aadmi Party-@AAPUttarPradesh

मैने सुना था कोई सोना चोर होता है, कोई बाइक चोर होता है लेकिन नरेंद्र मोदी जी और BJP 'पार्टी चोर' हो गई। मोदी जी ने शरद पवार जी की घड़ी चुरा लिया। उद्धव ठाकरे जी का तीर कमान चुरा लिया। उद्धव ठाकरे जी मशाल लेकर शरद पवार जी के साथ हर युद्ध के लिए आप लोगों के साथ मिलकर महाराष्ट्र के स्वाभिमान के लिए, राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए इस तानाशाह को हटाने के लिए तैयार हैं। जिन लोगों ने बाला साहेब ठाकरे और उद्धव ठाकरे जी की तीर कमान चुराई है, जिन लोगों ने शरद पवार जी की घड़ी चुराई है। उनकी जमानतें इस बार जब्त कराकर 48 की 48 सीटों पर हराने का काम करना।

चिट्ठी आई है

प्रतिबंध हटाना अर्थ तंत्र से जुड़ा मामला

भारत सरकार द्वारा विदेश में प्याज निर्यात पर पांच माह पूर्व लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का निर्णय प्याज उत्पादक कृषक वर्ग की आर्थिक सेहत को सुधारने में सहायक सिद्ध होगा। खासकर महाराष्ट्र में प्याज उत्पादक किसान बहुतायत में हैं, जो देशी विदेशी प्रतिस्पर्धी वातावरण में प्याज विक्रय से अपेक्षित लाभांश कमा सकेंगे। केंद्र सरकार के फैसले के अनुसार प्याज का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन लगभग (लगभग 46 रुपये प्रति किलो) निर्धारित किया है जिस पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का अधिभार लगाया गया है। निर्यात प्रतिबंध हटने से पड़ोसी देशों श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, यूएई आदि में प्याज की जावक खेप बढ़ने से अन्ततः उत्पादक किसान लाभान्वित होंगे। आम लोकसभा चुनावों के दौरान आए इस फैसले को इंडिया ब्लॉक से जुड़े विपक्षी दल दूसरे नजरिये से बेशक आकलन कर रहें है, किन्तु निर्यात प्रतिबन्ध हटाने का मामला देश एवं उत्पादक किसान के अर्थतंत्र से जुड़ा हुआ है। किसी प्रकार चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नहीं प्रतीत हो रहा है।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
-संपादक

यह देश रहना चाहिए, देश का लोकतंत्र रहना चाहिए

तान्या लूथरा
समाज सेविका एवं राजनीति शास्त्र शिक्षिका

हम सब यह बात भलीभांति जानते हैं कि इन दिनों देश भर में चुनावों का माहौल चल रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और मुझे गर्व है कि मैं इस प्रणाली की एक महत्वपूर्ण कड़ी हूं। इस देश का हर मतदाता भी ऐसा ही है। लोकतंत्र को ताकत, देश के लोगों से ही प्राप्त होती है। मुझे पहली बार मतदान करने का सौभाग्य पिछले आम चुनाव अर्थात सन 2019 में प्राप्त हुआ था। इस बार भी मैं और मेरा परिवार मतदान रूपी इस महा यज्ञ में आहुति अर्पण करने अवश्य जाएंगे। मैं स्वयं भी राजनीति शास्त्र की छात्रा रही हूं। मैं यह बात अच्छी तरह से जानती हूं कि मतदान का अधिकार रास्ते पर पड़े किसी कंकर की तरह नहीं है जिसको बहुत ही आसानी से कहीं से भी उठाया जाए और किसी भी तरह उसका इस्तेमाल कर लिया जाए। मतदान का अधिकार तो उस अमृत रूपी धारा की तरह है जो जीवन में स्वतंत्रता, समानता और आजादी जैसे वरदानों को लेकर आया है।

दो सौ से भी अधिक वर्षों तक गुलामी का दर्द सहन करने के पश्चात जब भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ, तो देश के किसी भी व्यक्ति के मन में यह संशय नहीं था कि देश को चलाने के लिए किस प्रकार की शासन प्रणाली की व्यवस्था की जाए। हर व्यक्ति इस बात से भली प्रकार से परिचित था कि गुलामी के जख्मों पर यदि दवा के रूप में कुछ कारगर हो सकता है तो वह लोकतांत्रिक शासन ही है। जहां भारत एक बार फिर से सोने की चिड़िया बनने के न केवल सपने देख सकता है बल्कि उनको साकार भी कर सकता है।

एक तरफ जहां पश्चिम के विकसित देशों में भी महिलाओं को मतदान का अधिकार नहीं दिया गया था, वहां भारत अपने आप में दुनिया के लिए बहुत बड़ी मिसाल के रूप में साबित हुआ। उन दिनों बहुत ही कम साक्षरता दर होने के बावजूद देश में सभी को समान रूप से मतदान का अधिकार दिया गया। सबको मतदान का समान अवसर प्रदान किया गया। बहुत से लोगों ने इस बात का मजाक उड़ाया, तो कुछ लोग तो इसे जुआ कहकर भी पुकार रहे थे। किंतु भारत ने पूरी दुनिया की दातों तले उंगली दबवा दी और 1951 में हुए प्रथम आम चुनाव देश में मील का पत्थर साबित हुए। 1952 से शुरू हुआ यह सफर 2024 के आम चुनावों तक पहुंच चुका है। भारत बहुत सी सरकारों के बनने और गिरने का साक्षी है किंतु यदि कोई चीज है जो आज तक भी चट्टान की तरह मजबूत है तो वह है भारत के लोगों में लोकतंत्र को जीवंत रखने की भावना। इसी भावना के चलते आज भारतीय लोकतंत्र पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनकर रह गया है। दुनिया भारतीय लोकतंत्र की सराहना करता है।

यह अति आवश्यक है कि भावों को सही कार्रवाई के साथ जोड़ दिया जाए तभी अच्छे परिणाम हमें देखने को मिलते हैं। मतदान का दिन कोई अवकाश का दिन नही होता हैं कि हम पिकनिक मनाने परिवार के साथ चल दिए। सबसे बड़े कर्तव्य को वहन करने का दिन होता है मतदान का दिन। इस कर्तव्य को वहन करने का भाव यदि बचपन से ही व्यक्ति के मन में जागृत कर दिया जाए, तो देश को एक जिम्मेदार पीढ़ी प्राप्त होती है। हाल ही में मैंने अपने विद्यालय में सभी कक्षाओं में मॉनिटर के चुनाव करवाए जिसमें नामांकन, प्रचार व अंत में सभी ने मतदान करके अपने कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव किया। देश के हर नागरिक को समझना चाहिए कि जिस स्वतंत्रता का जायका वह ले रहे हैं, उसको सुरक्षित बनाए रखने के लिए मतदान अति आवश्यक है। सही व्यक्ति के हाथों में ही देश की बागडोर प्रदान की जानी चाहिए। पार्टी विशेष को नहीं बल्कि सही कार्य करने वाले को ही वोट दिया जाना चाहिए। सरकार कोई भी हो, किसी भी पार्टी की हो, लक्ष्य यह होना चाहिए कि देश का विकास हो, हमारे देश की एकता और संप्रभुता सदैव-सदैव के लिए अखंड रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वः अटल बिहारी वाजपेई ने एक बात बिलकुल सही कही थी कि सरकारें आएंगी सरकारें जाएंगी, यह देश रहना चाहिए, देश का लोकतंत्र रहना चाहिए।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

डे इन हिस्ट्री

06 मई 2024

06 मई 1986 को दिल्ली में जन्मी सहाना गोस्वामी अभिनेत्री हैं।

- 1529 : बंगाल के अफगान शासक नसरत शाह को गोगरा नदी के किनारे हुई लड़ाई में बाबर के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा।
- 1589 : महान गायक तानसेन का निधन हुआ।
- 1840 : दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट 'पेनी ब्लैक' का ग्रेट ब्रिटेन में इस्तेमाल हुआ।
- 1857 : ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया।
- 1861 : मोतीलाल नेहरू का जन्म हुआ।
- 1910 : जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने।
- 1940 : जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास 'द ग्रेप्स ऑफ रैथ' के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला।
- 1976 : उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत हुई।
- 2010 : मुंबई पर हमला करने वाले आतंकी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई।

त्वरित टिप्पणी

चुनावों में एआई के उपयोग में सावधानी की जरूरत

संजय मग्गू
प्रधान संपादक

देश के गृहमंत्री अमित शाह का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्हें अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण समाप्त करने का झूठा वादा करते हुए दिखाया गया था। इस मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री सहित कई लोगों को पुलिस ने समन भेजा है। कुछ लोग गिरफ्तार भी किए गए हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर न जाने कितने वीडियो, पोस्ट वायरल हो रहे हैं जो एडिटेड हैं, एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके बनाए गए हैं। ऐसा करने वाले देश की राजनीतिक पार्टियों के आईटी सेल के मेंबर्स भी हैं। कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोग तो इसमें शामिल ही हैं। वोटर्स को प्रभावित करने और उन तक सीधी पहुंच बनाने के लिए राजनीतिक दल अपने नेताओं के एआई निर्मित पर्सनलाइज्ड संदेशों से लेकर क्लोन आवाजों वाले मैसेज का उपयोग कर रहे हैं। द इंडियन डीपफेकर और पॉलीमैथ जैसे स्टार्ट अप देश की राजनीतिक हस्तियों के वीडियो बनाने में एआई का उपयोग कर रहे हैं। ये स्टार्ट अप चेहरे की विशेषताओं को अलग करने के साथ स्वर पैटर्न का विश्लेषण करके एआई एल्गोरिदम जीवंत अवतार बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पहले ही विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजर रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब जैसे माध्यमों पर पहले से ही हजारों फेक वीडियो, पोस्ट डाली गई हैं जिनकी विश्वसनीयता साबित नहीं हो पाई है। ऐसी स्थिति में यदि एआई का उपयोग करके राजनीतिक दलों ने अपने लोकप्रिय नेताओं का वीडियो या संदेश बनाकर डाला तो यह भी संभव है कि लोग इसको भी फेक मानकर दरकिनार कर दें। इससे इन दलों के आईटी सेल का मंतव्य भी पूरा नहीं होगा। आईटी विशेषज्ञों का मानना है कि एआई का उपयोग करके विदेश में बैठे अराजक तत्व भारतीय चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, इसकी आशंका बहुत ज्यादा है। वैसे तो भारत सरकार इस मामले में काफी सतर्क है, लेकिन चूक की आशंका तो हमेशा बनी ही रहती है। आशंका तो यह भी जताई जा रही है कि जैसे-जैसे एआई का उपयोग हमारे जीवन में बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे वोटर्स के लिए असली और नकली की पहचान करना मुश्किल होता जाएगा। वोटर्स यही नहीं समझ पाएगा कि असली वीडियो कौन है और नकली कौन? इसका फायदा विरोधी दल उठा सकते हैं। जब भी कोई नई टेक्नॉलाजी आती है, तो वह अपने साथ कई तरह की विसंगतियों को भी लाती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का उपयोग मानव समाज के हित में हो सकती है, लेकिन इस बात से कौन इनकार कर सकता है कि इस टेक्नॉलॉजी का उपयोग बुरे इरादे से किया जा सकता है। कोई जरूरी है कि हर आदमी की मंशा पाक-साफ हो। अब भी समय है। यदि हमने एआई के संबंध में कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, तो इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ सकता है। वैसे सरकार ने डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए कई तरह के उपाय किए हैं, लेकिन वे शायद आने वाले दिनों में पर्याप्त साबित नहीं होंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादक: संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 9871669296 आरएनआई नंबर: **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

शहर की धड़कन...

सोमवार, 06 मई 2024

देश रोजाना

फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद/बल्लभगढ़

www.deshrojana.com

कांग्रेस ने मेवात में कुछ काम नहीं किया, सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम का डर दिखाकर वोट हासिल किए हैः सीएम नायब सैनी

आरोप : हादसे में घायल जेई की इलाज में लापरवाही से मौत

- पहले बताया पैर में नार्मल फैक्चर, तीन बजे बताया लंग्स में ब्लीडिंग और किडनी डेमेज
- दौसा से एक्सीडेंट के बाद घर आने पर पैर में हुआ था दर्द, अस्पताल में सर्जरी में बरती लापरवाही से गई जान: एससी
- जन्मदिन के दिन ही चिकित्सकों ने घोषित किया मृत, परिवार में दो छोटे बच्चे, पत्नी और बुजुर्ग माता पिता

कविता, देश रोजाना

फरीदाबाद। निजी अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों के द्वारा मरीजों के भर्ती होते ही शोषण करने प्रयास किया जाता है। ऐसा ही ओल्ड फरीदाबाद में निगम के तोड़फोड़ दस्ते में तैनात एक जेई के संग हुआ। जेई को सुबह पैर में फैक्चर होने के चलते जांच के बाद चिकित्सकों ने भर्ती किया। लेकिन दोपहर बाद कहा कि पैर में फैक्चर नहीं, लंग्स में इंटरनल ब्लीडिंग हो रही है और किडनी डेमेज हो गई है, ऑपरेशन करना होगा, लेकिन ऑपरेशन के बाद बेहोश जेई को होश ही नहीं आया। चिकित्सकों ने रविवार सुबह उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस पर नगर निगम के एसई समेत सैंकड़ों कर्मचारी मौके पर एकत्रित हो गए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने बिल के भुगतान के बिना शव देने से इंकार कर दिया। बाद में पुलिस को शिकायत देने और एसई द्वारा बिल भुगतान की गारंटी देने पर छह घंटे बाद शव सौंपा गया। परिजनों ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवा लिया गया है। अब इस मामले की शिकायत नेगलीजेंसी बोर्ड को देंगे।

यह है पूरा मामला

नगर निगम के एसई ओमवीर सिंह ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद जोन की तोड़फोड़ शाखा में करीब 30 वर्षीय जेई योगेश तैनात है। अमरपुर गांव निवासी योगेश के परिवार में बुजुर्ग माता-पिता के अलावा पत्नी, आठ साल की बेटी और छह साल का बेटा शामिल है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को ड्यूटी समाप्त करके वह रिश्तेदारों के संग स्कॉर्पियों से राजस्थान में बाला जी के दर्शन कर भंडारा करने गया था। वहां से लौटते वक्त शुक्रवार यानि तीन मई की रात को जब वह लौट रहे थे, तो एक सड़क किनारे खड़े ट्रक से स्कार्पियों बुरी तरह से टकरा गई। इस हादसे में गंभीर चोट न होने के कारण वह दौसा से घर आ गए। हालांकि वह शिकायत दर्ज करवा कर ही वह लौटे थे। लेकिन घर पहुंचकर उनके पैर में दर्द होने लगा। जिस पर परिवार वालो ने उनको सेक्टर-आठ स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल ले गए। पैर में फैक्चर बताकर इलाज की बात कहकर शनिवार की सुबह छह बजे उन्हें भर्ती किया गया। बाद में उन्हें इंटरनल ब्लीडिंग लंग्स और किडनी डेमेज होने की बात कहकर करीब नौ घंटे बाद ऑपरेशन तुरंत करने की बात कही। लेकिन ऑपरेशन के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण उनको सुबह आठ बजे तक होश न आने पर मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि योगेश भर्ती होने और ऑपरेशन होने से पहले नॉर्मल तरीके से बातचीत कर रहे थे और ठीक थे। ऐसे में ऑपरेशन में बरती लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई है।

जन्मदिन के दिन मौत

एसई ओमबीर और परिवार के सदस्यों ने बताया कि मृतक जेई योगेश का पांच मई को जन्मदिन था। ऐसे में उसी दिन जन्म लेना और मौत हो जाने से परिवार के सदस्य बुरी तरह से टूट गए हैं। योगेश के इलाज में लापरवाही बरतने और परिजनों को शव देने में देरी को लेकर नगर निगम के सभी एसडीओ और जेई आरोप लगाते नजर आए कि जेई योगेश की मौत अस्पताल प्रशासन द्वारा बरती गई लापरवाही की वजह से हुई है। एसई ने कहा कि जो भी सरकार द्वारा राहत मृतक के परिवार को दी जाती है, वह दी जाए यह प्रस्ताव हम कमिश्नर के सामने रखेंगे।

इंचार्ज और परिजनों का कथन

सेक्टर-आठ थाने के एसआई मनोज का कहना है कि उनके संज्ञान में एक मामला आया है कि दौसा में व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ। जिसके बाद उसको सर्वोदय हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का बयान लिया गया है, लेकिन कोई शिकायत उनकी तरफ से नहीं मिली है। वहीं परिजनों का कहना है कि वह सोमवार को इस मामले में शिकायत देंगे।

एसएमएस से15 सेकेंड में प्राप्त करें वोट की पर्चीः डीसी

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान के दिन अब घर बैठे ही वोट पर्ची को सिर्फ एक एसएमएस द्वारा प्राप्त करने की सुविधा शुरू की है। अब कोई भी मतदाता अपने मोबाइल फोन से एसएमएस भेज कर मतदान के दिन वोट पर्ची घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया की वोट पर्ची प्राप्त करने के लिए मतदाता को अपने मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर ईसीआई <स्पेस> (आपका वोटर आईडी नंबर) डाल कर 1950 नंबर पर एसएमएस करना है। उदाहरण के लिए ECI SWD3456789 1950 पर रटर कर दे। एसएमएस करने के मात्र 15 सेकंड में वोट पर्ची मिल जाएगी।

आईपीएल की तर्ज पर पहली अरावली गोल्फ लीग की हुई शुरूआत

- एक महीने चलने वाली गोल्फ लीग में हिस्सा ले रहे हैं शहर के 36 बेस्ट गोल्फ प्लेयर

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

जिले में पहली बार गोल्फ के एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर अरावली गोल्फ लीग शुरू की गई है। रविवार सुबह एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब में कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर इस लीग का शुभारंभ किया।

उन्होंने इस अपनी तरह के पहले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट से शहर के लोगों में गोल्फ खेल के प्रति समझ बढ़ेगी और लोग इस खेल के बारे में जागरूक होंगे। सीमा त्रिखा ने कहा कि आने वाले दिनों में अरावली गोल्फ क्लब को इंटरनेशनल मानकों के अनुसार विकसित किया जाना है। इसके लिए हरियाणा टूरिज्म ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट भविष्य में हर साल आयोजित किया जाएगा ताकि शहर के लोग गोल्फ खेल को अच्छे से समझ सकें और इसके बारे में जागरूक हो सकें।

बता दें कि अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, इन टीमों को अलग-अलग नाम दिए गए हैं। इनमें पुट्ट पाइरेट्स, ईगल मास्टर्स, द रॉयल राइडर्स व अरावली गोल्फ टाइगर्स शामिल हैं। पुट्ट पाइरेट्स के कप्तान अभय गुप्ता, ईगल मास्टर्स के कप्तान साहिल रत्तरा, द रॉयल राइडर्स के कप्तान सिद्धार्थ खुराना व अरावली गोल्फ टाइगर्स के कप्तान अजय जुनेजा हैं। कप्तान के अलावा प्रत्येक टीम में आठ-आठ खिलाड़ी और शामिल किए गए हैं, यानी प्रत्येक टीम में कुल नौ खिलाड़ी है। इस तरह टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 36 है। यह शहर के बेस्ट गोल्फ खिलाड़ी हैं। क्योंकि यह एक टीम इवेंट है, इसलिए सभी खिलाड़ियों के अंकों को जोड़कर विजेता टीम की घोषणा की जाएगी। एकल खिलाड़ी के अंक केवल बेस्ट प्लेयर के लिए जोड़े जाएंगे। उद्यमी अजय जुनेजा ने बताया कि खेल के नियम तय कर लिए गए हैं। जिले में पहली बार गोल्फ का इतने दिनों तक चलने वाली लीग आयोजित की जा रही है।

आज यह टूर्नामेंट शुरू हो गया है और यह एक महीने तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह टूर्नामेंट पहली बार आयोजित किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में इसे नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई है। यह एक वर्षिक टूर्नामेंट होगा, जो आने वाले समय में हर साल नियमित रूप से आयोजित किया जाता रहेगा। इस टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग गोल्फ खेल की सीख ले सकें और शहर के लोग इस खेल के बारे में जागरूक हो सकें।

दुष्कर्म का आरोपी जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा आपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दिए। जिसके तहत कोतवाली प्राभारी मनोज कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अरुण कुमार (39) उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव डालिया का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ पीडिता ने शिकायत में बताया कि आरोपी की पहचान उसके साथ शादी डॉट कॉम से वर्ष 2023 में हुई थी। जिसके बाद आरोपी के साथ पीडित की 4-5 महिने बात हुई फिर आरोपी जुलाई माह में फरीदाबाद आया और पीडिता से मिला और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और आरोपी महिला के साथ रहने लगा। जिसने महिला के बच्चो व उसके खर्चा देने की बात कही। आरोपी से महिला ने जब खर्चा मांगा तो आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस टीम एएसआई सोनिका, एएसआई रमेश मुख्य सिपाही अजय ने गिरफ्तारी के लिए आरोपी के गांव में गई जहां से पता चला की आरोपी सीआरपीएफ में नौकरी करता है।

जिसकी ड्युटी जम्मू कश्मीर में है। जहां से पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जुलाई माह में एक महिने की छुट्टी आया था जो आरोपी ने छुट्टी पीडिता के साथ में रह कर बिताई थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

न्यूज डायरी

रक्तदान करके बचाएं अमूल्य जीवन

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में छात्र, छात्राओं और अध्यापकों को विश्व रेड क्रॉस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिस की आयु 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक की है मानवता के कल्याण हेतु रक्तदान कर सकता है। आपात स्थितियों में, शल्य चिकित्सा में, दुर्घटना में अधिक रक्त बहने पर, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य कारणों से भी रक्त की आवश्यकता होती रहती है। मानव रक्त का कोई भी विकल्प नहीं है न ही रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया जा सकता है। जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो हम में से किसी को तो रक्तदान करना ही होगा अन्यथा पीड़ित अथवा रोगी का जीवन बचाना सरल नहीं होगा। उन्होंने सभी छात्र, छात्राओं और अध्यापकों से कहा कि वे सभी अपने माता, पिता, भाई, बहन, संबंधियों और मित्रों को भी रक्तदान और रक्तदान के विषय में जागरूक करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी के भी बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जा सके। जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, कक्षा बारह की छात्राओं, छात्रों तथा सभी अध्यापकों एवम प्राध्यापक जितेंद्र गोगिया ने भी रक्तदान के लाभ बता कर वर्ष में एक बार अवश्य रक्तदान करने का अनुभव करने के लिए और मानवता कल्याण के लिए प्रेरित किया।

आटों में शराब ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी तरुण की टीम ने शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भीम गांव बहरमपुर बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचन से रेड के दौराना गांव लहडोली से ऑटो में शराब ले जाते हुए काबू किया है। आरोपी से मौके पर चेक करने पर 336 देशी शराब की बोतल व 120 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब को लहडोली गांव के शराब के ठेके से 95000 रुपये में खरीद कर गांव भहवल पुर ले जा रहा था। जहा पर आरोपी पैसा कमाने के लिए फुटकर में बेच देता था। आरोपी शराब बेचने के काम को पूछले करीब 1 महिने से कर रहा है। आरोपी ऑटो चलाने का काम भी करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

आरडब्ल्यूए ने भाजपा प्रत्याशी से चाय पर की चर्चा

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-18ए द्वारा भाजपा फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर का चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आरडब्यूए के महासचिव नरेन्द्र जैन एवं समाज सेवी विकास जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन समाज एवं आरडब्ल्यूए द्वारा कृष्णपाल गुर्जर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नरेंद्र जैन ने सभी आए हुए लोगों से 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रदीप जैन, ऋषभ जैन, कृष्ण पहलवान, कुलदीप सिंघल, मनीष जैन, जतिन गर्ग, ए आर वोहरा, डॉक्टर अशोक चांदना, नंदा जैन, डॉ सुरेन्द्र दत्ता विशेष तौर पर उपस्थित थे।

नशे के इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी आमिर गांव धौज का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम सब इंस्पेक्टर सुनिल, एएसआई अमित, सिपाही अमित और सिपाही संदीप ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से अल्फला कॉलेज के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 5 इंजेक्शन बरामद हुए है। आरोपी के खिलाफ थाना धौज में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे के 20 इंजेक्शन उत्तर प्रदेश में किसी व्यक्ति से 2000 रुपये में बेचने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी 1 इंजेक्शन को 600 रुपये में बेचता था। आरोपी 15 इंजेक्शन बेच चुका है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट से जीता मैच

- इस मैच का मैन ऑफ द मैच अक्षु बाजवा को घोषित किया गया

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

बीडीएम कप सातवां ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी और हरियाणा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मे डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने हरियाणा क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 233 रन का लक्ष्य दिया । हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए जसमीत नैन ने 100 रन, विनय कुमार ने 40 रन, अभी ने 33 रन बनाए। डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कृषार्थ अवाना ने 2 विकेट, अक्षु बाजवा, कार्तिक, अभिनव रावत और विवान जिंदल ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 23.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 237 रन बनाकर जीत हासिल की। डीसी बाल भवन क्रिकेट अकादमी की ओर से अक्षु बाजवा ने 90 रन, करण गर्ग ने 44 रन, अमन ने 40 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से निर्भय डागर और शुभम तिवारी ने 2/2 विकेट, गहलोत व लव बुधवार ने 1/1 विकेट हासिल किया।

अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी की टीम ने आरोपी को देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कपिल (27) गांव दीघौट पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाख टीम मुख्य सिपाही सत्यवान, कृष्ण व सिपाही मनोज और रविन्द्र ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेलवे रोड बल्लबगढ़ से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शहर बल्लबगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में 15 मुकदमें लूट,चोरी, स्नैचिंग,अवैध हथियार, हत्या के प्रयास के पलवल में दर्ज है। आरोपी देशी कट्टे को किसी व्यक्ति से वारदात में प्रयोग करने व अपने बचाव के लिए 8000 रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

बिना आंखों के जीवन वीरान : शर्मा

- 200 लोगों ने करवाई नेत्र जांच, 20 मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चयनित

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

आंखे व्यक्ति के शरीर का सबसे कोमल अंग है बिना आंखों के जीवन सुनसान और वीरान है। इसलिए आंखों की सुरक्षा अति आवश्यक है। यह बात समाजसेवी एसडी शर्मा ने पी3वाई पीस प्रोग्रेस प्रास्पेरिटी वेल्फेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में एवं तारा नेत्रालय उदयपुर की शाखा फरीदाबाद द्वारा सैक्टर-19 स्थित परमधाम 1337 में आयोजित नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर का उदघाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुखी और गरीबों की सेवा में ही परम नारायण के दर्शन होते हैं, इसलिए हमें समाज के उस वर्ग की सेवा के लिए आगे आना चाहिए जो पैसे के अभाव में अपना पूर्ण स्वास्थ्य का इलाज नहीं करवा पाते। इस अवसर पर पीवाई की प्रेरक एवं शिक्षक भारती शर्मा ने कहा कि वेल्फेयर फाउंडेशन हमेशा गरीबों, मजबूर और मजदूरों की सेवा के लिए तत्पर रहा है। फाउंडेशन ने स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर तथा अन्य कई सामाजिक कायों का दायित्व अपने ऊपर लेते हुए लोगों की सेवा में जुटा है।

तारा नेत्रालय अस्पताल के कार्यक्रम संयोजक रामेश्वर जाट ने बताया कि इस शिविर में 200 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई तथा 20 से अधिक लोगों के मोतिया बिंद आपरेशन के लिए चयन किया गया, जिन्हें आज ही अस्पताल में भर्ती करवाया गया और पूर्ण जांच के बाद उनका निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर पी3वाई की स्वयंसेवक कृतिका शर्मा, कामना शर्मा, मुरलीधर, भीष्म शर्मा, सरोज बाला, संगीता कक्कड, और संजय ने शिविर में पूरी अहम भूमिका निभाई। वहीं तारा नेत्रालय के डाक्टर अरविंद कुमार, डा. मनीष कश्यप, सीमा अनुराग, अंजू, पूजा ने शिविर में आए लोगो क नेत्र जांच की।

कांग्रेस झूठ का नेरेटिव सैट कर जनता को भ्रमित करना चाहती है : नायब सैनी

- देश की जनता ने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने की ठान ली है : नायब सैनी

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

फरीदाबाद में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में आयोजित सभा में कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि काग्रेस झूठ का नेरेटिव सैट करके जनता को भ्रमित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस को अच्छी तरह से जान चुकी है कि कांग्रेस के समय में कैसे भ्रष्टाचार बढ़ता था और कैसे कांग्रेस की सरकारें जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रताड़ित करती थी। श्री सैनी ने कहा कि आज पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है और लोकतंत्र के इस महापर्व पर देश की जनता ने भाजपा को 400 पार करने की ठान ली है। मुख्यमंत्री ने आगे बढ़ते हुए कहा कि हरियाणा की जनता 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाने जा रही है।

रविवार को कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में आयोजित सभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस हताश हो गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के पास ना नीति है और ना ही नेतृत्व है, जबकि भाजपा के पास नीति भी है और नरेंद्र मोदी जैसा लोकप्रिय, मजबूत तथा ईमानदार नेतृत्व भी है जिसे पर देश को गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व को त्योहार की मनाएं और अपना एक-एक वोट कमल के फूल पर दें।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेरेटिव सैट कर रही है कि भाजपा और कांग्रेस में ही टक्कर है। उन्होंने कहा कि हताशा में कांग्रेस यह नहीं समझ पा रही है कि जनता कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुकी है। कांग्रेस सिर्फ अस्तित्व बचाने के लिए चुनावी मैदान में है। राहुल गांधी फिर से झूठा नारा लेकर लोगों के बीच आ रहे हैं कि गरीबी दूर करेंगे। सैनी ने कहा कि जनता जान चुकी है कि कांग्रेस की सोच गरीबी हटाने के नाम पर सत्ता हासिल करने की है। गरीबों से कांग्रेस को दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। कांग्रेस ने 55 सालों तक गरीबों को वोट बैंक समझा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने 2014 में नरेंद्र मोदी को देश की बागडौर सौंपी थी। 2014 से 2024 तक इन दस सालों में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए देश की समस्याओं का समाधान किया। देश के गौरव को पूरी दुनिया में बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। सैनी ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर को रिकार्ड मतों से जिताकर संसद भेजना है।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में सिर्फ भ्रष्टाचार होता था, जबकि मोदी सरकार में काम होता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि जनता के पास एक रुपया भेजते है और 15 पैसा पहुंचता है, 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। सैनी ने यह भाजपा की सरकार है और भाजपा की सरकार में पूरे के पूरे पैसे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई है। दस सालों की उपलब्धियां गिनवाते हुए नायब सैनी ने कहा कि हर घर नल से जल भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पहुंचाया है।

मनोहर लाल ने सीएम रहते हुए करनाल क्षेत्र के लिए नहीं किया कोई विशेष काम: दिव्यांशु

- कार्यक्रम के आयोजक पराग गाबा, पंकज गाबा और प्रवेश गाबा ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थकों के साथ बुद्धिराजा का किया जोरदार स्वागत

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. देशराज गाबा के निवास पर आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय दिया।

करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मंच से कार्यकताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के कार्यकाल को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल कोरी घोषणाओं तक सीमित रही। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ो रुपए आएं लेकिन धरातल पर उतना विकास नही दिखा। जिन उम्मीदों के साथ मनोहर लाल को यहां की जनता ने विधायक बनाया और वे दो बार मुख्यमंत्री बने, जितना प्यार जनता ने उन्हें दिया।

स्थानीय निवासियों को कभी महसूस नहीं हुआ कि वे सी.एम सिटी के वांशिदे है। मनोहर लाल ने बतौर सी.एम इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष काम किया ही नहीं। यही वजह है कि वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार होने के बावजूद जनता से सहानुभूति हासिल नहीं कर पा रहे है। आने वाला समय कांग्रेस का है ओर चुनावी फिजा बदल चुकी है। कांग्रेस भारी बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी और उनके समक्ष कोई भी प्रतिद्वंदी टिक नहीं पाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पराग गाबा, पंकज गाबा व प्रवेश गाबा ने अपने सैंकड़ो कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थकों के साथ बुद्धिराजा का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव में जी जान से लड़ेगा और बुद्धिराजा यहां से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे।

यही नहीं विधानसभा उप चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर करनाल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार त्रिलोचन सिंह, असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता, अशोक खुराना, राजकुमार वाल्मीकि, रामपाल ढीर, बी.आर मदान, पम्मा जलमाना, लवली पहलवान, शेर सिंह, हरी राम साभा, ओमप्रकाश सलूजा, पप्पू लाठर, जीत संधू, सुरेन्द्र शर्मा, सुरजीत, सागर चंदेल, मुकेश शर्मा, शिव शर्मा, बिट्टू संधू, टोनी कक्कड़, बलजीत सिंह इच्छनपुर, बिट्टू इच्छनपुर, दिलराज सिंह, चरणजीत पानीपत, राजिन्द्र रावल, अनिल, सतिन्द्र गांधी, ऊषा तुली, सत्या दुग्गल, गुरविन्द्र कौर, संतोष तेजान, सुनीता साहौता, सुमित राणा, पुनीत कुक्की, पीयूष शर्मा, मुकेश शर्मा, सपना राणा, सोनू शर्मा, पंकज कौशिक, आकाश, अमित सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

100 से अधिक पेड़ों को कील और पोस्टर से किया मुक्त

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। लक्ष्य जनहित सोसाइटी की पोस्टर फ्री ट्री मुहिम डी सी ऑफिस के सामने चलाई गई जिसके अंतर्गत 100 से अधिक पेड़ो को कील पोस्टर से मुक्त किया गया। सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बक्शी ने कहा की अपने स्वार्थ के चलते इंसान इतना गिर गया है की चंद पैसे बचाने के लिए पेड़ो में कील से पोस्टर लगा देता है। जिससे पेड़ो को दर्द के साथ साथ पोस्टर के पीछे दीमक पेड़ को नुकसान पहुंचाती है जिसके चलते पेड़ दम तोड देता है। हमारे शास्त्रों में पेड़ में जीवन होता है बताया गया है।और अभी हाल में वैज्ञानिकों ने अपनी रिसर्च में पेड़ काटने पे पेड़ करहाता है पेड़ के करहाने की आवाज भी रिकॉर्ड की।

सोसाइटी के संरक्षक निशिकांत मित्तल ने कहा की हम यदि अपने बच्चो के लिए कुछ छोड़ के जाना चाहते है तो स्वच्छ वातावरण वा स्वच्छ जल छोड़े और लोगो से आग्रह की पेड़ो का खयाल रखे इनपे कील,पिन न लगाए। आज की सेवा में दिनेश बक्शी, निशिकांत मित्तल, अमित सचदेवा, ललित सीकरी, मनोज तनेजा, सचिन धवन शामिल हुए।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान एमसीएमसी रखेगी पेड न्यूज पर नजर : डीसी

परी बजाज, करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग करेगी।

इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक दलों से प्रचार करने का आह्वान किया है।

हरियाणा कमेटी के मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

- हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, मैंबर साहिबान और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पहुंचे अंतिम अरदास में

दलबीर मलिक, देश रोजाना

कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा की अंतिम अरदास पर एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति मैंबर जत्थेदार जसगीर सिंह मांगेआना, मैंबर गुलाब सिंह मुनक, सुखसागर सिंह हिसार, बीबी राणा कौर भट्ठी, सुदर्शन सिंह गावड़ी, टीपी सिंह, मोहनजीत सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, ब्रह्म उदासीन अखाड़ा मांडी साहिब के संचालक बाबा गुरविंदर सिंह के पिता, संत बाबा महेशमुनि, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक ज्ञानी साहब सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, भाजपा नेत्री बीबी करतार कौर, हरपाल सिंह चीका सहित अन्य सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नम आंखों से दिवंगत को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार दुनियामाजरा में हुई अंतिम अरदास समागम में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व अन्य ने दिवंगत के सपुत्र राजपाल सिंह दुनियामाजरा व अन्य परिजनोंको ढांढस बंधाया।

अंतिम अरदास में दिवंगत को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जत्थेदार असंध ने कहा कि जसवंत सिंह दुनियामाजरा हरियाणा कमेटी के एक निष्ठावान मैंबर रहे हैं। उन्होंने हमेशा संस्था के हित में कदम उठाए। उनके देहांत से परिवार समेत संस्था को कभी न पूरा होने वाली क्षति हुई है। इस दौरान बीबी करतार कौर, हरपाल सिंह चीका समेत अन्य कई गणमान्यजनों ने दिवंगत को अपने श्रद्धासुमन भेंट किए।

हरियाणा में 25 मई को होगा मतदान

परी बजाज, करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं।

ग्रामीण और शहरी डिपो होल्डरों की हुई मीटिंग

यज्ञदत्त शास्त्री, देश रोजाना

पिहोवा। हल्का पिहोवा के ग्रामीण व शहरी डिपो होल्डरों की मीटिंग एक निजी संस्थान में हुई,जिसमें डिपो होल्डरों की समस्याओं पर विचार किया गया। विचार विमर्श पश्चात केंद्र पिहोवा के डिपो होल्डरों ने संयुक्त कमेटी का गठन किया, जिसमें शोभित मेहता को सर्वसम्मति से प्रधान तथा मीनाक्षी शर्मा को उपप्रधान बनाया गया। कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, दलबारा सिंह सलाहकार, रिंकू सहसचिव पद पर नियुक्त किये गए। कमेटी गठन करने पर मौजूद सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी। नवनियुक्त प्रधान शोभित मेहता ने कहा कि डिपो होल्डर कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं और जब तक इकट्ठे होकर आवाज बुलंद नहीं होगी उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कमेटी के नेतृत्व में डिपो होल्डरों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष उठाकर उनका समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मीटिंग में बताया कि काफी दिनों से ठेकेदार द्वारा डिपो होल्डरों को समय पर पूरा राशन उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है,जिसकी वजह से उन्हें उपभोक्ताओं से खरी खोटी सुननी पड़ रही है।

7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

परी बजाज, करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 99 हजार 497 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 93 हजार 707 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कापोर्रेशन द्वारा 67 हजार 422 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

शहर में जगह-जगह किया जाएगा रोड शो का स्वागत : रेणु बाला गुप्ता

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। हरियाणा के मुख्यमंत्री और करनाल विधानसभा से प्रत्याशी नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल सोमवार को करनाल जिला सचिवालय में नामांकन पत्र भरेंगे। नायब सिंह सैनी व मनोहर लाल का रोड शो सुबह नौ बजे रामलीला मैदान से शुरू होगा।

करनाल की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता ने करनाल जिला के समस्त लोगों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं से आह्वान किया कि रोड शो में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह रोड शो का स्वागत किया जाएगा। रामलीला मैदान से सुबह नौ बजे रोड शो शुरू होगा। महर्षि वाल्मीकि चौक, कर्ण गेट बाजार, भगवान महावीर चौक, नेहरू पैलेस मार्केट, कुंजपुरा रोड, भगवान परशुराम चौक, महर्षि दयानंद चौक व सेक्टर 12 से होते हुए रोड शो का समापन जिला सचिवालय के बाहर होगा। पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को विकास की सौगात दी। हरियाणा एक हरयिाणवी एक का नारा दिया। उन्होंने संत के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा की। क्राइम और क्रप्शन पर अंकुश लगाने का काम किया।

महाराणा प्रताप हम सब के आदर्श, उनका नहीं करना चाहिए अपमान : अशोक शर्मा

अशोक कुमार, देश रोजाना

करनाल। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के कुछ लोगों द्वारा जूते चप्पल पहनकर अच्छा कार्य न करने पर ब्राह्मण खाप हरियाणा उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास करती है। किसी भी समाज के किसी भी महापुरुष, आराध्यदेव की प्रतिमा को इस तरह से अपमानित नहीं करना चाहिए ताकि समाज का भाईचारा किसी भी कीमत पर खराब न हो। किसी समुदाय में आपस में मतभेद न हों।

सबको एकजुट होकर एक दूसरे समाज का मान सम्मान करना चाहिए। उनकी मान मयार्दा को भंग नहीं करना चाहिए। संस्कारों का पालन करना चाहिए ताकि समाज के अंदर किसी भी तरह की दीवार न खड़ी हो। जो उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में कुछ लोगों द्वारा ऐसा किया गया। इस अपने कृतय पर उन लोगों को माफी मांगनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी महापुरुष का अपमान न हो। ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा महाराणा प्रताप हमारे आदर्श हैं और उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का जो अपमान किया है। यह बात समाज हित में नहीं है। अशोक शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में ऐसा कोई कार्य न हो इसके लिए उन्हें प्रण लेना चाहिए।

चार दिवसीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

- कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी चित्रकारों को किया सम्मानित

दलबीर मलिक, देश रोजाना

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा महोत्सव का रविवार को विधिवत रूप से समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी चित्रकारों को सम्मानित किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया व सभी कला साधकों को समृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया की सभी कलाकार जो भारतवर्ष के कोने-कोने से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचे उन्होंने अपनी बेहतरीन कलाकृतियां दिखाई और सभी पेंटिंग प्रदर्शनी का हिस्सा बनी इस कला उत्सव के माध्यम से सभी ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने बारीकी से कला के गुर सीखने का प्रयास किया। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपनिदेशक डॉ गुरचरण सिंह व कला उत्सव के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष की संस्कृति को एक मंच पर लाना है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आने वाले समय में यह कला उत्सव बहुत बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। विख्यात कलाकार मानस रंजन ने कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा व सुनील प्रजापति ने डॉ ममता सचदेवा का चित्र सामने बैठ कर बनाया जो कि बहुत सराहनीय था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. रामविरंजन, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ पवन, डॉ. गुरुचरण सिंह, प्रोफेसर महासिंह पूनिया व ललित कला विभाग के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

जिले भर में शानदार रहा एसडीसीसै स्कूल का परीक्षा परिणाम

अशोक कुमार, करनाल। हाल ही में घोषित बारहवीं कक्षा के सत्र 2023-2024 का एस. डी. सी. सै. स्कूल का परिणाम जिले भर में शानदार रहा है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी देव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, बेहतरीन परिणामों की कड़ी में मेधावी विद्यार्थी साहिल कुमार ने 89 प्रतिशत तथा हरमन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहें हैं। विद्यालय के 22 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की है तथा 93 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहें तो वो दिन दूर नहीं जिस दिन स्कूल का नाम पूरे हरियाणा के मानचित्र पर न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, स्कूल प्रशासन की सकारात्मक सोच और प्रबंधक समिति की दुरदर्शिता को जाता है।

विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क : एसपी

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें । पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही । वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है। विदेश भेजने या वीजा लगवाने के नाम धोखाधड़ी होने पर पीड़ित इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

सनातन संस्कृति में संस्कार का है बड़ा महत्व : महंत राजेंद्र पुरी



अर्पित वधवा, थानेसर। जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने रविवार को करीब एक दर्जन गांवों में सनातन प्रचार के कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत कुरुक्षेत्र में कहा कि सत्य ही सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म ही सनातन धर्म भी सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा वह ही सनातन शाश्वत है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि सनातन संस्कृति में संस्कार का बड़ा महत्व है। इसलिए हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने सोलह संस्कार का विधान बताया है, जिसमें उपनयन संस्कार प्रमुख है। युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व धर्म से बड़ा कोई नहीं है। हमें अपने राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए अपने धर्म को भी सुरक्षित रखना होगा। आज देश में युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। जरूरत है युवाओं को बेहतर मार्ग दर्शन की। राष्ट्र व धर्म के साथ-साथ गरीबों मदद होनी चाहिए। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि अभी हाल ही में हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से भी मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी कहा है कि सनातन धर्म को मिटाने का सपना देखने वालों को यह समझना चाहिए कि हजारों वर्षों से कई बुरी शक्तियों ने सनातन को मिटाने की कौशिश की, लेकिन वह इस कौशिश में खुद ही मिट गए। इस मौके पर नरेश कुमार, हरीश चंद, राहुल राणा लुखी, मनप्रीत सिंह, गुरेन्द्र इत्यादि भी मौजूद रहे।

महफिल-ए-मामू आल्हा बख्श कव्वाली कार्यक्रम आयोजित

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। पंजाबी धर्मशाला में शनिवार रात्रि महफिल-ए-मामू आल्हा बख्श कव्वाली कार्यक्रम आयोजित हुआ। सेवादार भाग सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में गंगोह के मशहूर कव्वाल नसीर गंगोही एंड पार्टी द्वारा मामू आल्हा बख्श की शान में एक से बढ़कर एक सूफियाना कलाम पढ़ते हुए कव्वालियां पेश की। आयोजक ईश्वर सिंह जांगड़ा परिवार एवं दूर-दूर से भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। भगत मोहनलाल (गुरु जी) बिशनगढ़ वाले के सान्निध्य में भगत पन्नालाल, भगत राममूर्ति, भगत मनजीत सिंह,भगत विक्रम कबीर सिंह,भगत अजायब सिंह,सोनू भगत और ज्योति राणा गद्दी पर विराजमान हुए। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्तों से आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मामू साहब का बोलबाला हो..... के पवित्र उद्घोष से आरंभ हुई महफिल में कव्वालों ने कई यादगार कव्वालियां सुनाई जिनमें ये तेरा करम है मामू पिया, मुझे क्या से क्या बना दिया। आप रूठे तो मनाने में मजा आता है..., ऐसी पोशाक मेरे मामू ने पहनाई है..., आया जो नजर जलवा महबूब-ए-इलाही का... और दर पे मामू के मुकद्दर का कोई खेल नहीं, मेरे मामू के घर देर है अंधेर नहीं...इत्यादि कव्वालियां काफी सराही गई। श्रद्धालु रात भर मामू की महफिल में झूमते रहे। सुबह रंग की रस्म के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अगला महफिल-ए-मामू कार्यक्रम रविवार 12 मई को मुलाना (अंबाला) में होगा। इस अवसर पर बलजीत शर्मा, संजीव गर्ग, पंकज गर्ग, देवराज, अवतार सिंह ठोल, कमल बंसल, दुर्गा प्रसाद बंसल, तेजपाल, राजकुमार सैनी, मुकेश अनेजा, सतिंदर राणा गोंदर और सुनील गौरी सहित अन्य शामिल रहे।

विवाहिता से की मारपीट नौ पर मामला दर्ज

नसीम खान, देश रोजाना, तावडू। दहेज उत्पीड़न मामले में एक विवाहिता की शिकायत पर सदर पुलिस ने 9 आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। गांव बेरी की रहने वाली महिला वसीमा ने बताया कि वर्ष 2022 में मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक उसकी शादी शादी मालुका के रहने वाले खालीद के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले शादी में दिए गए दान देहज से खुश नहीं थे। जो देहज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। जिन्होंने शादी के बाद से ही सभी आभूषण छीन लिए। पीड़िता वसीमा ने कहा कि बीते 11 अप्रैल को ईद के दिन सास से पहनने के लिए अपने आभूषण मांगे,लेकिन नहीं दिए। इससे गुस्साए ससुराल पक्ष ने गाली गलौज कर करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान वह चोटिल हो गई। पति ने भी साथ नहीं दिया।

कांग्रेस ने मेवात में कुछ काम नहीं किया, सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम का डर दिखाकर वोट हासिल किए हैः सीएम नायब सैनी

- जीत तो जाऊंगा, लेकिन एकबार मेवात भी जीता दें, आपके काम आऊंगा: राव इंद्रजीत

यूनुस अलवी, देश रोजाना

मेवात। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नूह पहुंचे उनके साथ केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह को जिताने की मेवातियों से अपील की। मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय मेवात में वोट लिए पर काम कुछ नहीं किया। सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम का डर दिखाया है। उन्होंने कहा मेवाती 2014 और 2024 में अंतर देखे, हमारी सरकार ने मेवात में सबका साथ-सबका विश्वास में काम किए। नरेंद्र मोदी सरकार मेवात को पिछड़ा नहीं, बल्कि विकास के रास्ते पर लाना चाहती है।

मेवात के नहरों में और घरों में पानी पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने किया। देश जानना चाहता है कि कांग्रेस ने 60 साल में क्या किया? जबकि भाजपा के संकल्प पत्र हर वर्ग के विकास की बात और योजनाएं हैं। मुझे यह बताते गर्व होता है कि नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार मेवात लगातार विकास की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में मेवात ने 48 प्रतिशत वृद्धि की। नीति आयोग की कई रैंकिंग में हम आज तीसरे नंबर पर है। 2014 से पूर्व नूंह जिले में 22 स्कूल थे, हमारी सरकार ने स्कूलों की संख्या में पांच गुणा वृद्धि करते हुए उनकी संख्या 117 की। कितनी विचित्र बात है कि इस क्षेत्र में आजादी के 70 साल में तीन सरकारी कॉलेज खुले, हमारी सरकार ने यहां तीन नये कॉलेज की स्थापना की। पहली बार हमारी सरकार ने ही मेवाती के स्वास्थ्य की चिंता की और यहां अब तक साढे चार लाख आयुष्मान कार्ड बनाए है। बीते सालों में यहां 8,000 लोगों को आयुष्मान के माध्यम से फ्री इलाज हुआ। जिससे 28 करोड़ रूपए मेवातियों के बच पाए। नायब सैनी ने कहा कि मेवात में आईएमटी रोजका मेव भाजपा सरकार ने बनाया। मेवात को रेलवे लाइन और फॉर लाइनों से जोड़ा।

जल्द मेवात में रेलवे की सिटी बजेगी: राव

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत ने अपने संबोधन में कहा कि मैं जीत तो जाऊंगा, लेकिन एक बार मेवात भी जीता दें, आपके काम आऊंगा। उन्होंने कहा 2009 में वह 80 हजार, 2014 में ढाई लाख और 2019 ने पोने लाख वोटों से जीता हूं। इस बार भी जीत रहा हूं। उन्होंने कहा आजादी के आंदोलन में मेवातियों के साथ मिलकर मेरे दादा राव तुलाराम ने बहादुर शाह जफर को दिल्ली के तख्त पर बिठाया था। दस साल के भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व विकास कार्य किए। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक लाख करोड़ रूपए खर्च किए है। बहुत जल्द मेवात में रेलवे की सिटी बजेगी। नीति आयोग ने मेवात को विशेष दर्जा देकर स्थिति सुधारने का काम किया। इस मौके पर वन मंत्री संजय सिंह, हरियाणा क बोर्ड के प्रशासन जाकर हुसैन पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल जिला प्रमुख जान मोहम्मद मेवात प्रभारी समय सिंह भाटी सहित काफी प्रमुख लोक मौजूद रहे।

चार फर्जी अध्यापक और 19 युवाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज, किया गिरफ्तार

- राष्टीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान परीक्षा केंद्र के निरीक्षण की दौरान एसडीएम ने पाया फजीर्वाड़ा
- चार फर्जी अध्यापक और 19 युवा दूसरों की जगह पेपर देते पकड़े गए

यूनुस अलवी, देश रोजाना

मेवात। नूंह जिला के पिनगवां थाने के गांव खानपुर घाटी में राष्टीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के चल रहे परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान फिरोजपुर झिरका की एसडीएम को बड़ा गोरखधंधा सामने आया है।

जहां पर चार फर्जी अध्यापक पाए गए वही 19 ऐसे छात्र छात्राएं पाई गई जो दूसरों की जगह परीक्षा दे रहे थे। एसडीएम ने सभी को पकड़कर पिनगवां पुलिस के हवाले कर दिया। वही पिनगवां पुलिस ने 4 फर्जी अध्यापक और 19 बच्चो के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

फिरोजपुर झिरका की एसडीएम चिनार चहल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि चार मई को राष्ट्रीय मुक्त विधालय शिक्षा संस्थान वार्षिक परीक्षा 2024 के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने बारे उपायुक्त महोदय, नूहं के व्हाट्सएप आदेशों की पालना में उसने उपमण्डल के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय मुक्त विधालय शिक्षा संस्थान वार्षिक परीक्षा 2024 के लिये परीक्षा केन्द्र राजकीय माध्यमिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल खानपुर घाटी में परीक्षा दे रहे छात्रों की पहचान की गई। पहचान के दौरान 19 छात्र अन्य छात्रों के स्थान पर परीक्षा देते हुये पाये गये। परीक्षा केन्द्र के अन्दर डयूटी दे रहे अध्यापको की भी पहचान की गई।

पहचान के दौरान चार अध्यापक फर्जी तरीके से डयूटी देते हुये तथा नकल करवाते हुये पाये गये। परीक्षा केन्द्र अधीक्षक कमरुदीन व अन्य स्टाफ द्वारा परीक्षार्थियों की सही प्रकार से जांच व प्रवेश पत्र का फोटो युक्त पहचान पत्र से मिलान नहीं किया गया व परीक्षार्थियों के पास मिले मोबाईल फोन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त कर्मचारियों की मिलीभगत से यह कार्य किया जा रहा है। इस सम्बंध में परीक्षा केन्द्र अधीक्षक सहित पकडे गये सभी अध्यापक एवं सभी फर्जी परीक्षार्थीयों के खिलाफ तुरन्त प्रभाव से कानूनी कार्यवाही की जाए।

पिनगवां थाना प्रभारी ने बताया कि खानपुर घाटी स्कूल से एक टेलीफोन प्राप्त हुआ कि रऊट साहीबा फिरोजपुर झिरका ने कक्षा दसवी का इंग्लिश व 12 वी कक्षा का समाज सास्त्र, फिजीकल, कम्पयूटर साईस का पेपर है। जो अध्यापक राजेन्द्र पुत्र अमरसिह निवासी ईमामनगर थाना नगीना, फारुख पुत्र फतेह मोहम्मद निवासी बीसरु, सकील पुत्र कमरु, अबदुल गफ्फार पुत्र हाजर खाँ निवासीयान साकरस कि एसडीएम सहीबा फिरोजपुर झिरका द्वारा पहचान कि गई वो फर्जी तरीके से परीक्षा के दौरान डियूटी देते वा नकल करवाते हुये पकड़े गए हैं।

इसके अलावा करीब 19 बच्चे जिनमे खैमचन्द पुत्र पप्पू निवासी पिनगवा, रवी पुत्र देवी सिह निवासी पिनगवा, तरुणकुमार पुत्र अभिमन्यू निवासी पिनगवा, नरेन्द्र पुत्र लालाराम निवासी पिनगवां, अंकुर पुत्र भगवानदास निवासी पिनगवा, मोईन खाँ पुत्र ताहीर निवासी पिनगवा, सहनशाह पुत्र मुबीन निवासी काठपुरी, फरान पुत्र जावेद निवासी शिकरावा, सादीक पुत्र जमालुदीन निवासी भादस, संन्दीप पुत्र महेन्द्र निवासी पिनगवा, मौसीम पुत्र रुजदार निवासी मुंढेता, मुकेश पुत्र हुकम निवासी लाहवास, आकाश पुत्र बुधराम निवासी शिकरावा, जानीसार पुत्र आबीद हुसैन निवासी शिकरावा, राकेश पुत्र हुकमचन्द निवासी लाहावास, रोहन पुत्र हुकम चन्द निवासी लाहावास, करीना पुत्री गिर्राज निवासी पिनगवा, प्रिती पुत्री धर्मवीर निवासी (खेडी) पिनगवा, बबीता पत्नी हरीओम निवासी पिनगवा को पकड़ा है जो फर्जी तरीके से दूसरों बच्चों की जगह परीक्षा दे रहे हैं।

पुलिस मौके पर पहुंची। और चार फर्जी अध्यापक और 19 बच्चो को हिरासत में ले लिया। सभी के खिलाफ धारा 419, 420 और 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाई में जुटी हुई है।

होडल संकट मोचन जनकल्याण सेवा समिति द्वारा लगाया गया बल्ड डोनेशन कैंप

हरिओम भारद्वाज, देश रोजाना

होडल। रोहता पट्टी होडल स्थित पिताम्बर चौपाल पर नवजीवन चैरिटेबल ब्लड सैंटर द्वारा आज संकट मोचन जनकल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों अमर सिंह, राज कुमार, अनिल कुमार, जयवीर सौरोत, सचिन, नरवीर, रतन सिंह, नंदलाल, देवा हुडडा व अन्य द्वारा रक्त दान किया।

नवजीवन चैरिटेबल ब्लड सेंटर संस्थापक सतीश कुमार व रक्तदान शिविर आयोजक प्रधान नरेंद्र सौरोत और नरवीर ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं होता बल्कि जरूरत मंद लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उनकी सहायता जरूर होती है। इसलिए इस तरह के शिविरों में सभी स्वस्थ व्यक्तियों को बिना डर भय के रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।

दान किए रक्त की पूर्ति 24 घंटे में हो जाती है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से पूर्व डॉक्टरों की टीम को अपनी बीमारी अथवा किसी भी प्रकार के इलाज के पूर्ण जानकारी अवश्य देनी चाहिए। रक्तदान करने से जहां ब्लड का सही सरकुलेशन बना रहता है वही जाने अनजाने में अगर हमारे शरीर में कोई बीमारी है तो उसका भी पता चल जाता है इस अवसर पर रक्त शिविर कैंप टीम की तरफ से डॉ प्रमोद सोलंकी, देवदत्त शर्मा, दिनेश कुमार, कृष्ण, गीता, नीलम, वर्षा आदि सदस्य मौजूद थे।

चीता फोर्स गौरक्षकों और पुलिस की नाकाबंदी देख गौतस्कर गौवंश सहित गाड़ी छोड़कर हुए फरार

हरिओम भारद्वाज, देश रोजाना

होडल। बीती रात रात बेढ़ा गांव की तरफ से एक वैगनआर गाड़ी में गौतस्करों द्वारा गौरक्षकों और पुलिस से अपने आप को घिरते देख गाड़ी को बीचोंबीच सड़क पर छोड़ खेतों के रास्ते भागने में सफल हो गए।

गौरक्षकों को सूचना मिली थी कि एक वैगनआर गाड़ी में गौतस्करों द्वारा गौवंश भरकर गांव बेढ़ा पट्टी की तरफ से होडल के रास्ते मेवात को जा रही है। सूचना मिलने पर चीता फोर्स होडल व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नाका बन्दी की गई। गौतस्कर गौरक्षकों व पुलिस को देख गाड़ी को पहले ही सड़क पर छोड़ कर जंगलों में अन्धेरे का फायदा उठा कर भाग गये। गाड़ी की जांच करने पर गाड़ी में 2 गौवंश मिले जिन्हें नजदीकी होडल चौबीसी गौशाला में सुरक्षित उतरवा दिया गया।

चीताफोर्स के अध्यक्ष भगतसिंह रावत ने बताया कि आजकल गौतस्कर तस्करी में बड़ी गाड़ियों ट्रक आदि का इस्तेमाल ना करके छोटी सवारी गाड़ियों का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं जैसे कि स्विफ्ट, ब्रेजा, ईको, वैगनार, सेंट्रो, स्कॉर्पियो आदि गाड़ियों का आजकल बहुत ज्यादा यूज हो रहा है। रावत ने बताया कि गौतस्करों में काननू नाम का कोई भय नहीं है।आचार संहिता लगी होने के बाद भी अवैध हथियारों को भी साथ लेकर चल रहे हैं। इस अवसर पर भगत सिंह रावत के साथ हरेन्द्र, लोकेश, जीतू, योगेश, महेश, शैलेन्द्र हिन्दू, पवन बैंसला, विष्णु, शिवा आदि मौजूद थे।

वोमेन कबड्डी टीम की दो खिलाड़ी सम्मानित

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन। जिला वुमेन कबड्डी टीम जिसने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम की हथीन शहर की निवासी दो सदस्यों को सम्मानित किया गया। नीलम शर्मा, दीक्षा राजपूत एवं उनके कोच वेदराम शर्मा का नागरिक अभिनन्दन कर सम्मानित किया गया। इसके लिए जटवाड़ा मोहल्ले में समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज पांडे, वार्ड नम्बर दस के निवर्तमान पार्षद रविन कुमार भी मौजूद रहे।

रास्ते में रोककर कार सवार पर बरसाई गोलियां

देश रोजाना ब्यूरो, पलवल



कार सवार को पुरानी रंजिश में गाड़ियां व बाइक आगे लगाकर रास्ते में रोक लिया और उस पर फायरिंग शुरू कर दी। किसी तरह से पीड़ित बचकर घर लिए भाग निकला और अपनी जान बचाई। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित का आरोप है कि यदि पुलिस पहले दी गई शिकायत पर एक्शन लेती, तो शायद इस तरह का जानलेवा हमला उस पर नहीं होता।

यह है पूरा मामला: मित्रोल गांव निवासी नरेश ने थाने में दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह देर शाम पलवल अपने गांव वापस लौट रहा था। जब वह अपने गांव में अपने घर के निकट पहुंचा तो तभी वहां पांच-छह गाड़ियों ने उसे घेर लिया। उक्त गाड़ियों में सवार लोगों की आवाज आई कि, ये ही है मारो-मारो। उक्त लोगों की आवाज सुनकर जब वह अपनी कार को लेकर घर की तरफ भागने लगा तो उसकी कार के आगे बाइक लगा दी।

बाइक पर औरंगाबाद गांव निवासी कोमल, बृजेश व हेमंत सवार थे। उसने बाइक को देखकर जैसे ही गाड़ी रोकी तो पीछे एक गाड़ी से औरंगाबाद गांव निवासी पूर्व सरपंच हरदीप, धीरज व पवन उतर कर वहां आ गए और आते ही उसे जान से मारने की नियत से सीधी गोलियां चलानी शुरू कर दी।

बाइक को छोड़कर भागे हमलावर: जिसके बाद पीड़ित गाड़ी के आगे आई बाइक में टक्कर मारकर अपनी गाड़ी को लेकर अपने घर की तरफ भाग आया। जिसके भागने के बाद आरोपी अपनी बाइक को वहीं छोड़कर हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मुंडकटी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। नरेश ने बताया कि 22 जनवरी को भी श्रीराम की रैली निकालने के दौरान भी पीड़ित पर हमला हुआ था।

जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते आरोपियों के हौंसले बुलंद हो गए और आज उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मुंडकटी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्टार प्रचारकों को भी चुनाव आचार संहिता की करनी होगी कड़ाई से पालना

देश रोजाना ब्यूरो, नूंह

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत चुनाव रैलियों के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से स्कूल व कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हरियाणा व पंजाब को छोड़कर अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से स्कूल व कॉलेजों के खेल मैदान उपयोग किया जा सकेगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इस मुद्दे पर व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रचार के दौरान उच्च मानदंडों का बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अ) के तहत भारत के नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है, परंतु आदर्श चुनाव आचार संहिता का उद्देश्य इसके विभिन्न प्रावधानों के तहत निहित है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य धार्मिक का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और न ही इनमें भाषण, पोस्टर, संगीत, चुनाव से संबंधित सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा कर्मियों के फोटो या विज्ञापनों में रक्षा कर्मियों के कार्यक्रमों के फोटो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्टार प्रचारकों द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में भी भारत निर्वाचन चुनाव आयोग ने की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों, पर्यवेक्षकों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं।

गुर्जर ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, जनहित में कोई काम नहीं किया : सुभाष चौधरी

- भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चलेंगे क्योंकि अब जनता अच्छी तरह जान चुकी है : महेन्द्र प्रताप

देश रोजाना ब्यूरो, पलवल

रविवार को पलवल में एक महापंचायत हुई। यह महापंचायत पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने बुलाई थी। इसमें लोगों से चर्चा के बाद उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह को समर्थन देने का ऐलान किया। महापंचायत में पहुंचे महेंद्र प्रताप ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अबकी बार इनकी जुमलेबाजी नहीं चलेगी, क्योंकि जनता उनका चुनाव लड़ रही है।

पलवल में हुई इस महापंचायत की अध्यक्षता पतराम चौहान मित्रोल ने की। पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, जनहित में कोई काम नहीं किया। उनसे पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता इनसे परेशान है। इसलिए उन्होंने भी कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया है। महापंचायत को जिले की विभिन्न पालों से आए पंचों ने भी संबोधित किया। कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने कहा कि आज भाजपा प्रत्याशी निराश व हताश हैं, क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह जान चुकी है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। कांग्रेस के कई नेताओं को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है, सभी एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं कोई उनसे अलग नहीं है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गुर्जर पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर कब तक वह मोदी का दिया हुआ खाते रहेंगे। कभी जनता के बीच अपने किये हुए कार्यों पर वोट मांगकर दिखाएं। पिछले 10 वर्षों में इनकी कोई भी गारंटी पास नहीं हुई है। सब फैल हैं। भाजपा के 400 पार के नारे पर उन्होंने कहा कि इस तरह के नारों से जनता को यह भ्रमित कर रहे है। बंगाल में इन्होंने 200 पार का नारा दिया, लेकिन 78 सीट ही आ पाई।

इसी तरह से हरियाणा में एक 75 पार का नारा फेल हो गया था और 40 सीट आई। अब जनता इनके 400 पार के नारे को फेल करने का पूरा मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में कांग्रेस 7 से 8 सीट जीत रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस की टिकट भले ही देरी से मिली हो लेकिन जनता उनका प्रचार खुद लंबे समय से कर रही है।

नैपकिन फैक्ट्री में भीषण आग

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

नवीन नगर चौकी इलाके में स्थित अगवानपुर में एक नैपकिन बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार को अचानक से आग लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग से भारी नुकसान का अंदेशा जताया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

जानकारी अनुसार नैपकिन फैक्ट्री थाना पल्ला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नवीन नगर चौकी के इलाके में स्थित अगवानपुर में है। इस फैक्ट्री में टिशु पेपर, नैपकिन बनाने का काम किया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक फैक्ट्री में लाखों रुपए कीमत का माल जलकर खाक हो चुका था। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

नवीन नगर चौकी इंचार्ज अमरजीत ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल की गाड़ियों को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। तीन गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी। आग लगने के कारणों के बारे में अभी पता किया जा रहा है। भारी नुकसान हुआ है।

मानेसर के आधा दर्जन गांवों में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार, ग्रामीण नहीं करेंगे मतदान

- 1128 एकड के किसानों के समर्थन में हुई महापंचायत ने लिया फैसला

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। प्रदेश सरकार की द्वारा किसानों की उपेक्षा और वायदाखिलाफी से क्षुब्ध मानेसर नगर निगम के आधा दर्जन गांवों ने लोकसभा चुनाव के पूर्ण बहिष्कार कर दिया हैं।

इसके साथ ही इन गांवों के 6 हजार से ज्यादा मतदाता अब आगामी 25 मई को होने वाले छठे चरण के चुनाव में किसी भी दल या पार्टी को वोट नहीं देंगे। रविवार को 1128 एकड के किसानों के

समर्थन में हुई महापंचायत में कुकडौला, सहरावन, नैनवाल, फाजिलवास, ग्वालियर, चांदला डूंगरवास आदि गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पंचगांव चौक स्थित धरना स्थल पहुंचे। कैलाश यादव मानेसर की अध्यक्षता में करीब तीन घंटे तक चली पंचायत में चुनाव बहिष्कार के फैसले पर सहमति बनी।

वहीं क्षेत्र के अन्य गांवों को भी इस मुहिम से जोडने और समर्थन के लिए सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस दौरान वक्ताओं ने चुनाव बहिष्कार के फैसले के लिए सरकार और नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यदि समय रहते किसानों की बात सुनकर न्याय किया होता तो आज उन्हें ये फैसला नहीं लेना पडता। वार्ता के नाम पर किसानों को केवल गुमराह किया गया।

ऐसे नेताओं और जनप्रतिनिधियों को चुनने का क्या फायदा जिनके पास आमजन की समस्याएं सुनने और जानने तक का ही समय नहीं है। इस दौरान जमीन अधिग्रहण की आड में किसानों के साथ सरकार द्वारा बार-बार किए गए षडयंत्र का भी जिक्र किया। बता दें कि चुनाव बहिष्कार के फैसले में क्षेत्र के अन्य गांवों को शामिल करने के लिए 12 मई को फिर से महापंचायत बुलाई गई है। रविवार को सम्पन्न हुई महापंचायत में राज सरपंच, चंद्रशेखर कौशिक, हेमकरण कौशिक, प्रवीण यादव, हेमचंद नंबरदार, कृष्ण फौजी, धर्म सिंह नंबरदार, उमेद मानेसर, सुनील, रामकुमार, दिनेश पंडित, समर पंडित फाजिलवास, सुरेश पंडित चांदला डूंगरवास, अशोक शर्मा कुकड़ोला, ब्रह्म अवतार शर्मा कुकड़ोला, नवल नैनवाल, रामपाल नैनवाल, सहरावन से राकेश, रामहेर, आरसी कुकडौला, चेतन, गजराज, राकेश, महावीर फाजिलवास, अजय सरपंच कुकडौला आदि सहित सैकडों की संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाजपा की जीत के लिए एनआरआई सेल ने शुरू किया डोर टू डोर अभियान

- प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत ही हमारा उद्देश्य: संदीप देशवाल

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। गुरुग्राम में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की जीत के लिए टीम एनआरआई सेल ने रविवार से डोर-टू-डोर अभियान शुरू किया। एनआरआई सेल के 200 से ज्यादा सदस्य एनआरआई सेल की टी-शर्ट पहनकर लोगों में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के लिए वोटों की अपील भी कर रहे हैं।

विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कमल का बटन दबाकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से अपील की।

हरियाणा भाजपा एनआरआई सेल (विदेश सम्पर्क विभाग) प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल की अगुवाई में पूरी एनआर सेल टीम दिन रात मेहनत कर प्रदेश की सभी 10 की 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रयासरत है। संदीप देशवाल ने गुरुग्राम संयोजक सोनू गौड़, प्रदेश सह संयोजक, संजय यादव एवं रजत भार्गव तथा महिलाओं का विशाल समर्थन व सहयोग के लिए सुमन चुघ व सोशल और आईटी हेड कोमल का तहेदिल से धन्यवाद किया। डोर-टू डोर अभियान में लोगों का भारी समर्थन एवं उनमें भारी जोश देखने को मिला।

साथ ही लोगों को सुनिश्चित किया कि एक बार फिर मोदी की सरकार बनाकर वो विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

राज बब्बर की जीत के लिए कांग्रेसी नेता हुए एकजुट: प्रदीप खटाना

हर्ष खटाना, देश रोजाना

गुरुग्राम। कांग्रेस पार्टी के गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने रविवार को कांग्रेस के छोटे कार्यकताओं से लेकर बड़े नेताओं के साथ मुलाकात की।

इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने राज बब्बर को एकजुटता का संदेश देते हुए जीत का आश्वासन दिया। यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप खटाना ने दी। प्रदीप खटाना ने कहा कि कांग्रेस के नेता रविवार को राज बब्बर के बुलावे पर सेलिब्रेशन प्वाइंट वाटिका में पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राज बब्बर, प्रदीप खटाना, सतबीर गुर्जर घाटा, महेश घोड़ारोप, पंकज डावर समेत पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक रहे नेताओं से भी मिले। राज ब्बर ने नेताओं व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की एकजुटता दिखाई दे रही है और उन्हें उम्मीद है कि क्षेत्र की जनता को कांग्रेस की नीतियों के बारे में जानकारी देकर भाजपा के कुशासन से निजात मिलेगी।

उन्होंने इस दौरान कांग्रेस नेताओं की आपसी खटास को भूलकर एकजुटता का परिचय देने का समय आ गया है। इस दौरान प्रदीप खटाना ने राज बब्बर के साथ हाथ मिलाकर सोहना विधानसभा क्षेत्र से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने मनाया स्थापना दिवस, चीन के राष्ट्रपति का फूंका पुतला

- भारत-तिब्बत सहयोग मंच देशभर में मना रहा है रजत जयंती वर्ष
- गुरुग्राम में चीन के सामान का बहिष्कार करके आग के हवाले भी किया

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, भारत की सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर देश में काम कर रहे भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से रविवार 5 मई को मंच का रजत जयंती वर्ष मनाया गया।

इस दौरान भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का पुतला फूंका गया। इसके साथ ही चीन के सामान का बहिष्कार करते हुए सामान को जलाया। पर्यावरण बचाने का संदेश देने को पौधारोपण किया। शिव चालीसा धार्मिक पुस्तकों का वितरण भी किया गया। पुतला फूंकने के दौरान काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे और चीन के खिलाफ नारेबाजी करने हुए चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका। इस अवसर पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल ने कहा कि मंच के राष्ट्रीय प्रमुख इंद्रेश कुमार, महासचिव पंकज गोयल कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, भारत की सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा के विषय पर लाखों कार्यकताओं के साथ देश-दुनिया में जनजागरण अभियान चलाए हुए हैं।

उनके मार्गदर्शन में भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने अपनी स्थापना के 25 वर्षों में देशभर में शाखाओं की शुरूआत की है। देश के लोगों को त्वांग तीर्थ यात्रा पर ले जाकर उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराया जाता है। तिब्बत की आजादी के लिए लगातार हर साल किया जाता है। तिब्बत की आजादी के लिए लड़ रहे इंद्रेश कुमार ने देश का तिब्बत के रूप में खोया गौरव लौटाने के लिए देश को भी जगाने का काम किया है।

आज देश के लोग भी इस बात के पक्ष में खड़े हैं कि हमें हमारा तिब्बत चीन से वापस लेना है। चीन ने तिब्बत के रूप में हमारी संस्कृति पर चोट की है। इसका करार जवाब भी चीन को दिया जाना है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि एक दिन तिब्बत आजाद जरूर होगी। भारत व तिब्बत माउंट कैलाश पर मिल-जुलकर खुशी मनाएंगे। उन्होंने देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे इस विषय की लड़ाई लडने के लिए, अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक धरोहर वापस पाने के लिए भारत-तिब्बत सहयोग मंच के साथ जुड़ें। अमित गोयल ने कहा कि भारत-तिब्बत सहयोग ने हमेशा अहिंसा से ही अपनी मांगों को उठाया है। उन्होंने कहा कि चीन ने तिब्बत और तिब्बतियों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया है, उसके लिए चीन पर सवालिया निशान खड़े होते हैं।

एचपीएससी उत्तीर्ण कर डीएचओ बनी प्रीति यादव का ग्रामीणों ने किया स्वागत

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला बागवानी अधिकारी बनी कांकरोला निवासी प्रीती यादव का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. विजय सिंह नंबरदार ने भी प्रीति को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि एचपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर डीएचओ नियुक्त हुई प्रीति ने न केवल अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया हैं बल्कि ग्रामीण अंचल के युवाओं को राह भी दिखाई हैं। जिसका अनुसरण करके वे सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रीति की सफलता अन्य बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगी। वहीं प्रीति के पिता दिनेश यादव ने कहा कि बेटी की सफलता ने उनके सपनों को साकार किया हैं। आज बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं हैं ये साबित करके दिखाया हैं। इस अवसर पर समाजसेवी धर्म सिंह चौहान, दिनेश यादव, निक्कू, भोम यादव, सुनील यादव, कृष्ण, रवि पहलवान, अजय यादव, दीपक, मोनू यादव, हरविंदर, राजिंदर, जयपाल, ओमप्रकाश और रोहतास आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दुनियाभर में फैले हमारे युवा वहां की खुशहाली में भागीदार : नवीन गोयल

- युवा सशक्तिकरण के लिए मेरा व कैनविन फाउंडेशन का फोकस

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने राजेंद्र पार्क में मनीष कटारिया के कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्हें कार्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल ने जनहित, समाजहित में अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या राजनीतिक क्षेत्र, व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमता से काम करना चाहिए। ईमानदारी सबसे जरूरी है। हम जिस भी काम की शुरूआत करें, उसे अंजाम तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी साथियों का आभार जताया, जो उनकी ओर से शुरू की जाने वाली हर मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने में कदम के साथ कदम मिलाकर काम करते हैं। नवीन गोयल ने युवाओं को देश का कर्णधार बताते हुए कहा कि दुनियाभर में फैले हमारे युवा वहां की खुशहाली में भागीदार है। भारतीय युवाओं के माध्यम से मेनपावर पर दुनिया इतरा रही है। हर मंच पर हमारे युवाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है। तकनीक में तो हमारे युवाओं का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा सशक्तिकरण को लेकर मेरा और कैनविन फाउंडेशन का पूरा फोकस

रहा है। आने वाले समय में हम कैनविन रोजगार सेवा केंद्र की भी शुरूआत करेंगे। जिसके तहत छह महीनों में 2000 युवाओं को नौकरी दिलवाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कैनविन फाउंडेशन ने गुरुग्राम के लोगों की सेहत ठीक करने के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास केंद्र की शुरूआत कर रखी है। अब युवाओं को लेकर भी कैनविन फाउंडेशन काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा शक्ति का हमारे देश में अधिक से अधिक उपयोग हो, यह भी जरूरी है। हमारे देश युवाओं का देश है। देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है। हमारा युवा तकनीकी रूप से पूरी तरह से सक्षम हो, यह भी जरूरी है। इसलिए कैनविन फाउंडेशन की ओर से स्किल सेंटर शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर राजेंद्र पार्क के सम्मानित उमाकांत शर्मा, कैप्टन धीर सिंह, अमन हुड्डा, यज्ञवत शर्मा, प्रदीप दहिया, उमराव ठेकेदार, हंसराज तंवर, राकेश तंवर, पद्मिनी, पुष्पा, सुषमा, सोनिया, मीरा, रजनीश राठी, हर्ष कटारिया, अमित शर्मा, शौर्य कटारिया, पंकज, सचिन शर्मा, कमलदीप भारद्वाज, दीपू जांघू, मुकुल हुड्डा, विजय गिल व अन्य युवा साथी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

जॉब के नाम पर युवक से एक लाख ठगे

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। साइबर थाना साउथ एरिया में साइबर ठगों ने ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के नाम पर एक युवक से एक लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में बादशाहपुर के गांधी नगर निवासी अविनाश ने कहा कि गत दिवस उनके वाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर था। जब उन्होंने इस नंबर पर बात की तो उन्हें टेलीग्राम एप पर एक गुप से जोड़ दिया गया। शुरूआत में उन्हें कुछ रुपये भी ट्रांसफर किए गए। लेकिन बाद में ठगों ने उनसे इंवेस्ट कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर चार बार में एक लाख रुपये जमा करा लिए। इसके बाद उसने जब भी रुपए वापिस निकालने की बात की तो उससे और रुपए इंवेस्ट करने को कहा गया। अविनाश की समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मंदिर से आ रही महिला को झांसे में लेकर जेवरात ठगे, मारपीट

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। न्यू कॉलोनी क्षेत्र के अर्जुन नगर में मंदिर से आ रही महिला को झांसे में लेकर दो युवकों ने उसके जेवरात ठग लिए। आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट भी की और उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में मदनपुरी निवासी सीता देवी ने कहा कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह साईं बाबा मंदिर में पूजा करने गई थी। वह पूजा करके करीब सवा आठ बजे मंदिर से बाहर आई तो गली में दो युवक बाइक पर सवार थे। एक युवक ने हेलमेट डाल रखा था, जबकि दूसरे ने अपना अपना चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था। एक युवक ने कुछ पूछने के बहाने महिला को पर्ची दिखाई जिसके बाद महिला उनके कहे अनुसार काम करने लगी। युवक उसे गली नंबर आठ की ओर ले गए। जहां उन्होंने महिला के एक हाथ से कंगन निकाल लिया। दूसरे हाथ से कंगन निकालने के चक्कर में उन्होंने महिला के साथ मारपीट की और उसे धक्का देकर बाइक से फरार हो गए।

मतदाताओं की सुविधा के लिए बनाया गया है वोटर इन क्यू एप

देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक प्रकार की सुविधाएं आम मतदाताओं को प्रदान की जा रही है। इनमें से एक वोटर इन क्यू ऐप है। जिसकी सहायता से वोटर घर बैठे यह देख सकता है कि वोट डालने के लिए उसका नंबर कितनी देर बाद आएगा। गुरुग्राम जिला के बादशाहपुर, पटौदी और गुडगांव विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथो पर वोटर इन क्यू ऐप की सुविधा रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव के मुताबिक 25 मई को मतदान के दिन गुडगांव के 367, पटौदी के 250 और बादशाहपुर के 455 पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लाइन को वोटर इन क्यू ऐप के जरिए देखा जा सकता है। मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपनी बारी के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए लगी लाइन को देख कर वे अपनी सुविधा के अनुसार मतदान के लिए जा सकते हैं। वोटर इन क्यू मोबाइल ऐप को भारत निर्वाचन आयोग ने प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान की हुई है। मोबाइल ऐप पर मतदाता को अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर आईडी फीड करने पर एक ओटीपी दिया जाएगा। इस ओटीपी का प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह सूचना देगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। इस मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इससे मतदाता को यह फायदा होगा कि वोट डालने के लिए उसे ज्यादा देर तक लाइन में नहीं लगना होगा। इस ऐप की बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी।

लोकसभा चुनाव में नामांकन का आज अंतिम दिन

- गुडगांव लोकसभा में 23 उम्मीदवार जमा करवा चुके हैं नामांकन-पत्र

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सोमवार 6 मई को नामांकन-पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। गुडगांव लोकसभा सीट के लिए अभी तक 23 प्रत्याशी अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया आरंभ की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सोमवार 6 मई को नामांकन-पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है। सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक डीसी ऑफिस के कोर्ट रूम में नामांकन-पत्र लिए जाएंगे। उसके बाद कोई उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकेगा। गुडगांव लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक गुडगांव लोकसभा सीट के लिए अभी तक 23 उम्मीदवारों ने अपने नोमिनेशन फाइल किए हैं और 33 सैट जमा करवाए गए हैं। इन 23 में तीन उम्मीदवारों ने कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर अपना नामांकन जमा करवाया है। सात मई को जमा हुए सभी नामांकन पत्रों की जांच और छंटनी करने का कार्य किया जाएगा। किसी नामांकन-पत्र में कोई कमी पाई गई तो उसे रद्द भी किया जा सकता है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 9 मई को नामांकन पत्र वापस लिए जाने का दिन है। इसका समय दोपहर तीन बजे तक का निर्धारित किया गया है। इसके बाद जो उम्मीदवार शेष रह जाएंगे, उनको चुनाव निशान आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 मई को गुडगांव लोकसभा सीट के सभी नौ हलकों के मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात 4 जून को वोटों की गिनती करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली से करवाया जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की ओर से पूरी निष्पक्षता बरती जा रही है।

ताइक्वांडो में वजीराबाद की सगी बहनों ने फिर जीता गोल्ड

- चैंपियन ऑफ चैंपियन प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। गुरुग्राम के वजीराबाद गांव की रहने वाले दो सगी बहनों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर गुरुग्राम व हरियाणा का नाम रोशन किया है। गीता यादव व ऋतु यादव ने इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित चैंपियन ऑफ चैंपियन सिरसा में हिस्सा लेते हुए अलग-अलग वर्ग में हिस्सा लेकर दोनों बहनों ने गोल्ड मेडल अपने नाम किए। सिरसा में 3 मई से 5 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में गीता ने फ्री स्टाइल जबकि ऋतु ने इन

डिविजवल व पेयर कैटेगिरी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। हाल ही में दोनों बहनो ने एशियन चैंपियनशिप के फाइनल ट्रायज में जीतकर अपनी जगह पक्की की थी। दोनों बहनें 14 मई से 15 मई तक वियतनाम में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में अपनी दावेदारी पेश करेंगी। तीनों सगी बहने कई बार नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर गुरुग्राम व हरियाणा का नाम रोशन कर चुकी हैं। प्रिया यादव टखने की चोट के कारण ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सकी, लेकिन प्रिया भी जल्द ही ठीक होकर वापसी करेगी।

टीपू यादव ने यूएई में लहराया तिरंगा, ब्रांज मेडल जीता

- पाकिस्तानी खिलाड़ी को 6-2 से हराकर जीता मेडल

हर्ष खटाना, देश रोजाना

गुरुग्राम। मानेसर नगर निगम के गांव कांकरौला की टीपू यादव ने यूएई में तिरंगा लहराया है। यूएई में चल रही 8वीं एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में टीपू ने देश को पहला पदक दिलाया।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन एक मात्र मेडल टीपू ने जीता। टीपू ने ब्रांज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। भारत की यह खिलाड़ी 70 किग्रा वर्ग में हिस्सा लिया और पाकिस्तान, मंगोलिया, कोरिया, यूएई, वियतनाम, कजाकिस्तान, चीन, ईरान, जापान, फिलीपिंस की खिलाड़ियों को पटकनी देकर मेडल हासिल किया।

टीपू ने बताया कि ब्रांज मेडल के लिए पाकिस्तान की खिलाड़ी के साथ मुकाबला हुआ था और पाकिस्तान की खिलाड़ी को 6-2 से हराने में कामयाब रही। टीपू सेक्टर 9 कॉलेज में एमए समाज शास्त्र प्रथम वर्ष की स्टूडेंट है। मेडल विजेता खिलाड़ी टीपू यादव गुरुग्राम के गांव कांकरौला की रहने वाली है। सेवानिवृत फौजी की बेटी ने मेडल जीतने

यूएई में जीते ब्रॉन्ज मेडल के साथ टीपू यादव।

पर कहा कि उन्हें खुशी है कि वह देश के लिए पदक जीतने में कामयाब रही है। गांव कांकरौला स्थित राव नवल सिंह कुश्ती अकादमी के संचालक तथा प्रशिक्षक अतंरराष्ट्रीय पहलवान मनीष यादव ने बताया कि चैंपियनशिप में अलग अलग देशों से 1500 के करीब खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तीन से आठ मई खेली जाने वाली चैंपियनशिप में भारत की तरफ से 40 खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है।

अभी कई खिलाड़ी पदक के लिए मुकाबला करेंगे। टीपू के पदक जीतने पर समाजसेवी डॉ. राहुल यादव ने बधाई दी। डॉ. राहुल ने कहा कि इस क्षेत्र में युवा खेलों से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन आज हमारी बहन-बेटी पदक जीकर देश का नाम रोशन कर रही है। टीपू का पदक इस क्षेत्र में बहन-बेटियों को खेलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

गांव कांकरौला के रवि यादव, अशोक यादव, डा. देवेंद्र सिंह राठौड़, ओमप्रकाश यादव, पंडित हरिओम, सुधा यादव, अभिषेक यादव, अदिति यादव, गोविंद्र यादव, एडवोकेट प्रवीण यादव, बस्ती राम यादव, धर्मवीर यादव, मनोज यादव, अजीत यादव व अन्य गांव के लोगों ने टीपू के पदक जीतने पर खुशी जताई।

केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लगाई पौने चार लाख की चपत

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। साइबर थाना मानेसर एरिया में केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर युवक को पौने चार लाख रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के वार्ड नंबर 15 निवासी हेमंत गुप्ता ने कहा कि गत दिवस उसके मोबाइल फोन पर एक लिंक आया। जिसमें क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट करने के बारे में लिखा हुआ था। उन्होंने इस लिंक पर क्लिक करने के साथ जानकारी भरी। इसके बाद उनके खाते से चार बार में तीन लाख 74 हजार रुपए निकाल लिए गए। यह राशि दो क्रेडिट कार्ड से निकाली गई।

टीम सोशल मीडिया की निगरानी पर रखें विशेष फोकस: डीसी

- किसी के पक्ष या खिलाफ में नहीं चला सकते वीडियो, भ्रामक सामग्री का नहीं कर सकते प्रसारण

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने संबंधित टीम के अधिकारियों को सोशल मीडिया की निगरानी पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्टड्ड निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा।

डीसी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों पर जिला में गठित टीम इस बारे लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देना सुनिश्चित करें। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यूट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार और पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं। निगरानी टीम को यदि ऐसे चौनल या वीडियो मिलते हैं जो किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल का समर्थन करते हो या जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दशार्ते हो या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यूट्यूब चौनल चलाने वाले के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

चुनाव के दौरान मीडिया कर्मियों को निभानी चाहिए निष्पक्ष भूमिका

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी लोगों पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार मीडिया के सभी माध्यमों में चुनाव में एक समानता होनी चाहिए। मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाली खबर, किसी के पक्ष में या किसी के खिलाफ नहीं होनी चाहिए। ऐसी खबरें छापने या चलाने से परहेज किया जाए, जो किसी धर्म, जाति या समुदाय के पक्ष एवं विपक्ष में हों। साथ ही किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसकी पुष्टि कर लेनी चाहिए। सभी उम्मीदवारों एवं पार्टियों को एक समान स्थान देना चाहिए। साथ ही चुनाव के दौरान मीडिया कर्मियों को निष्पक्ष भूमिका निभाते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन करना होगा।

सांसद बनते ही विकास होगा प्राथमिक्ता और नहीं आने दूंगा अपनी चादर पर आंच: महेन्द्र प्रताप

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र से सत्ता परिवर्तन की हुंकार भरते हुए हरियाणा में कांग्रेस की बडी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा में बनने वाली कांग्रेस सरकार में इस बार पृथला क्षेत्र का बडा महत्व दिखेगा। वह यहां फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन में पृथला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक चौधरी रघुबीर सिंह तेवतिया के संयोजन में खोले गए चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर क्षेत्र के सभी 104 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान कर भारी बहुमत से जिताने का आश्वासन दिया। इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बना दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने लोगों की भारी भीड से गदगद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया को सही मायनों में जननेता की संज्ञा देते हुए कहा कि उपस्थित जनता की मुस्कान और उत्साह बता रहा है कि है कि यहां कि जनता लोकसभा और विधानसभा दोनों में बदलाव चाहती है क्योंकि भाजपा ने फरीदाबाद लोकसभा को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया है और पृथला क्षेत्र तो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिला, युवा, कमेरे व कामगार तथा हर वर्ग अपने-आपको ठगा सा महशूस कर रहा है।

पूर्व सीएम के जन्मदिन पर फरीदाबाद की सीट उपहार में देंगे: जगदीश भाटिया

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामना देने वालों का ताता लगा हुआ है। इसी कड़ी में आज उन्हें हरियाणा प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भाटिया ने भी बधाई दी। भाटिया ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल को फरीदाबाद की सीट को 10 लाख वोटो से जिताकर गिफ्ट के रूप में देंगे।

भाटिया ने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए 9.5 साल तक हरियाणा का जमकर विकास किया है। प्रधानमंत्री मोदी के चहेते मनोहर लाल को अब करनाल लोकसभा क्षेत्र से टिकट दी गई है, जहां से वह सबसे बड़े अंतर से चुनाव जीतकर बीजेपी को अपनी सीट देंगे और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य हासिल होगा। भाटिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में पूरे प्रदेश की कायापलट कर दी है। आज हरियाणा प्रदेश में लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ दिया गया है। सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र पर चलते हुए श्री खट्टर ने हरियाणा प्रदेश को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। भाटिया ने कहा कि खट्टर ने अपने कुशल नेतृत्व में भ्रष्टाचार को समाप्त कर आम आदमी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

आज प्रदेश में नौकरियां बेची नहीं जाती बल्कि ईमानदारी और योग्यता के आधार पर मिलती हैं। भाटिया ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक विकास की हवा पहुंची है। यही वजह है कि हरियाणा में दूसरी बार मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है तथा अब तीसरी बार भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। भाटिया ने कहा कि मैं अपनी ओर से एक बार पुनः पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा को उनके जन्मदिवस पर बधाई देता हूं।

बावल में सीटू सदस्यों की बैठक, भाजपा को हराने का लिया संकल्प

कौशिक, देश रोजाना, बावल। कस्बा बावल के डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में सीटू के श्रमिक, मिड डे मील वर्कर, आशा और आंगनवाड़ी वर्कर, मजदूर और किसान सदस्यों की एक बैठक राज्य महासचिव जयभगवान की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर सीटू नेता ने कहा कि भाजपा राज में किसान, मजदूर और कर्मचारी हर वर्ग को दुख मिला, परेशानी मिली और इस वजह से इन सभी को आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी प्रमुख मांग कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की और 26 हजार रूपए मासिक वेतन देने की थी मगर सरकार ने इनको अनदेखा किया। कर्मचारी वर्ग सरकार से नाराज है। भाजपा के प्रति लोगों में भारी गुस्सा है और लोगों ने इस बार भाजपा को हराने का संकल्प ले लिया है।

शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब की शिकायत के नियंत्रक कक्ष किया गया स्थापित : डीसी

- विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर व ई-मेल आईडी पर की जा सकती है शिकायत

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के सम्बन्ध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं। शिकायतें / सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल पर दर्ज की जा सकती है। नियंत्रण कक्ष सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही / बिक्री व हरियाणा राज्य में नकली शराब की आवाजाही व बिक्री के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है। जिला में अवैध शराब की सप्लाई रोकने के लिए उठाए जा रहे हैं प्रभावी कदम रू जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला में छठे चरण में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में तीन लोगों पर 48 घंटों में कसा शिकंजा

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देश पर थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा व अपराध शाखा-दो धारूहेड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दिल्ली-जयपुर हाईवे पर मालपुरा के पास एक युवक से चाकू की नोक पर मोबाइल व नकदी लूटने के मामले में तीन आरोपियों को 48 घंटों के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया इन आरोपियों की पहचान यूपी के जिला मेरठ के गांव गेसुपुर हाल आबाद धारूहेड़ा निवासी पंकज, निशु कुमार व विक्रांत उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लुटा हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक गत दिवस यूपी के जिला उन्नाव के गांव देवरखेडा बल्लापुर हाल आबाद गांव जौनियावास निवासी सोनू कुमार ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि 2/3 मई की रात को वह गुरुग्राम से जोनियावास बस से आया था और मालपुरा पेट्रोल पम्प पर पानी पीकर दिल्ली-जयपुर हाईवे के साथ सर्विस रोड से पैदल जोनियावास की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से दो बाईक पर तिन लडके आए।

जो आरोपियों ने उसे पकड़ लिया तथा चाकू दिखाकर उसकी जेब से मोबाइल, पर्स व 4300/- रुपये लूट कर अपनी बाईक लेकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में तीनो आरोपी पंकज, निशु कुमार व विक्रांत उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। पुलिस ने इन आरोपियों को अदालत में पेश कर अग्रिम पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक गिरफ्तार

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। एंटी नारकोटिक्स सैल ने अवैध रूप से मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी गांव धामलाका निवासी संजीव उर्फ पक्कावाला के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार गत 25 अप्रैल को सूचना मिली कि गांव धामलाका निवासी यशवंत स्मैक बेचने का काम करता है और रेवाड़ी में दीपक अल्ट्रासाऊड वाली गली में बाइक पर घूमते हुए स्मैक बेच रहा है। पुलिस ने इस आरोपी को मौके से काबू कर लिया। पूछताछ में इस आरोपी की पहचान सुनिश्चित हुई और इसके कब्जे से 46 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई। इस आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और इसको गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान इस आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे नशीला पदार्थ गांव धामलाका निवासी संजीव उर्फ पक्कावाला उपलब्ध कराता है। पुलिस ने दूसरे आरोपी संजीव को भी गिरफ्तार कर लिया है।

किसान एकजुट होकर एक जगह वोट डालें: अर्शपाल

- अपने सांसद से पूछें कि आप पांच साल में कितने दिन हमारे गांव में आए
- भाकियू के किसान सदस्यों की बैठक

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। रविवार को नगर के नई अनाज मंडी स्थित किसान भवन में भारतीय किसान यूनियन चढूनी समुह के सदस्य किसानों की एक बैठक उक्त संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के पुत्र अर्शपाल की मौजूदगी में हुई। इस मौके पर किसान नेता सत्यवान समेत आधा दर्जन अन्य वक्ताओं ने अपनी बात रखी।

बैठक में किसानों से संबंधित स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, भावांतर, खराब हुई फसल का समयबद्ध मुआवजा समेत अन्य मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में अर्शपाल ने कहा कि किसानों को एकजुट होकर एक जगह वोट डालने होंगे। किसान वर्ग राजनीतिक दलों के बहकावे में नहीं आएं और अपने में से जांच परखे एक व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाए जो आपकी बात को सरकार से मनवा सके।

उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अभी तक किसानों की सभी मांगों को लागू नहीं करवा पाया। 13 माह तक लम्बा आंदोलन करने के बाद आज भी किसान और खेती से जुड़े मुददे अनसुलझे हैं। अगर हमको इनका समाधान कराना है, तो हमें वोट के बल पर एकजुट होना होगा।

उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर केवल इतना कहा कि आपकी ताकत ही इस चुनाव में उम्मीदवारों की जीत हार का फैंसला करेगी, इसलिए यह जरूरी है कि आप एकजुट होकर एक जगह मतदान करें। बैठक में दो अन्य लोगों को संगठन में नई जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में जिला प्रधान समय सिंह ने कहा कि गुरनाम सिंह चढूनी को एक दमदार और बात का धनी किसान नेता बताते हुए संगठन की मजबूती के लिए हरसंभव कदम उठाने की बात कही। उन्होंने संगठन के साथियों से उनका सहयोग देने की अपील भी की। बाद में दर्जन भर नेता एसडीएम रेवाड़ी के समक्ष अपनी लंबित मांगों के समुचित समाधान की मांग लेकर गए।

पेंशनर मिलन कार्यक्रम में दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

देश रोजाना ब्यूरो, कुंड

रविवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की डहीना शाखा के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार दुआ की अध्यक्षता में पेंशन भोगियों का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शाखा प्रबंधक रामसिंह सैनी ने पैंशनभोगियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर इन लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार दुआ ने कहा कि पेंशनभोगी बैंक की विभिन्न प्रकार जमा योजना व पैंशन लोन के अलावा सूक्ष्म लघु योजना के अंतर्गत ऋण जीएसटी लोन, मुद्रा योजना, बिजनेस लोन, आढ़तियों लोन आदि का लाभ उठा सकते। इस कार्यक्रम में उक्त बैंक के सहायक प्रबंधक हरकेश कुमार, एएफओ सतीश राठौड़, नरेश, बीसी कुलदीप भी शामिल हुए। बता दें कि उक्त बैंक शाखा से करीब 800 पैंशन धारक जुड़े हुए हैं।

दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया आयोजन

देश रोजाना ब्यूरो, धारूहेड़ा

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के अर्थशास्त्र विभाग तथा सोसाइटी फॉर पाथ वेस टू ससटेनेबिलिटी के सयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी हाइब्रिड तरीके से आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ आईजीयू के कुलपति के व्याख्यान भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों की आवश्यकता एवं महत्व समझाया।

कृषि पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम सब ऑर्गेनिक कृषि को अपनाए ताकि हम पृथ्वी की रक्षा कर सकें। संगोष्ठी में बरगंडी स्कूल ऑफ बिजनस फ्रांस से पधारे प्रोफेसर अरविन्द आस्था ने बड़े ही रोचक तरीके से अर्थशास्त्र, समाज, जलवायु परिवर्तन तथा वैश्विक शांति की बात की। लोकवित्त, सामाजिक पूंजी तथा बाजार आधारित प्रोत्साहन के जुड़े हुए मुद्दों पर बात करते हुए उन्होंने मैक्रो इक्विटी और वैश्विक टकरावों को दूर करने के बड़े ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे।

कुरुक्षेत्र विश्विवद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एमरीटस तथा इस सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.आर. कुंडू ने अनियंत्रित उपभोग की बात करते हुए कहा कि बाजार आधारित प्रणाली में हमे प्रोत्साहित किया है कि हम उत्पादन व उपभोग में सलिप्त रहें जो हमारी पृथ्वी तथा पर्यावरण के लिए अच्छा नहीं है। सामाजिक धारणीयता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक तथा आर्थिक असमानता विश्व शांति के लिए खतरा है। एक वैश्विक नागरिक होते हुए हम सभी जिम्मेदारी से नीति का पालन करते हुए विश्व शांति और समृधि में सहयोग दें।

इस संगोष्ठी में विभिन्न तकनीकी सत्रों में सतत विकास के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इससे पूर्व सुबह के सत्र में सोसाइटी के सचिव और भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के कार्यरत प्रोफेसर सुरेंदर मोर ने संगोष्ठी की रुपरेखा रखी और सतत विकास लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विकास बतरा ने सभी मेहमानों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. समृधि, डॉ. देविंदर सिंह, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. विजय सिंह, डॉ. रीना हुडडा, डॉ. ईश्वर शर्मा, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. गीतिका, डॉ. स्वाति, डॉ. आशीष कुमार, सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पम्पलेट या पोस्टर पर प्रकाशक प्रकाशन करवाने वाले का नाम होना जरूरी: राहुल

धनेश विद्यार्थी,देश रोजाना, रेवाड़ी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डड्डा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशन करने वाले का नाम, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई हैं, यह ब्यौरा भी प्रैस संचालकों को देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रैस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा और विषयवस्तु में कोई आपत्तिजनक शब्द तो नहीं है।

मतदान के पहले दिन प्रकाशित होने वाले प्रिंट मीडिया विज्ञापन का प्रमाणीकरण अनिवार्य: डीसी

- मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित समाचारों की एमसीएसी करेगी निगरानी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एससीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि जिला में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अनिवार्य रू से लेना होगा, अन्यथा इसको आदर्श आचार संहिता की अवहेलना माना जाएगा।

उन्होंने बताया कि टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। विज्ञापन प्रमाणित कराने के लिए विज्ञापन छपवाने और प्रसारित करने की तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी के पास निर्धारित प्रोफार्मा में जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एमसीएमसी पूरी गंभीरता से अपना कार्य कर रही है। पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में नागरिक सबसे अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। नागरिक जितना सजग होता है व लोकतंत्र उतना ही मजबूत होता है। एमसीएमसी चुनाव के दौरान ऐसे समाचारों पर पैनी नजर रखेगी, जो पेड न्यूज की श्रेणी में आते हैं।

मैचों में सट्टा लगाने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

लैपटॉप आईपैड और डेढ़ लाख की नगदी बरामद

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

बागपत में आईपीएल मैचों में सट्टा लगाने वाले गिरोह को दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से लैपटॉपए आईपैडए मोबाइल और डेढ़ लाख की नगदी बरामद हुई है।

बागपत में आईपीएल मैचों में सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से लैपटॉपए आईपैडए मोबाइल फोन और 1ण्53 लाख रुपये की नगदी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रविवार को कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आईपीएल मैचों का सीजन चल रहा है। जिसमें लाखों रुपये का सट्टा लगाया जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। जिस पर शहर में छापामारी कर अबूलेश निवासी बिलौचपुरा और हैदर निवासी पुराना कस्बा को गिरफ्तार कर लिया। जो काफी समय से आईपीएल की सट्टीबाजी की खाईबाड़ी कर रहे थे।

जिनके पास से सट्टे की खाईबाड़ी कर इकट्ठा किए गए एक लाख 53 हजार रुपये की नगदी और लैपटॉपए मोबाइल समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए। लिमिट बनाकर चलाया जा रहा खेल पुलिस की छापामारी में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि आईपीएल में रुपये लगाने वाले युवकों की लिमिट बनाई जाती है। जिसके बदले पांच से दस हजार रुपये वसूले जाते है। रुपये खत्म होने पर दोबारा लिमिट बनानी पड़ती है।

युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

देश रोजाना ब्यूरो, छपरौली। गांव में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान ग्रामीणों ने की प्रंशासा। रविवार को युवाओं ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया । लूम गांव में गलियों में पानी भर गया था जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया था । रविवार को समाजसेवी मनीष चौहान के नेतृत्व में युवा इकट्ठा हुए तथा सफाई कर्मियों की मदद से सफाई अभियान चलाया और नालियों से कीचड़ बाहर निकाला । इस कार्य में प्रशासन की तरफ से भेजे गए सफाई कर्मियों की भी मदद मिली। इस अवसर पर मनीष चौहानए दीपूए राजीवए अनिलए बिल्लूए अनस आदि उपस्थित रहे।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दी जमीन, दो गिरफ्तार

आरोपितों में एक बताता था खुद को विधायक प्रतिनिधि

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में एक अपने आपको विधायक प्रतिनिधि बताकर शहर में घुमता था। आरोपित पर इससे पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर दिया।

पुलिस फर्जी विधायक प्रतिनिधि की क्राईम कुंडली भी खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 55 बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा निवासी जगदीश सिंह नेगी पुत्र राम सिंह नेगी ने सोलानीपुरम में अनीश पुत्र हाजी यासीन, नफीस पुत्र हाजी यासीन निवासीगण कान्हापुर और क्रिस्टोफर खेम सिंह पुत्र होशियार सिंह निवासी मकान नंबर 327 सोलानी पुरम से मकान बनाने के लिए सोलानीपुरम में जमीन खरीदी थी, लेकिन आरोपितों ने जमीन को कपट पूर्वक तरीके से फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज तैयार कर तथा दस्तावेजों में जाली व फर्जी हस्ताक्षर बनाकर विक्रय अभिलेख तैयार कर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी। पीड़ित ने आरोपितों से मामले को लेकर कई बार शिकायत दर्ज कराना चाहा, लेकिन आरोपित उसे धमका कर भगाते रहे। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने कोतवाली सिविल लाईन में तहरीर देकर इंसफा की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उप निरीक्षक रंजीत खनेंडा को मामले की जांच सौंपी गई। इसमें पुलिस को आरोप सही मिले। जिसके बाद पुलिस ने अनीश पुत्र हाजी यासीन और उमेश चद उर्फ निंदर पुत्र जीवन राम निवासी फतेहपुर जट नवादा रोड थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर को फतेहपुर जाट, सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद सुबह पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर उन्हे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को न्यायायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

'नागरिकों के मर्यादित आचार विचार' विषय पर हुई चर्चा

देश रोजाना ब्यूरो, मथुरा

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के तत्वावधान में गोविंद नगर स्थित डे-केयर सेंटर पर समिति के अध्यक्ष समाजसेवी दीपक गोयल की अध्यक्षता में मासिक कार्यक्रम प्रथम शनिवार को चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में 'वरिष्ठ नागरिकों के मर्यादित आचार विचार' विषय पर चर्चा हुई। चर्चा में राधेश्याम बंसल, सुरेश चंद्र सक्सेना, सुभाष गुप्ता, रमन लाल गुप्ता, सुरेश चंद गॉड, विष्णु दयाल गुप्ता, शोभा लवानियां,उमा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये।

चर्चा विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज में नई पीढ़ी हमेशा अपने वरिष्ठों से सीखती है और प्रेरित होती है, तब ऐसे में वरिष्ठ नागरिक के रूप में बड़ों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने नित्य जीवन में आचार विचार की मयार्दा का विशेष ध्यान रखें और सजग रहें। अपने अध्यक्षीय संबोधन में दीपक गोयल ने कहा कि वरिष्ठ होना ही इस बात की जिम्मेदारी है कि नई पीढ़ी को अपने आचार विचार से रचनात्मक और प्रगतिशीलता का संदेश दें। वरिष्ठ जन की ही समाज की दिशा और दशा को तय करने में शीर्ष भूमिका होती है। चर्चा का संचालन समिति के सचिव एसएस जौहरी ने किया। कार्यक्रम में 45 सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग भी की गयी

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर आमजनों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करने हेतु जागरुक किया गया ।फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्द है।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वंतन्त्र एवं निष्पक्ष व पारदर्शी रुप से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में भारी पुलिस बल एवं पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ थाना सिरसागंज क्षेत्र में पैदल गश्त / पैदल मार्च किया गया । पैदल गश्त के दौरान महोदय द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही भयमुक्त होकर निष्पक्ष रुप से मतदान करने हेतु जागरुक किया गया । साथ ही मौजूद पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों की भी चैकिंग भी की गयी ।तत्तपश्चात महोदय द्वारा अवगत कराया गया किसी भी आमजन/संभ्रांत नागरिक को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल डायल-112/सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी ।दल गस्त के दौरान जोइन्ट मजिस्ट्रेट , अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस / प्रशासन के अधिकारीगण / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

चुनाव में राजन वर्मा, विवेक कुमार, विनीत राठी निर्वाचित

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को गुरुकुल नारसन में नगर अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर राजन वर्मा, विवेक कुमार एवं विनीत राठी को चुन लिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रमोद गोयल ने कहा कि गुरुकुल नारसन उत्तराखंड प्रदेश की सीमा से लगती हुई है।

जहां व्यापार मंडल की पहली इकाई है। इसलिए यह संगठन के लिए बेहद खुशी की बात है। जिला अध्यक्ष सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि संगठन की रीति नीति के हिसाब से यहां पर चुनाव की प्रक्रिया हुई है। बताया किं अध्यक्ष पद के लिए चार एवं महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ था। इनमें से तीन दावेदारों ने अध्यक्ष पद से अपना नाम वापस ले लिया था एवं महामंत्री पद के लिए किया गया नामांकन रद हो गया था। क्योंकि प्रत्याशी की रसीद नहीं कटी हुई थी। चुनाव अधिकारी अवनीश शर्मा एवं सह चुनाव अधिकारी अनूप राणा ने कहा कि संगठन ने हमें यह जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया था उसे पूरा करने की ईमानदारी से कोशिश की है।

उन्होने अच्छे वातावरण में सारी प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी व्यापारियों का भी धन्यवाद किया। जिला महामंत्री विभोर अग्रवाल ने कहा कि उन्हे विश्वास है कि तीनों पदाधिकारी सभी व्यापारियों के साथ मिलकर संगठन की नीति के अनुसार कार्य करेंगे और सभी व्यापारी सदस्यता अभियान में सदस्य बनने से रह गए हैं दोबारा से सदस्यता अभियान चला कर उन्हे व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराए।

गुरुकुल नारसन में पहली बार चुनाव की प्रक्रिया कराकर जिले की टीम ने इतिहास रचा है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि संगठन के साथ चलकर व्यापारियों की समस्याओं को हल किया जाएगा और संगठन को और मदद करने की पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने जिले के पदाधिकारीयो का धन्यवाद भी दिया।

निशुल्क ओर्थो कैम्प का हुआ आयोजन, मरीजों की उमड़ी भीड़

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

जैन स्थानक महावीर मार्ग बडौत में जैन केयर क्लीनिक के सौजन्य से मैक्स हॉस्पिटल पटपड गंज दिल्ली के सहयोग से एक फ्री मेगा ऑर्थोए जॉइंटस एंड स्पाइन का कैंप लगाया गया। इस कैंप में 450 से भी ज्यादा लोगों ने निशुल्क हड्डियो की जांच करवाकर कैम्प का लाभ लिया।

सभी लोगों की निशुल्क हड्डियों की जांच भी कराई गई। काफी लोगों ने कमर दर्दए घुटने का दर्दए कमर दर्दए रीड की हड्डी में ट्यूमर जैसी समस्या की जाँच करवाकर कैंप का भरपूर लाभ उठाया। मैक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर संयम जैनए डॉक्टर अमित कुमार श्रीवास्तवए डॉ भूपेंद्र प्रताप भारतीए डॉक्टर राहुल प्रभाकर ने शिविर मे अपनी सेवाओ का लाभ दिया। शिविर मे श्री एसएस जैन समाज मंडी के अध्यक्ष शिखर चंद जैनए वीरेंद्र जैनए प्रवीण जैनए आशु जैनए विनय गुप्ताए सुशील जैनए शिवम जैन एवं पूनम जैनए इंदु जैन एवं शहर समाज के अध्यक्ष घसीटूमल जैन का पूरा सहयोग रहा। कैंप के संचालक अनिल कुमार जैन उपाध्यक्ष मंडी जैन स्थानक और उनकी टीम ने बहुत अच्छे से कैम्प का संचालन किया और लोगों को फ्री में मेडिकल सेवाएं दी।

10 दिन से एसपी दफ्तर के सामने फुटपाथ पर रात गुजर रहा परिवार

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत। प्रॉपर्टी विवाद में हुई मारपीट के मामले में आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से आहत पीड़ित परिवार 10 दिन से एसपी दफ्तर के सामने फुटपाथ पर रात गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा यहां से नहीं जाएंगे। बड़ौत निवासी युवती शबनम का आरोप है कि 24 अप्रैल को उनके परिवार पर परिवार के ही कुछ सदस्य ने हमला किया था। वह स्वयंए उनकी माता.पिता व बहन घायल हो गई थी।आरोपितों ने सोने चांदी के आभूषण लूट लिए। उनके मकान पर कब्जा किया। यह घटना पुलिस के सामने हुई थी। शिकायत के बावजूद बड़ौत कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई नहीं की । पीड़ित परिवार पिछले 10 दिन से एसपी ऑफिस के बाहर डेरा डाले हुए हैं।

डेरा सच्चा सौदा आश्रम बरनावा में हुआ नामचर्चा का आयोजन

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की साध.संगत ने नामचर्चा की और भंडारा लगाया। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की परवाह किए बिना दोनों राज्यों से बड़ी तादाद में साध.संगत राम.नाम का लाभ उठाने पहुँची। नामचर्चा सत्संग के दौरान संत गुरमीत राम रहीम द्वारा 29 अप्रैल को डेरा सच्चा सौदा के रूहानी स्थापना दिवस पर भेजा गया 19वां रूहानी पत्र साध.संगत को पढ़कर सुनाया गया।

सुबह 11 बजे पवित्र नारा धन.धन सतगुरु तेरा ही आसरा के साथ समस्त साध.संगत ने संत गुरमीत राम रहीम सिंह को पवित्र भंडारे की बधाई के साथ नामचर्चा सत्संग का आगाज किया। नामचर्चा सत्संग की समाप्ति पर स्थानीय साध.संगत की ओर से क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 76 जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए गए। डेरे के मीड़िया प्रभारी रकम सिंह इंसान ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज ने 29 अप्रैल 1948 को डेरा सच्चा सौदा की स्थापना की थी और मई महीने में पहला सत्संग फरमाया था। इसलिए मई महीने को डेरा सच्चा सौदा की साध.संगत एमएसजी सत्संग भंडारे माह के रूप में मनाती है। रविवार को उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की साध.संगत ने इसे एमएसजी सत्संग व भंडारे के रूप में मनाया। डेरा सच्चा सौदा द्वारा 163 मानवता भलाई के कार्य किये जा रहे है। इन्हीं कार्यों में 37वें कार्य के रूप में शामिल पक्षियों के उद्धार की मुहिम यानी पक्षियों के लिए घरों की छतों पर दाना व पानी की व्यवस्था करने से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आमजन को गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना.पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया।

नुक्कड़ नाटक से मतदान जागरूकता का संदेश दिया

राशिद मैनिज, देश रोजाना

फिरोजाबाद। डीएवी इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इन नुक्कड़ नाटकों को देखकर लोग काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मतदान करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है जिसके माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

जिले में शत प्रतिशत मतदान करवाया जाना सुनिश्चित करने हेतु जगह-जगह पर वोट बारात,नुक्कड़ नाटक,घर-घर पीले चावल वितरण,विभिन्न प्रकार की रैलियां मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है।हिमांशु शर्मा ने बताया कि शिक्षित समाज में भी लोग शत प्रतिशत मतदान के लाभ को समझ नहीं पा रहे हैं। मतदाता जागरूकता नुक्कड नाटक से लोगों को मतदान की प्रेरणा मिलेगी।

छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बताया कि हमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए और एक अच्छी सरकार का गठन करना चाहिए। जाति,धर्म पर वोट नहीं करना चाहिए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व, एक जागरूक नागरिक होने की जिम्मेदारी और लोकतंत्र के महा उत्सव में भाग लेने के लाभों पर प्रकाश डाला। नाटक के पात्रों ने मतदाता उदासीनता, भ्रष्टाचार का नाटकीय चित्रण किया।

संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलायी

देश रोजाना ब्यूरो, बड़ौत

नगर स्थित टाऊन क्रश रैस्टोरेंट में आयोजित भारतवर्षीय स्वामीए वैष्णवए बैरागी समाज द्वारा आयोजित एकता सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए नव नियुक्त कार्यकारिणी को पगड़ी बाँधकर संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलायी गयी। बिजरौल रोड़ बड़ौत स्थित टाऊन क्रश में भारतवर्षीय स्वामीए वैष्णवए बैरागी समाज द्वारा आयोजित एकता सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए संरक्षक के रूप में रामेश्वर दयाल व चरणसिंह स्वामीए अध्यक्ष मा० भोपाल स्वामीए उपाध्यक्ष के०पी० स्वामीए महासचिव जितेन्द्र कुमार बलीए संगठन मंत्री बिजेन्द्र दीक्षित सहारनपुरए कोषाध्यक्ष सचिन स्वामीए विधिक सलाहकार रविकुमार एडवोकेटए सदस्य सोनू स्वामीए प्रदीपए सचिन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। भारतवर्षीय स्वामीए वैष्णवए बैरागी समाज की नव नियुक्त कार्यकारिणी को फूल.मालायें पहनाकर व पगड़ी बाँधकर सम्मानित किया गया तथा एकता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी रविकुमार कुमार एडवोकेट ने कहा भारतवर्षीय स्वामीए वैष्णवए बैरागी समाज राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए वैष्णव समाज के उत्थान व युवाओं के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगा। नवनियुक्त कार्यकारिणी के अध्यक्ष मा०भोपाल स्वामी ने कहा वैष्णव समाज द्वारा संगठन की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी हैए मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव के साथ निर्वाह करूँगा।

समाज में युवाओं महिलाओं की भागीदारी निश्चित करते हुए मैं समाज को समर्पित रहूँगा। ओमपाल स्वामीए सेवा राम स्वामी विपिन प्रधानए कुमारी रूद्राक्षीए रामनारायण आदि ने एकता सम्मेलन को सम्बोधित किया। भारतवर्षीय स्वामीएवैष्णवएबैरागी समाज के एकता सम्मेलन की अध्यक्षता रामेश्वर दयाल स्वामी और संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया। समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय द्वारा नव नियुक्त कार्यकारिणी को समाज व संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलायी गयी।

रोटरी आरसीसी ने किया मेधावी सुमय्या को सम्मानित

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

रोटरी आरसीसी की ओर से 12वीं में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाली रामपुर निवासी सुमय्या का रविवार को उसके घर पर जाकर सम्मान किया गया। रोटरी ने मिठाई खिलाकर छात्रा को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उधर बेटी की सफलता से सुमय्या के परिजनों के भी चेहरे खिले हैं।,

इस अवसर पर रोटरी क्लब, रुड़की के पूर्व सहायक गवर्नर रोटेरियन सुभाष सरीन ने कहा कि युवा हमारे देश कर भविष्य हैं। बिटिया सुमय्या ने 12वीं कक्षा में उच्च अंक प्राप्त करके न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। सभी नगर वासियों को ऐसे युवाओं पर गर्व है। रोटरी क्लब द्वारा हमेशा ऐसे छात्रों का प्रोत्साहन किया जाता रहा है। रोटरी आरसीसी अध्यक्षा पूजा नंदा ने कहा कि हमें गर्व है कि देश में बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति में अपनी पहचान बनाई है।

आज बिटिया सुमय्या ने 12वीं कक्षा में उच्च अंक प्राप्त करके हम सब का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव रोटेरियन वीरेंद्र जैन ने सुमय्या के उज्जवल भविष्य की कामना की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट रोटेरियन अशोक अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन, वीरेंद्र कुमार शर्मा ने भी फोन से सुमय्या को बधाई दी। कहा कि भविष्य में उसकी हर जरूरत में रोटरी क्लब उसके साथ खड़ा है। इस अवसर पर शुभकामनाएं देने वालों में समाज सेवी पंकज नन्दा, रोटेरियन गगन सरीन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी की ओर से सुमय्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कथा में पहले दिन किया भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की। अशोकनगर में पानी की टंकी के पास चल रही श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास बद्रीश महाराज ने कथा के महत्व को बताते हुए भगवान राधा, कृष्ण और सुदामा की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि श्रीमद भागवत कथा को सुनने भर से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। कलियुग में ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करने का श्रीमद भागवत ही एक रास्ता है। कलियुग में श्रीमद भागतव कथा का महत्व सबसे ज्यादा है। कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं भी भाव विभोर कर देने वाली हैं। साथ ही यह हमें धर्म का मार्ग भी दिखाती हैं। आज मनुष्य धर्म से दूर हटता जा रहा है। जिस कारण उसे विभिन्न रूपों में कष्ट झेलने पड़ रहे हैं। बताया कि मनुष्य को भगवत प्राप्ति के लिए अपने हृदय में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य धारण करना अति आवश्यक है।

पाकिस्तान-अफगान सीमा क्रॉसिंग पर सैनिकों के बीच झड़प, एक की मौत

एजेंसी, निर्मल कांत

हालांकि, अफगानिस्तान के मीडिया ने दावा किया कि चमन में अफगान-पाकिस्तान सीमा क्रॉसिंग पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर बिना उकसावे की गोलीबारी की। जिसमें चार लोगों की मौत हुई और 21 अन्य घायल हो गए। चमन में सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए थे और उन्होंने फ्रंटियर कोर की चौकियों पर हमला किया था। जिसके बाद यह झड़प हुई।

एक सूत्र ने कहा कि हिंसा सीमा के पास भड़की, जहां बड़ी संख्या में लघारी (दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी) मौलाना मोहम्मद यूसुफ के नेतृत्व में वीजा और पासपोर्ट की शुरूआत के खिलाफ लंबे समय से धरना दे रहे थे। सूत्र ने कहा, झड़प में मारे गए युवक का शव चमन के जिला मुख्यालय अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को भी इलाज के लिए उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिंसक झड़प के बाद पाक-अफगान सीमा के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। झड़प के तुरंत बाद सियासी दलों, व्यापारियों और लघारियों ने घटना के विरोध में चमन में बंद रखा। प्रदर्शनकारियों ने कोझाक दर्रे पर मुख्य क्वेटा-चमन राजमार्ग पर भी जाम लगाया।

एक अन्य सूत्र ने कहा कि वरिष्ठ सूचना अधिकारी चमन पहुंचे और स्थिति को शांत करने के लिए लिए उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत की। यह पहली बार नहीं है जब चमन सीमा के पास झड़प हुई है। यह दोनों देशों के बीच एक मुख्य क्रॉसिंग प्वाइंट है और सैकड़ों मजदूर काम के लिए दैनिक या साप्ताहिक आधार पर सीमा पार करते हैं, जबकि व्यापारिक वाहन नियमित रूप से इस मार्ग का उपयोग करते हैं।

प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले ईसी से ली अनुमति

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल ही में प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने का एलान किया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि देश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में सरकार ने प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली। बता दें, इस फैसले का सीधा असर प्याज की खेती करने वाले करोड़ों किसानों के साथ ही उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा।

एक समाचार एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्तों के तहत प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति ली है। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया था। इससे बड़ी संख्या में किसानों को मदद मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब महाराष्ट्र सहित कई प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है।

सरकार 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) के साथ ही 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया है। इस शुल्क को देखते हुए 770 डॉलर प्रति टन या 64 रुपये प्रति किलोग्राम से कम भाव पर प्याज निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का निर्णय उपभोक्ता मामलों के विभाग की सिफारिश पर लिया गया है। विभाग देश में प्याज की उपलब्धता और कीमत की स्थिति पर नजर रखता है।

पिछले साल आठ दिसंबर को केंद्र ने उत्पादन में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। पिछले चार-पांच साल के दौरान देश से सालाना 17 लाख से 25 लाख टन प्याज का निर्यात हुआ है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शनिवार को कहा कि प्रतिबंध हटने से खुदरा बाजार में कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कीमतें स्थिर रहेंगी। अगर कोई बढ़ोतरी होती है, तो यह बहुत मामूली होनी चाहिए। सरकार उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

रिजर्व बैंक ने मार्च में खरीदा पांच टन सोना

एजेंसी, नई दिल्ली। मार्च में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने करीब 5 टन सोना खरीदा। भारत ही नहीं दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीद बढ़ाई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक मार्च में तुर्किये के केंद्रीय बैंक ने सबसे ज्यादा 14 सोना खरीदा है। इसके अलावा चीन के केंद्रीय बैंक ने भी 5 टन सोना खरीदा है। अन्य बड़े खरीदारों में कजाकिस्तान और सिंगापुर हैं, जिन्होंने 4-4 टन सोना खरीदी है। इसके अलावा रूस ने भी मार्च में 3 टन सोना खरीदा है। युद्ध व वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चिता की वजह से केंद्रीय बैंकों का भरोसा सोने में बढ़ रहा है। खासतौर पर बाजार की अस्थिर और मुद्रास्फीति के दबाव को सहने के लिए स्वर्ण भंडार अहम होता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में दुनियाभर में सोने की मांग सालाना आधार पर 3 फीसदी तक बढ़ी है।

लेबर पार्टी के सादिक ने रचा इतिहास

एजेंसी, लंदन

पाकिस्तानी मूल के नेता सादिक खान ने शनिवार को इतिहास रचा है। उन्होंने लंदन के मेयर पद पर तीसरी बार जीत दर्ज की। इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सीएनएन ने यह जानकारी दी।

लेबर पार्टी के नेता खान ने 43.7 फीसदी मत हासिल कर अपनी कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी सुसैन हॉल को हराया। उन्हें 2016 के मेयर चुनाव की तुलना में 11 फीसदी अधिक मत मिले। मेयर पद के कुल 13 उम्मीदवारों में से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ रहे दिल्ली में जन्मे कारोबारी तरुण गुलाटी को कुल 24,702 वोट मिले और वह दसवें स्थान पर रहे।

चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने लंदन की जनता का आभार जताया और कहा कि वह हर लंदनवासी के लिए एक सुरक्षित हरियाली वाले शहर को बनाने में अथक प्रयास करेंगे। खाने एक्स पर लिखा, शुक्रिया लंदन। जिस शहर से मैं प्यार करता हूं उसकी सेवा करना मेरे जीवन के लिए सम्मान की बात है।

आज का दिन इतिहास बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य को आकार देने के बारे में है। मैं हर लंदनवासी के लिए एक निष्पक्ष, सुरक्षित, हरियाली वाले शहर को आकार देने के लिए अथक प्रयास करूंगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, यह कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं।

उत्तरी गाजा पर मंडरा रहा पूर्ण अकाल का खतरा

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की चेतावनी

एजेंसी, वॉशिंगटन

हमास और इस्राइल के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने संघर्ष विराम का आह्वान किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, हम निरंतर युद्ध विराम और गाजा में सुरक्षित प्रवेश के लिए निर्बाध पहुंच के लिए विभिन्न क्रॉसिंग को खोलने की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी गाजा में मदद प्रदान करने वाले कई समूहों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि गाजा पट्टी में भोजन की उपलब्धता में मामूली सुधार हुआ है। लेकिन 2.4 लाख फलस्तीनियों के घर पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी सगंठनों पर जल्दी से मदद वितरित न करने का आरोप लगाया है।

उधर, इस्राइली सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान पांच फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने उत्तरी शहर तुलकेरम के पास देर अल-घुसुन गांव में भारी सैन्य तैनाती देखी। फोटोग्राफर ने बताया कि सैनिकों ने एक इमारत को समतल करने के लिए बुलडोजर तैनात किया और मलबे में एक शव बाहर निकाला।

सिंगापुर और भारत के बीच फलते-फूलते रहेंगे संबंध

एजेंसी, सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग जल्द ही अपने पद से इस्तीफा देंगे। लूंग की जगह उप प्रधानमंत्री (डिप्टी) लॉरेंस वोंग लेंगे। इसी को लेकर सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) का कहना है कि भारत के साथ सिंगापुर के संबंध नए प्रधानमंत्री वोंग के नेतृत्व में फलते-फूलते रहेंगे। बता दें, लॉरेंस वोंग 15 मई को शपथ लेंगे। एसआईसीसीआई के अध्यक्ष नील पारेख ने शनिवार रात चैंबर के शताब्दी समारोह में कहा, 'पीएम लूंग उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग को नेतृत्व सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि सिंगापुर और भारत के बीच के संबंध आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने एसआईसीसीआई शताब्दी समारोह के मौके पर हुए रात्रिभोज में कहा, 'दोनों देशों के बीच संबंध तब और सुधर गए, जब वोंग ने भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की।

दुनिया के दिग्गज निवेशक बफे ने भारत में दिखाई दिलचस्पी

एजेंसी, वॉशिंगटन

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी कंपनी बर्कशायर भारत में अवसरों की तलाश कर रही है। इस पर बफे ने कहा कि भारत में ऐसे अवसर और क्षेत्र हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है। वॉरेन बफे ने भारत में निवेश को लेकर भी अपनी बात रखी। उनसे पूछा गया कि क्या उनकी भविष्य में भारत में भी निवेश करने की संभावना है? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में अवसरों की भरमार है। सवाल यह है कि क्या हमें उन कारोबारों या संपर्कों के बारे में जानकारी मिलने से कोई फायदा है जिससे कुछ ऐसे लेनदेन संभव हो सकें जिनमें भारत के प्रतिभागी विशेष रूप से हमारी भागीदारी चाहते हों। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि यह कुछ ऐसा है जिससे कंपनी को और अधिक ऊजार्वान बनाएगा। अब हमें दुनियाभर में जाना जाता है।हमारा जापान के साथ भी अनुभव काफी आकर्षक रहा है। इसी तरह भारत में कुछ ऐसे क्षेत्र और अवसर हो सकते हैं, जिनके बारे में जानकारी न हो।

बफे से जब पूछा गया कि उन्होंने जापान की कंपनियों में जो निवेश किया है, वे उसे अब कैसे देखते हैं? इस बारे में बफे ने कहा कि वह जापान में निवेश को लेकर संतुष्ट हैं। बफे ने पिछले साल जापान की चार कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी। इनमें मारुबेनी, मित्सुई, मित्सुबिशी और सुमितोमो प्रमुख हैं। बफे चीन की कंपनियों में भी निवेश कर चुके हैं। साल 2008 में उन्होंने चीन की ऑटोमोबाइल कंपनी बीवाईडी में निवेश किया था। बफे ने अब इस कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।

भारत में प्रवेश करने का संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि वहां मौजूद अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बर्कशायर का नया प्रबंधन भारत में निवेश पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा की देखना होगा कि आने वाले समय में कंपनी कैसा काम करती है। अच्छी बात यह है कि अब इंतजार करने के लिए ज्यादा समय नहीं है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान भारत की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

फिल्म

सामंथा रुथ प्रभु ने फिट रहने के लिए फैंस को बताए 10 फायदे

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिटनेस पर खूब ध्यान देती हैं। वह आए दिन अपने वर्कआउट की फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। मालूम हो कि सामंथा मायोसिटिस बीमारी से पीड़ित थी और अब वह अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर नजर आती हैं। हाल ही में, सामंथा रुथ प्रभु ने सोना बाथ का सेशन लिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। अपनी इंस्टा स्टोरी में उन्होंने इस सेशन की एक तस्वीर भी साझा की है। फोटो के साथ उन्होंने लिखा कि वह लगातार स्वास्थ्य लाभ के नए-नए तरीके खोज रही हैं। इसके अलावा उन्होंने इंफ्रेरेड रेडिएशन सोना बाथ के फायदे के बारे में भी बताया है।

सामंथा ने 28 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाया था। इस खास दिन पर उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'बंगाराम' का पहला पोस्टर जारी करके फैंस को तोहफा दिया था। इस पोस्टर में सामंथा का खतरनाक लुक दिखाई दिया था। वह पोस्टर में साड़ी पहने हुए और गुस्से के साथ हाथ में बंदूक लिए नजर आ रही हैं। इसमें, उनके बगल में एक उबलता हुआ प्रेशर कुकर और एक टेडी बियर भी दिखाया गया है।

विराट का हौसला बढ़ाती दिखीं अनुष्का शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री और क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा को, बेंगलुरु स्टेडियम में विराट और उनकी टीम का हौसला बढ़ाते हुए देखा गया। अभिनेत्री अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर देखी गई हैं। अभिनेत्री आरसीबी और गुजरात टाइटंस का मैच देखने चिन्नास्वामी स्टेडियम में देखने पहुंची थी।

मैच के दौरान कैमरे ने अनुष्का को स्टैंड्स में कैद किया। अनुष्का के कई तरह की प्रतिक्रिया कैमरे में दिखाई पड़ी, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। खासकर विराट के रन आउट होने से बच जाने पर, अभिनेत्री की प्रतिक्रिया को इंटरनेट पर साझा किया जा रहा है। वहीं, अभिनेत्री को विराट के लगातार छक्के लगाने पर खुशी मनाते हुए भी देखा गया। विराट के फ्लाइंग किस देने पर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने स्टैंड में खड़े होकर ताली बजाई और एक प्यारी सी मुस्कान अपने चेहरे पर बिखेरी। वहीं, अभिनेत्री विराट के आउट होने पर हैरान नजर आईं। बता दें कि बेटे अकाय के जन्म के बाद अभिनेत्री पहली बार सार्वजनिक तौर पर देखी गई हैं।

कुछ दिनों पहले उनके जन्मदिन समारोह की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। अभिनेत्री ने अपना जन्मदिन विराट और आरसीबी की टीम के साथ मनाया। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के आगामी कार्यों की बात करें तो वह बायोपिक फिल्म ह्यचकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनेत्री महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का किरदार निभाते हुए दिखेंगी। इस फिल्म से वह चार साल बाद अभिनय की दुनिया में वापसी करेंगी। इससे पहले उन्हें शाहरुख खान की फिल्म जीरो में देखा गया था।

खेल

फॉर्म में लौटे सिराज, आरसीबी की जीत में निभा रहे भूमिका

एजेंसी, नई दिल्ली।

आईपीएल 2024 सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का फॉर्म में लौटना भारत के लिए राहत की खबर है। मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने इस आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी।

सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरूआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी क्योंकि आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है।

पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण गेंद को फिर से स्विंग कराने को बताया। ग्रिफिथ ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आरसीबी की चार विकेट की जीत के बाद कहा, वह हमारे टीम का अगुआ है। वह पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए काफी मैच खेला है और काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सिर्फ उसकी अच्छी

गेंदबाजी नहीं है, यह उसकी आक्रामकता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज है, बल्लेबाजों का विकेट लेने की कोशिश करना है। हम जो करने का प्रयास कर रहे हैं, उसका यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उसका गेंद को फिर से स्विंग कराना, अच्छी गति से गेंदबाजी करना और आक्रामक होना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर भी सिराज के प्रदर्शन से खुश हुए। उन्होंने कहा कि सिराज का आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उनकी असली ताकत है। जब आप सिराज को देखते हैं तो आप जानते हैं कि वह अपनी जान लगा देगा। उस समय को याद करें जब उसके पिता का निधन हो गया था और वह ऑस्ट्रेलिया में था, लेकिन वह वापसी नहीं आया। मुझे लगता है कि उसे अहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण है।

बजरंग की उम्मीदों को लगा तगड़ा झटका

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस कारण बजरंग के पेरिस ओलंपिक में शामिल होने को लेकर तगड़ा झटका लगा है। नाडा के अनुसार, बजरंग ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सैंपल देने से मना कर दिया था जिस कारण उन पर यह कार्रवाई की गई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगर बजरंग पर से समय रहते निलंबन नहीं हटाया गया तो वह अगले महीने होने वाले चयन ट्रायल सहित किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मालूम हो कि बजरंग ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अब तक किसी भी भारतीय ने 65 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है। सुजीत कलकल नौ मई से इस्तांबुल में होने वाले विश्व क्वालीफायर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बजरंग ने सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान अपने यूरीन का सैंपल देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद नाडा ने उनसे सैंपल देने के लिए कहा था। नाडा ने इस बारे में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) को सूचित किया जिसके बाद वाडा ने नाडा को सुझाव दिया कि वे बजरंग को नोटिस भेजकर जवाब मांगे कि उन्होंने टेस्ट से इनकार क्यों किया। नाडा ने 23 अप्रैल को बजरंग को नोटिस जारी कर सात मई तक जवाब देने कहा है। बजरंग को पेरिस ओलंपिक क्वालिफायर्स के लिए आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में हार का सामना करना पड़ा था। बजरंग ने कुछ महीने पहले एक वीडियो जारी कर डोप कलेक्शन किट के एक्पायर होने का आरोप लगाया था। नाडा ने बयान में कहा, 'बजरंग को मामले की सुनवाई के दौरान अंतिम निर्णय लेने से पहले किसी प्रतियोगिता या ट्रायल में भाग लेने से अस्थायी रूप से निलंबित किया जाता है।' दिलचस्प बात यह है कि निलंबन पत्र वर्ल्ड यूनाइटेड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की भंग हो चुकी तदर्थ समिति को भेजा गया था।

कोहली के स्ट्राइक रेट वाले बयान पर फूटा गावस्कर का गुस्सा

एजेंसी, बेंगलुरु

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली को खूब खरी खोटी सुनाई है। गावस्कर ने कोहली के स्ट्राइक रेट वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी और उन्हें तथा ब्रॉडकास्टर को आड़े हाथों लिया। आरसीबी ने शनिवार को खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हराया। इस मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए गावस्कर ने कोहली के बयान पर जवाब दिया। गावस्कर ने कहा, ये सभी लोग इस बारे में बात करते हैं कि हमें बाहरी शोर की परवाह नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर आप बाहरी शोर का जवाब क्यों दे रहे हो। भले ही ज्यादा नहीं, लेकिन हमने भी थोड़ी बहुत क्रिकेट खेली है। हमारे पास कोई एजेंडा नहीं है। हम जो देखते हैं उसके बारे में बात करते हैं। हमें किसी की पसंद नापसंद के बारे में परवाह नहीं है। हम जो हो रहा है बस उस पर अपनी राय रखते हैं। उन्होंने कहा, कमेंटेटर उस वक्त सवाल उठाते हैं जब स्ट्राइक रेट 118 का होता है। मैं ज्यादा यकीन से नहीं कह सकता क्योंकि मैं ज्यादा मैच नहीं देखता इसलिए मुझे नहीं पता अन्य कमेंटेटर क्या कहते हैं। लेकिन अगर आप 118 की स्ट्राइक रेट से खेलकर आउट होते हैं और चाहते हैं कि इसके लिए आपकी सराहना की जाए तो यह अलग ही मामला है।

'भैयाजी' के टीजर ने सुखा दिया गला! खूंखार अवतार में दिखे मनोज बाजपेयी

रविवार को मनोज बाजपेयी की आगामी रिवेंज ड्रामा फिल्म भैयाजी का एक और टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर देखकर लगता है फिल्म पूरी तरह से एक्शन से भरी है। एक बार फिर मनोज तिवारी को आप एक अपराधी की भूमिका में देखेंगे। टीजर की शुरूआत ही लाशों से शुरू होती है।

टीजर में अभिनेता खतरनाक एक्शन करते हुए दिख रहे हैं। मनोज बाजपेयी की फिल्मों का इंतजार उनके प्रशंसक बेसब्री के साथ करते रहते हैं। मनोज हिंदी सिनेमा के बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही मनोज बाजपेयी के प्रशंसको की बेसब्री और बढ़ गई। टीजर की शुरूआत ही खून-खराबे, लाशों और चीख-पुकार से होती है। भैयाजी की भूमिका निभा रहे मनोज बाजपेयी बदले की आग में जलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

फिल्म का टीजर रिलीज होते ही प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, मेरे पसंदीदा अभिनेता मनोज सर, वहीं दूसरे ने टिप्पणी कर लिखा, बहुत दिनों बाद किसी फिल्म को लेकर इतना उत्साह है।

मनोज बाजपेयी की फिल्म में सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा और जोया हुसैन भी शामिल हैं। अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित यह फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मनोज की इस फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता को इससे पहले जी5 की सीरीज साइलेंस में देखा गया था।

AIS Asahi India Glass Ltd. SAINT-GOBAIN
M :7678601638
Windshield Fitment Expert
All Car Glass Repair & Replacement With Insurance & Cash Facility
(Service Available At Your Home)
शीशे ही शीशे
सभी गाड़ियों के शीशे लगाये जाते है कैश व इश्योरेंस द्वारा
SERVICE AVIAILABLE AT FARIDABAD, DELHI & NCR
e-mail : windshield.fitment.expert@gmail.com

नवरंग

अपराध से जूझती आधी आबादी, आखिर क्या है निदान?

समाज

योगेश कुमार गोयल

'एनसीआरबी' (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर ह्यएनसीआरबीह्ल के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले।

इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।

कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी होगी?

हर मौकों पर 'हा' बोलना सबसे बड़ी गलती

ना' बोलना सीख लिया तो बदल जाएगी किस्मत

रितु साहू

मुझसे 'ना' नहीं बोला जाता, मुझे किसी को भी मना करने में दिक्कत होती है। ये सिचुएशन हर किसी के साथ बनती है। ऐसा फील होता है जैसे 'न' बोलकर हमने कोई गुनाह कर दिया हो। बहुत सारे ऐसे लोग होते हैं जो अपनी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक किसी को भी ह्यनाह्ल बोलने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं। इस आदत की वजह से न सिर्फ कई बार लोग अपना नुकसान करवा लेते हैं, बल्कि तनाव भी बढ़ सकता है। इसलिए अपनी खुशियों और मजबूत रिश्ते के लिए कुछ मौकों पर इनकार करना चाहिए।

कहते हैं, बहुत ज्यादा अच्छा होना आपने लिए ही नुकसान का कारण बन जाता है। आपकी 'ना' नहीं बोलने की आदत भी इन्हीं में से एक है। जिंदगी में सफल होने के लिए आपको ये जरूर समझना चाहिए कि कब 'ना' करना है क्योंकि कुछ मौकों पर 'हां' बोलना सबसे बड़ी गलती बन जाती है। ऐसे में इन मौकों को समझते हुए 'ना' बोलना सीखें। तो चहिए बताते हैं आपको कब कहां और कैसे 'ना' बोलना चाहिए।

जब स्वाभिमान पर आंच आए

किसी भी काम को करने में अगर आप अपने स्वाभिमान से समझौता कर रहे हैं तो इस काम को बिल्कुल मना कर देना चाहिए। क्योंकि एक व्यक्ति का आत्म सम्मान उसके लिए सब कुछ होता है। इसलिए सेल्फ रिस्पेक्ट को ध्यान में रखते हुए अगर कहीं ना बोलने की जरूरत पड़े तो बेहिचक बोलना चाहिए।

जब विश्वास डगमगाए

कई बार ऐसा होता है कि जब हम अपनों की बातों में आकर उन कामों के लिए भी हां कर देते हैं जिन पर हमें खुद भरोसा नहीं है। लेकिन इसकी वजह से अपनी खुशियों और रिश्तों को बचा नहीं पाते, बल्कि उसे बबार्दी की ओर ले जाते हैं। इसलिए जब तक आपको खुद विश्वास न हो 'हां' बोलने की गलती बिल्कुल भी न करें।

रिलेशनशिप

बहुत से लोगों को किसी भी काम को मना करने में दिक्कत होती है लेकिन इस समाज में आपको नो बोलने का हुनर आना चाहिए, नहीं तो आप खुद को ठगा हुआ महसूस करेंगे। यहां तक कि लाइफ में कुछ ऐसे मौके आते हैं जहां अगर आप नो बोलने में हिचकिचाते हैं तो ये आपकी सबसे बड़ी गलतियों में से एक बन जाता है। इन मौकों को सझमकर ना बोलना सीखना जरूरी है।

रिश्ता जब टॉक्सिक हो जाए

पर्सनल जिंदगी हो या फिर प्रोफेशनल, जब रिश्ते टॉक्सिक होने लगे तो उस वक्त न कहना जरूरी होता है। हर वक्त अपनी तरफ से रिश्ते को सुधारने की बजाय उससे दूरी बना लेना बेहतर होता है। अगर सामने वाले की हर बात मन मारकर माननी पड़े तो न कह देना चाहिए। इससे भले ही कुछ वक्त आपको दुख हो, लेकिन हर रोज के स्ट्रेस से आप बच सकेंगे।

वक्त न हो, आपका नुकसान हो

बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता, इसलिए वक्त की कद्र करना चाहिए। अगर आपके पास वक्त न हो तो दूसरे के काम के लिए ह्यनाह्ल कहने में कोई बुराई नहीं है। ऐसी सिचुएशन में अगर आप न नहीं कहेंगे तो आप अपने काम को वक्त से पूरा नहीं कर पाते हैं। फिर आपका डारयेक्ट नुकसान होता है जिंदगी में दूसरों से पिछड़ जाने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सफल होने के लिए जरूरत पर 'ना' कहें।

ना कहने एक कला है...

पर्सनल-प्रोफेशनल ग्रोथ और हेल्दी रिलेशनशिप के लिए 'ना' कहने की कला सबको आना चाहिए। जिसे प्रैक्टिस के माध्यम से कोई भी शख्स खुद में विकसित कर सकता है। एक बार इस कला के विकसित होने के बाद शख्स अपनी जिंदगी में पॉजिटिव बदलाव महसूस करता है। उसके मन से दुनिया को खुश करने का दबाव हट जाता है। फिर वह अपनी मर्जी, स्वभाव और जरूरत के मुताबिक फैसले लेता है। नो कहने के लिए आप बिल्कुल भी संकोच ना करें, जब रिश्तों की बात आएं तो प्यार से समझाकर मना करें। हिम्मत जुटाकर मना कर और फिर अपने फैसले पर टिके रहें।

जिस काम से स्ट्रेस फील हो

ध्यान रहे कि मनुष्य की फिजिकल, मेंटल और इमोशनल क्षमताएं सीमित होती हैं। आप सबको खुश करने और 'हां' बोलने के चक्कर में अगर इस सीमा को क्रॉस करते हैं तो नतीजे में तनाव, बर्नआउट और हेल्थ प्रॉब्लम्स होंगी। इसलिए जिस काम को करने में आपको स्ट्रेस फील हो, उसे मना करने में ही समझदारी होगी। डर या धमकी हमारे आसपास ऐसे तमाम लोग मिल जाएंगे, जो बात-बात में अधिकार जताते हुए कहते हैं कि 'मुझे 'ना' सुनने की आदत नहीं।' ऐसे लोगों की इच्छा पूरी करते-करते कुछ लोग 'ना' कहने की कला भी भूल जाते हैं। फिर ये अधिकार डर या धमकी की तरह फील होने लगता है। इसलिए जब आपका मन नहीं है तो मना करें। ना कहने के लिए सबसे बेहतर तरीका है कि अपनी पर्सनैलिटी को स्ट्रेट फॉरवर्ड बनाएं, ताकि आपको इस सिचुएशन का सामना ही न करना पड़े।

ब्यूटी टिप्स

बस रोजाना आजमाएं कुछ घरेलू नुस्खे

गर्मियों में भी चेहरा रहेगा ग्लोइंग और निखरा

विजय तिवारी

अभी गोरा हो ही रहा था कि गर्मी आ गई, सोशल मीडिया पर आपने ये मीम काफी वायरल होते हुए देखा होगा। ये काफी हद तक सही भी है। गर्मियों में पसीना की वजह से बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं और तेज धूप का भी स्किन पर काफी प्रभाव पड़ता है, जिसकी वजह से त्वचा की रंगत गहरी होने लगती है और सनबर्न, टैनिंग, एक्ने, ऑयली या बहुत ज्यादा ड्राई स्किन, पिंपल्स जैसी समस्याएं होना शुरू हो जाती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप डेली रूटीन में कुछ बातों को ध्यान में रखें। इससे आपकी त्वचा का निखार तो बरकरार रहेगा ही, साथ में चेहरे का ग्लो भी बढ़ेगा।

गर्मियों में चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग बनाए रखना भी काफी चैलेंजिंग होता है, लेकिन अगर स्किन केयर रूटीन में कुछ छोटी बातों को ध्यान में रखा जाए तो समर्स में भी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। तो चलिए डिटेल में जानते हैं।

दिन में दो बार फेस वॉश करें

गर्मियों में त्वचा की फ्रेशनेस काफी जल्दी खो जाती है, इसलिए दिन में दो या तीन पर फेस वॉश करें, लेकिन इसके बाद स्किन को मॉइस्चराइज करना न भूलें। त्वचा को फ्रेश बनाए रखने के लिए चेहरे पर गुलाब जल का स्प्रे कर सकते हैं। इससे रंगत में भी सुधार होता है।

सनस्क्रीन को गलती से भी न करें स्किप

हर मौसम में त्वचा को यूवी किरणों से प्रोटेक्ट करने की जरूरत होती है और गर्मियों में तो खासतौर पर बाहर निकलने से करीब 20 मिनट पहले सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें। इससे आपकी त्वचा डैमेज होने से बची रहेगी। धूप में रहने से सनबर्न, टैनिंग जैसी प्रॉब्लम तो होती ही हैं, इसके अलावा आपको समय से पहले झुर्रियां आदि की समस्या हो सकती है।

गर्मियों में अक्सर लोगों को सनबर्न, टैनिंग, पिंपल्स की समस्याओं का सामना ज्यादा करना पड़ता है, लेकिन डेली स्किन केयर में अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो न सिर्फ आप इन स्किन प्रॉब्लम से बचे रहेंगे, बल्कि चेहरे की रंगत और चमक में भी आपको पॉजिटिव बदलाव दिखाई देगा।

नाइट रिपेयर क्रीम या सीरम का करें यूज

गर्मियों में नाइट स्किन केयर का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। मेकअप रिमूव करने के बाद चेहरे को फेस वॉश करें और अच्छे क्लींजर से क्लीन करें। इसके बाद चेहरे पर नाइट रिपेयर क्रीम या फिर सीरम का यूज करें। इसके 3-4 मिनट के बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करें।

हफ्ते में एक बार करें एक्सफोलिएट

त्वचा को हफ्ते में एक बार किसी अच्छे स्क्रब से एक्सफोलिएट करें। इससे त्वचा पर जमा धूल मिट्टी को गहराई से हटाने में मदद मिलती है और पोर्स क्लीन होते हैं। इसके साथ ही डेड स्किन भी हट जाती है। इससे आपकी त्वचा की डलनेस दूर करने में मदद मिलती है।

विटामिन सी से भरपूर चीजें करें डाइट में शामिल

त्वचा को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए अपनी डाइट में विटामिन से भरपूर फूड्स को शामिल करें। इससे स्किन में कोलेजन का उत्पादन बढ़ेगा और त्वचा पर ग्लो आने के साथ ही रंगत में भी सुधार होता है। इसके अलावा भरपूर मात्रा में पानी पीना चाहिए ताकि त्वचा अंदर से हाइड्रेट रहे।

ऑफिस स्टाइल को बेहतर बनाने के लिए पहनें फ्लेयर्ड पैंट

फैशन

अनन्या मिश्रा

अक्सर हम सभी ऑफिस लुक के लिए फॉर्मल पहनने की सोचते हैं। लेकिन कई बार हमें समझ नहीं आता है कि फॉर्मल के लिए किस तरह के आउटफिट हमारे ऊपर अच्छे लगेंगे। ऐसे में आप ऑफिस के लिए फ्लेयर्ड पैंट कैरी कर सकती हैं।

अक्सर हम सभी ऑफिस लुक के लिए फॉर्मल पहनने की सोचते हैं। लेकिन कई बार हमें समझ नहीं आता है कि फॉर्मल के लिए किस तरह के आउटफिट हमारे ऊपर अच्छे लगेंगे। ऐसे में फॉर्मल के लिए हम सभी सबसे पहले सूट ट्राई करते हैं। लेकिन अगर आप ऑफिस लुक के फॉर्मल आउटफिट में कुछ चेंज लाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि आप ऑफिस के लिए फ्लेयर्ड पैंट भी स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लुक भी अच्छा मिलेगा और साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका भी मिल जाएगा।

रफल स्टाइल टॉप

आप ऑफिस के लिए फ्लेयर्ड पैंट के साथ रफल टॉप कैरी कर सकती हैं। आपको अलग-अलग कलर और डिजाइन में इस तरह के टॉप मिल जाएंगे। आप इस तरह की टॉप को जैकेट और कोट के साथ भी पहन सकती हैं। इसमें आपको फॉर्मल लुक भी मिलेगा। आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए मिनमल ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। बाजार में 200 से 250 रुपये में टॉप खरीद सकती हैं।

टी शर्ट स्टाइल टॉप

आप फ्लेयर्ड पैंट के साख टी शर्ट टॉप भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के टॉप काफी अच्छे लगते हैं और इनको पहनने से फॉर्मल लुक मिलता है। ऐसे में आप जिस कलर की पैंट ले रही हैं, उसी कॉन्ट्रास्ट में टॉप खरीद लें। जिससे कि इसको पहनने पर आपको अच्छा लुक मिल सके। आप चाहें तो नेकलाइन का भी ध्यान रख सकती हैं। बाजार में इस तरह के टॉप 200-250 रुपए के बीच मिल जाएगा।

शर्ट स्टाइल टॉप के साथ पैंट

हालांकि पैंट के डिजाइन और कलर में आपको कई ऑप्शन मिल जाएंगे। इन पैंट को आप शर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। शर्ट स्टाइल टॉप ऑफिस में अच्छी लगती है, क्योंकि इसको कैरी करने पर आपको डिफरेंट लुक मिलता है। यदि आप किसी मीटिंग आदि में जा रही हैं। तो इसको कोट के साथ भी पहन सकती हैं। बता दें कि मार्केट में आपको 250-500 रुपए में इस तरह की टॉप मिल जाएंगे।